आश्विन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 08:40 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 16 अक्टूबर 2024
वर्ष 5, अंक 331, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



दुर्लभ ऑरोरा की रोशनी में जगमगाया मैक्सिको 14

परमसुंदरी में साथ दिखेगी सिद्धार्थ-जाह्नवी की जोड़ी 13

नवरात्रि के पावन महोत्सव की
एम.के. बन्धानी हींग परिवार
की ओर से
हार्दिक शुभकामनाएँ
सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते॥
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# महाराष्ट्र में 1 व झारखंड में 2 चरणों में विधानसभा चुनाव, 15 राज्यों में उपचुनाव

## मतदान के लिए तिथियां घोषित, दोनों राज्यों में मतों की गिनती 23 नवंबर को

- झारखंड में 13 और 20 को तो महाराष्ट्र में 20 नवंबर को डाले जाएंगे वोट

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। इसके तहत महाराष्ट्र में एक चरण में 20 नवंबर को जबकि झारखंड में दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा। दोनों राज्यों में मतगणना 23 नवंबर को होगी। इसी के साथ दोनों राज्यों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। निर्वाचन आयोग ने 15 राज्यों की 48 विधानसभा सीट तथा दो लोकसभा क्षेत्रों वायनाड और नांदेड़ के लिए उपचुनाव की भी घोषणा की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि महाराष्ट्र में 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी तथा नामांकन की आखिरी तिथि 29 अक्टूबर होगी। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र चार नवंबर, 2024 तक वापस लिए जा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा महाराष्ट्र में 9.63 करोड़ योग्य मतदाता हैं जबकि झारखंड में यह संख्या 2.6 करोड़ है। कुमार ने कहा कि महाराष्ट्र में कुल 1,00186 मतदान केंद्रों पर 20 नवंबर को मतदान होगा 23 नवंबर को मतगणना होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि पूर्वी भारत के जनजातीय बहुल राज्य झारखंड में दो चरणों में क्रमशः 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा।



मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार चुनाव संबंधी जानकारी देते हुए।

### एक्जिट पोल पर आत्मचिंतन जरूरी, ईवीएम पूरी तरह सुरक्षित

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने कहा है कि एक्जिट पोल पर आत्मचिंतन तथा जिम्मेदारी से काम करने की जरूरत है और ईवीएम को लेकर जो सवाल उठते हैं वे आधारहीन हैं, ईवीएम पूरी तरह से सुरक्षित है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि एक्जिट पोल का कोई मतलब नहीं है और मतगणना के दिन जो रुझान मतगणना आरंभ होने के साथ ही आने शुरू होते हैं वे एक्जिट पोल को सही ठहराने का प्रयास है। उनका कहना था कि हाल के चुनाव में जो रुझान टीवी चैनलों ने शुरु में दिये वे पूरी तरह से आधारहीन थे।

### उप्र में नौ सीटों पर होंगे विधानसभा उपचुनाव

लखनऊ। भारत निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को प्रदेश में विधानसभा की खाली चल रही 10 सीटों मे सें नौ सीटों पर उपचुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया। इसके तहत 18 अक्टूबर से नामांकन शुरू होंगे, जबकि 13 नवंबर को मतदान होगा। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव का प्रकरण हाईकोर्ट में लंबित होने के कारण इस सीट के लिए उपचुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है। घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट, मुरादाबाद की कुंदरकी, गाजियाबाद जिले की गाजियाबाद, अलीगढ़ की खैर (अजा), मैनपुरी की करहल, कानपुर की सीसामऊ, प्रयागराज की फूलपुर, अंबेडकरनगर की कटेहरी व मिर्जापुर की मझवां सीटों पर उपचुनाव कराए जाएंगे। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर ने बताया कि 18 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी। इसी दिन से नामांकन शुरू होंगे। नामांकन की अंतिम तारीख 25 अक्टूबर निर्धारित की गई है। 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

## एक नजर

### पूर्व सांसद को मिली धमकी, 10 करोड़ मांगे

अमरावती (महाराष्ट्र)। अमरावती (महाराष्ट्र)। भाजपा नेता और महाराष्ट्र की पूर्व सांसद नवनीत राणा को एक धमकी भरी चिट्ठी मिली है जिसमें 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि अमरावती की पूर्व सांसद को आमिर नामक व्यक्ति ने स्पीड पोस्ट के जरिये पत्र भेजा है। राणा के निजी सचिव विनोद गुहे ने अमरावती के राजापेठ पुलिस थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि यह पत्र 11 अक्टूबर को राणा के आवास पर एक कर्मचारी को मिला था। शिकायतकर्ता के मुताबिक पत्र भेजने वाले ने कहा कि उसने राणा की 'सुपारी' ली है और उनका यौन उत्पीड़न करने की धमकी दी।



# खाद्य-सामग्री में मानव अपशिष्ट मिलना संज्ञेय अपराध, होगी जेल

- पहचान छिपाकर अपशिष्ट व गंदी चीजों की मिलावट रोकने को शीघ्र बनेगा नया कानून
- मुख्यमंत्री ने कहा- उपभोक्ताओं में विश्वास बनाए रखने के लिए जरूरी है सख्ती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, स्ट्रीट वेंडर से जुड़ी इन गतिविधियों के संबंध में सुस्पष्ट कानून तैयार करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कारावास और अर्थदंड की सजा सुनिश्चित होनी चाहिए। ऐसे अपराध को संज्ञेय और अजमानतीय मानते हुए सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। खाद्य पदार्थों की पवित्रता सुनिश्चित करने के साथ सार्वजनिक व्यवस्था के बारे में उपभोक्ताओं में विश्वास बनाए रखने का महत्व समझते हुए कठोर कानून बनाया जाना आवश्यक है। नियम का पालन न करने वालों की जगह जेल होगी।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर एक बैठक में हाल के दिनों में घटित जूस, दाल और रोटी जैसी खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, अखाद्य अथवा गंदी चीजों की मिलावट की घटनाओं पर स्थायी रोक लगाने के लिए प्रस्तावित नए कानून पर विमर्श किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, ऐसी घटनाएं वीभत्स हैं और आम आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली हैं। यह सामाजिक सौहार्द पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। ऐसे कुत्सित प्रयास कतई स्वीकार नहीं किया जा सकते। मुख्यमंत्री के अनुसार, हर उपभोक्ता को यह अधिकार हो कि वह खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रेता तथा सेवा प्रदाताओं के बारे में आवश्यक जानकारी रख सके। इसके लिए विक्रेता द्वारा प्रतिष्ठान पर साइनबोर्ड लगाना अनिवार्य हो। खाद्य प्रतिष्ठान में काम करने वाले सभी कार्मिकों को पहचान पत्र धारण करना अनिवार्य हो। छद्म नाम रखने, गलत जानकारी देने वालों के विरुद्ध कठोरतम सजा का प्रावधान होना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि उसके प्रतिष्ठान में कोई भी खाद्य-सामग्री दूषित न हो।

### भोजन परोसते समय मास्क जरूरी

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देशित किया कि रसोईघर में भोजन पकाते समय और भोजन प्रतिष्ठान में उसे परोसते समय सिर ढकना, मास्क पहनना व दस्ताने पहनना अनिवार्य होना चाहिए। खाद्य कारोबारी को द्वारा प्रतिष्ठान में कार्यरत कार्मिकों का विवरण संबंधित को उपलब्ध कराया जाना चाहिए। यदि किसी खाद्य प्रतिष्ठान में किसी कार्मिक के घुसपैठिया अथवा अवैध विदेशी नागरिक होने की पुष्टि होती है तो इनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। कानून में इस संबंध में स्पष्ट प्रावधान किया जाए।

# भारत-कनाडा में बढ़ा विवाद, ट्रूडो के आरोप खारिज



- कनाडाई विदेश मंत्री ने कहा- भारत पर लगा सकते हैं प्रतिबंध सभी विकल्प विचाराधीन

नई दिल्ली, एजेंसी

सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मुद्दे को लेकर भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक विवाद मंगलवार को और गहरा गया जहां ओटावा ने अपने यहां गुप्त अभियान चलाने में बिश्नोई गिरोह के तार भारत सरकार के एजेंटों से जोड़ने का प्रयास किया तो वहीं नई दिल्ली ने आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

दोनों देशों में तनाव बढ़ने के बीच कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने भारत के खिलाफ पाबंदी लगाने की संभावना को खारिज नहीं किया और कहा कि सभी विकल्प विचाराधीन हैं। भारत ने कनाडा में आपराधिक गिरोहों से भारतीय एजेंटों को जोड़ने के कनाडाई अधिकारियों के प्रयासों को पुरजोर तरीके से खारिज कर दिया। ओटावा का यह दावा सच नहीं है कि उसने निज्जर मामले में नई दिल्ली के साथ साक्ष्य साझा किए थे। सूत्रों ने कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो के इन आरोपों को भी खारिज कर दिया कि भारत, कनाडा में कनाडाई नागरिकों को निशाना बनाते हुए गुप्त अभियान सहित कई गतिविधियों में संलिप्त था।

### निज्जर की हत्या के बाद संबंधों में आई खट्टास

पिछले साल सितंबर में प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा खालिस्तानी चरमपंथी निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में गंभीर तनाव पैदा हो गया था। निज्जर की पिछले साल जून में ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### बहराइच हिंसा : पीड़ित परिवार योगी से मिला

लखनऊ। बहराइच में बीते दिनों हुई घटना में मृत रामगोपाल मिश्र के परिजनों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने घटना पर शोक जताया और परिजनों को आश्वासन दिया कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपये की तुरंत आर्थिक सहायता देने के साथ आवास, शौचालय व आयुष्मान समेत सरकार की सभी योजनाओं से आच्छादित कराने के लिए भी निर्देशित किया।

# वृद्ध को सांड़ ने पटक कर मार डाला, पांच को किया घायल

- गांव में फैली दहशत, एसडीएम सीओ व वन दरोगा पहुंचे
- ग्रामीणों व वन कर्मियों की मदद से जेसीबी पर चढ़कर पकड़ा सांड़

संवाददाता, बंडा(शाहजहांपुर)

अमृत विचार: घर के बाहर आग जला रहे बुजुर्ग पर सांड़ ने हमला कर दिया और कई बार जमीन पर पटका, जिससे उनकी मौत हो गई। सांड़ ने पांच अन्य ग्रामीणों को भी घायल कर दिया। इसके बाद लोग बचने के लिए घरों में छिप गए। एसडीएम, सीओ, वन दरोगा की मौजूदगी में जेसीबी ले जाकर सांड को बमुश्किल पकड़ा गया।

बंडा के गांव पिपरा जप्ती निवासी ओमप्रकाश( 65) मंगलवार सुबह करीब पांच बजे अपने घर के बाहर तापने के लिए आग जला रहे थे। अचानक पीछे से आए सांड़ ने उन पर हमला कर दिया। कई बार उठाकर पटका। सींग उनके पेट में घुसेड़ दिए जिससे उनकी मौत हो गई।


मृतक ओमप्रकाश

इसके बाद सांड़ ने रामचंद्र (50) को गंभीर घायल कर दिया। इसी सांड़ ने सोमवार की शाम गांव के ही अशोक, सुरेंद्र, अंशुल शर्मा को घायल कर दिया था। रामचंद्र की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एसडीएम संजय पांडेय, सीओ पंकज पंत, थाना प्रभारी सोनी शुक्ला, वन दरोगा संजीव कनौजिया, बीडीओ सर्वेश कुमार के साथ पुलिस बल गांव पहुंचा था।

# बम की धमकी पर उड़ान को कनाडा की ओर मोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली से शिकागो जा रहे एअर इंडिया के एक विमान को मंगलवार को बम की धमकी के बाद कनाडा के एक हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया।

एअरलाइन ने एक बयान में कहा कि 15 अक्टूबर, 2024 को दिल्ली से शिकागो के लिए उड़ान संख्या एआई 127 ऑनलाइन पोस्ट की गई सुरक्षा धमकी के बाद एहतियात के तौर पर कनाडा के इकालुइट हवाई अड्डे पर उतरी गई है। निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार विमान और यात्रियों की फिर से जांच गई। एअर इंडिया ने यात्रा फिर से शुरू होने तक यात्रियों की सहायता के लिए हवाई अड्डे पर एजेंसियों को सक्रिय कर दिया है। अधिकारी ने बताया कि इस उड़ान में बम रखे होने की धमकी मिली थी।

### जयपुर से अयोध्या आ रहे विमान में बम की सूचना

अयोध्या: जयपुर से अयोध्या मंगलवार को आ रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान में बम की सूचना मिलने के बाद हड़कंप मच गया। विमान में 139 यात्री सवार थे। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बम स्क्वायड की टीम ने करीब ढाई घंटे तक जांच पड़ताल की। कुछ यात्रियों की तबीयत बिगड़ने की भी सूचना है। सब कुछ ठीक-ठाक मिलने के बाद यात्रियों को एयरपोर्ट से बाहर निकाला गया।

# जयशंकर से मिले शरीफ, दिया डिनर

## इस्लामाबाद पहुंचे विदेश मंत्री, नौ साल में पहली यात्रा, एससीओ बैठक में करेंगे प्रतिनिधित्व

इस्लामाबाद, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंगलवार को यहां एक दूसरे का अभिवादन किया। जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन में शामिल होने के लिए आज इस्लामाबाद पहुंचे।

शरीफ ने एससीओ के सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के सम्मान में अपने आवास पर रात्रिभोज दिया था और इसी दौरान उन्होंने और जयशंकर ने एक दूसरे का अभिवादन किया। जयशंकर और शरीफ ने गर्मजोशी से हाथ मिलाया और बहुत ही संक्षिप्त बातचीत की। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने एससीओ के सभी सदस्य देशों के प्रतिनिधिमंडलों के नेताओं का अभिवादन किया। जयशंकर का विमान स्थानीय समयानुसार अपराह्न करीब 3.30 बजे पाकिस्तान की राजधानी के बाहरी इलाके में स्थित नूर खान हवाई अड्डे पर उतरा और पाकिस्तान के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। पिछले करीब नौ साल में पहली बार भारत के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान की यात्रा की है। दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंध कश्मीर मुद्दे पर और पाकिस्तान से सीमापार आतंकवाद को लेकर तनावपूर्ण रहे हैं। विदेश मंत्री बुधवार को एससीओ के शासन प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करेंगे। उन्होंने एक्स पर लिखा एससीओ के शासन प्रमुखों की परिषद की बैठक में शामिल होने के लिए इस्लामाबाद पहुंचा हूं। हवाई अड्डे पर फूल देकर उनका स्वागत करते कुछ बच्चों और अधिकारियों की तस्वीरें साझा कीं। विदेश मंत्री के रूप में सुषमा स्वराज ने पाकिस्तान की यात्रा की थी।


इस्लामाबाद पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर का स्वागत करते पाकिस्तानी अधिकारी।

### कई देशों के प्रधानमंत्री होंगे शामिल

सम्मेलन में चीन, रूस, बेलारुस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान की ओर से उनके प्रधानमंत्री शामिल होंगे, वहीं ईरान का प्रतिनिधित्व प्रथम उप राष्ट्रपति करेंगे। फरवरी 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में भारत के युद्धक विमानों ने पाकिस्तान के बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर पर बमबारी की थी, जिसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में गंभीर तनाव आ गया था। भारत सरकार द्वारा 5 अगस्त, 2019 को जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त किए जाने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किए जाने की घोषणा के बाद दोनों देशों के संबंध और खराब हो गए।

बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली

इस धनतेरस सोना नही, भूखण्ड खरीदें!




धनतेरस एवं दिपावली के शुभ अवसर पर
रामगंगानगर आवासीय योजना एवं ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के आवासीय भूखण्ड प्राप्त करने का सुनहरा अवसर

पंजीकरण दिनांक 15.10.2024 से 27.10.2024 तक

लॉटरी दिनांक 29.10.2024(शुभ धनतेरस)

भूखण्ड का अनुमानित क्षेत्रफल (लॉटरी के समय भूखण्डों की संख्या घट-बढ़ सकती है)

| सेक्टर का नाम | क्षेत्रफल (वर्ग मी० में) | कुल रिक्त भूखण्डों की संख्या |
|---|---|---|
| ग्रेटर बरेली आवासीय योजना | 162.00 | 82 |
| | 120.00 | 19 |
| सेक्टर 1ए एवं 1बी | 112.50 | 79 |
| | 72.00 | 80 |
| सेक्टर – 1 ब्रहमपुत्र इन्क्लेव | 1000.00 | 15 |
| सेक्टर – 6 एवं से0–8 शिप्रा इन्क्लेव | 1000.00 | 8 |
| सेक्टर – 3 | 500.00 | 1 |

ONLINE APPLICATION

ऑन लाइन आवेदन, प्लाट का साइज, मूल्य एवं भुगतान विवरण वेबसाइट www.bdainfo.org से प्राप्त किया जा सकता है।

आवेदन पत्र एच.डी.एफ.सी. बैंक, सिविल लाइन्स बरेली से प्राप्त किए जा सकते हैं।

DOWNLOAD BOOKLET

विकास ज्योति प्रियदर्शिनी नगर, पीलीभीत मार्ग, बरेली

Ph.: 0581-2300081, Mob.: 9568006429 | E-mail:bdabareilly@gmail.com | blybda@nic.in | website: www.bdainfo.org

# 13 दिनों में एक और तेंदुआ की जान गई

## टीम के साथ पीटीआर की हरीपुर रेंज पहुंचे उप प्रभागीय वनाधिकारी, छानबीन की

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** पीटीआर की हरीपुर रेंज में 13 दिन के भीतर एक और तेंदुआ की मौत हो गई। सूचना मिलने पर उप प्रभागीय वनाधिकारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। तेंदुआ के शव को कब्जे में लेकर पीटीआर मुख्यालय लाया गया। वन अफसर मादा तेंदुआ की मौत के पीछे बाघिन से संघर्ष होने की संभावना जता रहे हैं। हालांकि तेंदुआ की मौत किस वजह से हुई, इसका खुलासा बुधवार को पोस्टमार्टम हो के बाद हो सकेगा।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की हरीपुर रेंज में मंगलवार सुबह वनरक्षक हर्षित कुमार टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब 10 बजे हरीपुर रेंज के कंपार्टमेंट एक में तेंदुआ का शव पड़ा दिखाई

- **बाघिन से संघर्ष में तेंदुआ की मौत होने की आशंका, मंगलवार सुबह 10 बजे मिला शव**

हरीपुर रेंज में एक मादा तेंदुआ का शव मिलने की सूचना की गई थी। मौके पर जाकर जांच पड़ताल की गई थी। घटनास्थल पर मिले साक्ष्यों के अनुसार तेंदुआ की मौत आपसी संघर्ष में होने संभावना है। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। तेंदुआ के शव का पोस्टमार्टम बुधवार को गठित टीम द्वारा किया जाएगा।
– **रमेश चौहान**, उप प्रभागीय वनाधिकारी पीलीभीत टाइगर रिजर्व

दिया। वनरक्षक ने तत्काल इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी। सूचना मिलने पर उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान टीम के साथ हरीपुर रेंज पहुंचे। उन्होंने क्षेत्रीय वनाधिकारी वीरेंद्र सिंह रावत एवं डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार आदि के साथ घटनास्थल पर जाकर छानबीन की। उन्होंने गश्त करने वाले वन कर्मियों से भी जानकारी की। तेंदुआ के शव को कब्जे में लेकर पीटीआर मुख्यालय लाया गया है। वन अफसरों के मुताबिक तेंदुआ के शव का पोस्टमार्टम बुधवार को एनटीसीए की गाइडलाइन के मुताबिक किया जाएगा। इसके बाद ही तेंदुआ की मौत की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### शिकार छीनने में चली गई मादा तेंदुआ की जान

हरीपुर रेंज में मृत मिले तेंदुआ की मौत आपसी संघर्ष में होने की आशंका जताई जा रही है। वन अफसरों का कहना है कि मादा तेंदुआ शिकार पर रही होगी। इस पर बाघिन भी आ गई। शिकार को लेकर मादा तेंदुआ और बाघिन के बीच संघर्ष हुआ। इसी में मादा तेंदुआ की जान चली गई। वन अफसरों के मुताबिक बाघिन तेंदुआ को मारने के बाद शिकार को घसीटते हुए ले गई। हालांकि घटनास्थल पर कोई अवशेष नहीं मिला है। घटना स्थल पर मिले पगमार्क से बाघिन के साथ संघर्ष होने की पुष्टि हो रही है।

### 13 दिन पहले भी हरीपुर रेज में हुई थी तेंदुआ की मौत

तीन अक्टूबर को पीटीआर की हरीपुर रेंज का स्टाफ गश्त कर रहा था। इस बीच एक तेंदुआ ने गश्त कर रहे वन वॉचर पर छलांग लगा दी थी। छलांग लगाने के बाद तेंदुआ भी एक ओर लुढ़ककर गिर गया। डिप्टी डायरेक्टर के निर्देश पर पशु चिकित्सक की टीम मौके पर पहुंची तो तेंदुआ मृत पाया गया था। अगले दिन तेंदुआ के शव का पोस्टमार्टम तीन सदस्यीय पशु चिकित्सा अधिकारियों के पैनल से कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद वन अफसरों ने तेंदुआ की मौत बाघ से हुए आपसी संघर्ष में होने का दावा किया था।

# रंजिश के चलते दो पक्ष भिड़े, दोनों तरफ से रिपोर्ट दर्ज

**दियोरियाकलां, अमृत विचारः** पुरानी रंजिश के चलते सोमवार को ग्राम बेनीपुर में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। पुलिस ने क्रॉस रिपोर्ट दर्ज की है।

एक पक्ष से नन्ही देवी पत्नी महेंद्र पाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि सोमवार को उनका पुत्र ललित मोहन बारह पत्थर चौराहे से बाइक पर घर आ रहा था। रास्ते में उसे गांव के इंद्रजीत उर्फ मुन्ना फौजी, उमेश कुमार, वीरेंद्र कुमार आदि ने रोका और मारपीट की। सिलबट्टा उठाक सिर पर वार किए। शोर सुनकर वह मौके पर पहुंचीं तो उन्हें भी पीटा। उधर, दूसरे पक्ष से सुनीता देवी पत्नी वीरेंद्र गंगवार ने रिपोर्ट दर्ज कराकर बताया कि सोमवार सुबह नौ बजे वह पति के साथ कार से दिल्ली जा रही थी। रामलीला मैदान के पास ललित, सोनू, उमेंद्र ने गाड़ी रोक ली। दंपति को बाहर निकालकर मारपीट की गई। रविवार रात भी गाली गलौज की गई थी।

# वन मिनट गेम में अंजू और लकी ड्रा में शताक्षी बंसल ने बाजी मारी


कार्यक्रम के दौरान डांडिया प्रस्तुत करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचारः** नवरात्र के उपलक्ष्य में महिला शिक्षिकाओं ने रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया। शहर के एक होटल में सोमवार देर शाम रंगारंग कार्यक्रम के साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। इनमें वन मिनट गेम में अंजू विनर रहीं। लकी ड्रा में शताक्षी बंसल एवं वर्षा सक्सेना ने बाजी मारी। हाउजी में यामिनी मिश्रा, शिवाली सक्सेना और पूनम सहगल विजेता रहीं। इस दौरान सभी ने डांडिया प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डॉ. परिणीता सिन्हा द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में पूनम सहगल एवं वर्षा सक्सेना का सहयोग रहा। कार्यक्रम में ममता गंगवार, नीरांजना शर्मा, गीता रानी, बिंदु, शिवाली, आरती प्रीति, रत्ना, सपना गोखलानी, विभा, सौम्या, प्रिया, अर्चना व मोनिका आदि शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

# सपा नेताओं ने मनाई पूर्व राष्ट्रपति डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



सपा कार्यालय पर पूर्व राष्ट्रपति की जयंती मनाते जिलाध्यक्ष व अन्य नेता।

**अमृत विचारः** नकटादाना चौराहा पर स्थित समाजवादी पार्टी पर मंगलवार को पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष की अगुवाई में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उनके जीवन और संघर्ष पर विचार व्यक्त किए गए।

जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती का दिन न केवल छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है, बल्कि उनके योगदान और जुनून का सम्मान भी करता है। विश्व छात्र दिवस शिक्षा के क्षेत्र में मिसाइल मैन ऑफ इंडिया डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की उपलब्धियों के लिए एक श्रद्धांजलि है। संयुक्त राष्ट्र ने डॉ. कलाम के जन्मदिन के सम्मान में 15 अक्टूबर को विश्व छात्र दिवस के रूप में नामित किया, जो उनकी विरासत को दर्शाता है। शिक्षा के प्रबल समर्थक डॉ. कलाम छात्रों की दुनिया में सार्थक बदलाव लाने की क्षमता में विश्वास करते थे। जबकि उन्होंने विज्ञान और प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से मिसाइल और अंतरिक्ष अनुसंधान में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनका असली जुनून युवा पीढ़ी को पढ़ाना और प्रेरित करना था। इस मौके पर जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी,अशोक शमसा,एडवोकेट अमित पाठक, अकबर अहमद अंसारी, डिंपल गौड़, कमलेश परिहार,संजय सिंह यादव, नरेश कुमार सागर आदि मौजूद रहे।

- **जिला कार्यालय पर हुआ कार्यक्रम, पुष्पांजलि अर्पित की**

# 21 से होगा मझोला उत्सव तैयारियों पर किया मंथन


मझोला उत्सव को लेकर बैठक करते चेयरमैन। ● अमृत विचार

संवाददाता, मझोला

**अमृत विचारः** नगर पंचायत की ओर से 21 से लेकर 23 अक्टूबर तक मझोला उत्सव का आयोजन कराया जाएगा। इस बार मझोला उत्सव को बीते साल से भी बेहतर संपन्न कराने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई है।

नगर पंचायत अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह ने मंगलवार को बैठक की। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय मझोला महोत्सव में विराट दंगल होगा, जोकि निशुल्क रहेगा। इसमें नामचीन पहलवान अपना हुनर दिखाएंगे। मझोला उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड का सीमावर्ती क्षेत्र है, जिसमें दोनों राज्यों के लोगों का आना जाना रहता है। मझोला महोत्सव में सूफी नाइट, बॉलीवुड नाइट,सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों की प्रतियोगिता कराई जाएगी। बच्चों के लिए झूले भी रहेंगे। इस बार राजस्थानी कल्चर द्वारा विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

# डेढ़ माह में बननी थी पुलिया, छह महीने में बन पाई... फिर भी आवागमन बंद

संवाददाता, दियोरियाकलां


ईंटगांव रजवाहा की मुड़िया भगवंतपुर के पास बनी नहर की पुलिया। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** नहर विभाग की ओर से कराया जा रहा पुलिया का निर्माण कार्य ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन चुका है। डेढ़ माह की समय सीमा तय करने के बावजूद निर्माण पूरा करने में छह माह लग गए। इसके बाद भी काम अधूरा छोड़ दिया गया। दोनों तरफ मिट्टी का भराव न होने से पुलिया पर आवागमन चालू नहीं हो सका है। इससे ग्रामीण परेशान हैं।

ईंटगांव रजवाहा की मुड़िया भगवंतपुर नहर पुलिया सितंबर 2021 में जर्जर हो गई थी। इसकी मरम्मत कराने में अनदेखी की गई और फिर पुलिस क्षतिग्रस्त हो गई। इसका सुधार कराने के लिए ग्रामीणों ने कई बार मांग की। फिर तीन साल बाद जिम्मेदारों ने सुध ली और मार्च 2024 में करीब नौ लाख रुपये की लागत से पुलिया का निर्माण कार्य शुरू कराया गया। उस वक्त निर्माण कार्य पूरा कराने के लिए ठेकेदार को डेढ़ माह का समय निर्धारित किया गया था। मगर, सुस्त गति से चल रहे काम को रफ्तार नहीं मिल सकी। डेढ़ माह के बजाए निर्माण पूरा होने में छह महीने का समय लग गया। इसके बाद भी पुलिया पर आवागमन चालू नहीं हो सका।

ग्रामीणों की मानें तो पुलिया के दोनों तरफ मिट्टी का भराव नहीं किया गया है। जिसकी वजह से पुलिया पर आवागमन बंद है। पुलिया के आधे-अधरे कार्य के चलते खासकर अकोड़ा, नौगमियां, मुड़िया भगवंतपुर, भगौतीपुर, जमुनिया महुआ, रायपुर फाजिलपुर,जसूपुर समेत दर्जनभर गांवों के ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा हो रही है। ग्रामीणों ने नहर विभाग के अधिकारियों से जल्द मिट्टी भराई कार्य कराकर पुलिया पर आवागमन सुचारू कराने की मांग की है।

- **पुलिया के दोनों तरफ मिट्टी भराव बाकी, ग्रामीणों को हो रही दिक्कत**

# बच्चों ने विज्ञान संबंधी कई प्रयोग करके दिखाए


पुरस्कृत प्राप्त करते श्रेष्ठ प्रतिभागी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** समाधान आईएपीटी अन्वेषिका के तत्वाधान में बेनहर गुरुकुल विद्यालय में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती उत्सव पूर्वक मनाई गई। विज्ञान संबंधी अनेक मूलभूत प्रयोग करके दिखाए गए और उनमें निहित वैज्ञानिक सिद्धांतों पर चर्चा की गई।

प्रधानाचार्य भावना कौशिक ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 15 अक्टूबर को डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई जाती है। उनका जीवन छात्रों के प्रति समर्पित था। उनकी जयंती के दिन का उद्देश्य छात्रों के प्रयासों को सम्मानित करना और उन्हें प्रेरित करना है।इस मौके पर समन्वयक लक्ष्मीकांत शर्मा ने वायुदाब, घर्षण विद्युत दावांतर तरंग गति, दृष्टि भ्रमदाव और वेग में संबंध विषयक अनेक प्रयोग करके दिखाए। प्रतिभागियों ने अनुभव साझा किए। श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

### पुष्प इंस्टीट्यूट की छात्राओं को मिले गोल्ड मैडल



**पीलीभीत, अमृत विचार** : रोहिलखंड विश्वविद्यालय के 22वें दीक्षांत समारोह में पुष्प इंस्टीट्यूट की तीन छात्राओं को राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निदेशक बीआर अम्बेडकर एनआईटी जालंधर के प्रोफेसर विनोद कुमार कनौजिया, विशिष्ट अतिथि मंत्री उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश सरकार योगेन्द्र उपाध्याय, राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी, कुलपति केपी सिंह भी उपस्थित रहे। गोल्ड मैडल पाने वाली छात्राओं में बीएड की छात्रा मैमूना, एमएससी (गृह विज्ञान) मानव विकास की छात्रा राबिया नाज और बीएससी (गृह विज्ञान) की छात्रा नवीला रही। महाविद्यालय के निदेशक अनुज भटनागर ने छात्राओं की प्रशंसा की। कहा कि कुछ कर गुजरने की चाहत हो तो कोई भी लक्ष्य मुश्किल नहीं होता है। कॉलेज के बीएड विभाग के प्रवक्ता डॉ. सुरेश चन्द्र को भी पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया। गोल्ड मैडल प्राप्त कर छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय महाविद्यालय के शिक्षकों व अपने माता पिता को दिया। महाविद्यालय के चेयरमैन हरप्रसाद जायसवाल, ट्रस्टी विकास जायसवाल, सतीश जायसवाल, डॉ.एसपीएस सन्धू ने छात्राओं को बधाई दी। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. मोहम्मद सलीम, उप-प्राचार्या डॉ. गीतिका शुक्ला, प्रशासनिक अधिकारी राजेन्द्र कुमार, डॉ. विनीता, डॉ. ओम महेश, हरेन्द्र सिंह, मिस्बाह खान आदि मौजूद रहे।

# चीनी मिल में 10 संचालकों का निर्विरोध बनना तय

**पूरनपुर, अमृत विचारः** सहकारी चीनी मिल में संचालक के पदों के लिए दो दिन बाद चुनाव होगा इसमें 10 प्रत्याशियों का निर्विरोध निर्वाचन तय है। एक सीट पर दो प्रत्याशियों के नामांकन करने से चुनाव होगा। चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए।

पूरनपुर सहकारी चीनी मिल में प्रबंध कमेटी के सदस्यों ( संचालक )के चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। 11 सीटों पर सदस्यों का चयन किया जाएगा। 10 सीटों पर एक प्रत्याशी के नामांकन किए जाने पर उनका निर्विरोध चुना जाता है। जबकि सबलपुर सीट पर अवधेश कुमार और सर्वेश कुमार के नामांकन पत्र जमा करने से 17 अक्टूबर को चुनाव होगा। मंगलवार को प्रत्याशियों की अंतिम सूची प्रदर्शित करने के साथ ही उन्हें चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिए गए।

# बिलसंडा में विशाल भंडारे के साथ दुर्गा महोत्सव संपन्न


भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** दुर्गा आरती मंडल के तत्वावधान में नवरात्र के उपलक्ष्य में एक पखवाड़े से नगर के देवीस्थान मंदिर में चल रहा दुर्गा महोत्सव का मंगलवार को विशाल भंडारा एवं कन्या भोज के साथ समापन हो गया। भंडारे में नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

सबसे पहले कन्याओं को भोग लगाया और उन्हें दक्षिणा दी गई। फिर भंडारा शुरू हुआ, जोकि दरे शाम तक चला। भंडारे की व्यवस्था में सूबेदार कश्यप, पप्पू, लकी कश्यप, कृष कश्यप ,तेजराम, अंकित कश्यप ,रामबाबू कश्यप, सुरेंद्र सैनी, संजीव सैनी ,आशीष कश्यप, अंचल कश्यप, प्रतीक जायसवाल ,ऋतिक जोशी, आयुष शुक्ला, रवि शर्मा ,रंजीत आदि रहे।

# ग्रामीणों को जल संरक्षण के बारे में जागरूक किया

**दियोरियाकलां, अमृत विचारः** राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के तहत मंगलवार को ग्राम पंचायत अकोड़ा, भगौतीपुर, जमुनिया महुआ, आजमपुर बरखेड़ा में चौपाल आयोजित की गई। जिसमें टीम लीडर मनोज कुमार, सीता देवी, बब्ली ने जल संरक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बगैर जल के जीवन संभव नहीं है। इसलिए लिए जल का संक्षण बहुत जरूरी है। जल को दूषित होने और बर्बाद करने से बजाएं। वरना आगे मुष्किल होगी। जल जीवन मिशन योजना से मिलने वाले स्वच्छ जल आपूर्ति के बारे बताया गया। अकोड़ा में आंगनबाड़ी केंद्र पर बैठक हुई। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुमनलता, सहायिका रामकुमारी आदि मौजूद रहे।

# योगी हनुमान नाथ संभालेंगे नूरानपुर मठ की गद्दी

संवाददाता, बिलसंडा


महंत योगी हनुमान नाथ।

**अमृत विचारः** श्री शिव मंदिर नूरानपुर की जिम्मेदारी अब आगामी निर्देशों तक गोरक्षा पीठ (गोरखपुर) से पहुंचे योगी हनुमान नाथ को सौंपी गई है। इससे पिछले सप्ताह भर से लोगों के साथ साधु-संतों में मठ की गद्दी की जिम्मेदारी को लेकर चल रही चर्चाओं पर फिलहाल विराम लग गया।

पिछले 25 वर्षों से नूरानपुर मठ की जिम्मेदारी संभाल रहे महंत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गुरु भाई योगी शांतिनाथ बीते आठ अक्टूबर को ब्रह्मलीन हो गए थे। जिसके बाद हनुमान नाथ को गोरक्षा पीठ से नूरानपुर भेजा गया है। शांतिनाथ की समाधि व उनकी षोडशी कार्यक्रम पूर्ण होने के बाद मंगलवार को हनुमान नाथ को तमाम साधु संतों की मौजूदगी में उनकी पीठ की रीति-रिवाजों से नुरानपुर मठ के महंत की जिम्मेदारी सौपी गई। मंदिर परिसर में कन्या पूजन कार्यक्रम के बाद हनुमान नाथ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आशीर्वाद लेकर मठ की जिम्मेदारी संभाल ली है।

- **कन्याभोज और मुख्यमंत्री से आशीर्वाद के बाद संभाली जिम्मेदारी**

# प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि कीन्हा, पुनि सब विप्रह्न आयुस दीन्हा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


परमठ मंदिर में श्रीराम के राज्याभिषेक लीला का मंचन करते कलाकार।

**अमृत विचारः** रामलीला महोत्सव के दौरान मंगलवार को स्थानीय परमठ मंदिर में श्रीराम राज्याभिषेक की लीला का सजीव मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि प्रभु राम का अयोध्या पहुंचने पर सभी नगर वासियों ने भव्य स्वागत किया। कुलगुरू वशिष्ठ प्रभु राम के राज्याभिषेक की बात कहते हैं। यह सुन सभी नगरवासी प्रश्न हो उठे। सभी नदियों का जल मंगाकर कुलगुरु वशिष्ठ प्रभु राम का स्नान कराने के पश्चात शुभ मुहूर्त और लग्न में वेद मंत्रोच्चार पूर्ण उनका राज्याभिषेक किया गया।

इसके बाद दिखाया गया कि वशिष्ठ मुनि प्रभु राम का तिलक करते हैं। बाद में अन्य ब्राह्मण लोग तिलक करते हैं। माताएं राजसिंहासन पर प्रभु राम को देख अत्यंत हर्षित हो उठीं। देवगण पुष्पवर्षा करने लगे। राजसिंहासन पर भरत- छत्र, लक्ष्मण - चंवर, शत्रुघ्न - पंखा, विभीषण - धनुष, अंगद - तलवार, हनुमान - ढाल व सुग्रीव - शक्ति लिए प्रभु राम , सीता की सेवा में शोभायमान हुए। इसके बाद प्रभु राम सभी को वस्त्राभूषण प्रदान करते हैं। यह मंचन देख सभी भक्तगण प्रभु राम की जय जयकार कर उठे। इस मौके पर महंत ओमकार नाथ, सुनील मिश्रा, अमरीश शर्मा अंबू, भानु प्रताप सिंह, प्रेम सिंह, नरेश शुक्ला, आयुष सक्सेना, अमिताभ त्रिपाठी, संजीव मिश्रा, अंकुर गुप्ता, रमाकांत पांडेय, संजीव शर्मा, अवनीश शर्मा, संजीव मोहन अग्रवाल, अंशुमान मिश्र, अमित जौहरी, आकाश कश्यप, सुधीर पाल सिंह, महेंद्र गुप्ता, प्रतीक अग्रवाल आदि मौजूद रहे। लीला का संचालन संजय पांडेय, सोमनाथ सप्रे व अंकुर मिश्रा ने किया। निशांत तिवारी और ओमकार सिंह यादव ने रामचरितमानस चौपाइयों का गायन किया।

- **परमठ मंदिर में हुआ श्रीराम राज्याभिषेक लीला का मंचन**

### बीसलपुर में धूमधाम से निकाली राजगद्दी शोभायात्रा



**बीसलपुर, अमृत विचार** : श्रीराम लीला मेला कमेटी के तत्वावधान में नगर में मंगलवार को राजगद्दी शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में मोहक झांकियां शामिल रहीं। कई जगह शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। लोगों ने देवी देवताओं के स्वरूपों की की आरती उतारी। इससे पूर्व भरत मिलाप लीला का मंचन किया गया। राजगद्दी शोभायात्रा रामलीला मेला मैदान से शुरू हुई। सबसे आगे दो श्रद्धालु विजय पताका लेकर चल रहे थे। उनके पीछे बैंडबाजे वाले थे। विष्णु जी, मां दुर्गा, हंस पर विराजमान मां सरस्वती, कृष्ण जी, शिवजी की झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। सिंहासन पर विराजमान अंगद के स्वरूप श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करते चल रहे थे। एक ठेले पर श्रद्धालु रामचरित मानस का पाठ व भजन कीर्तन कर रहे थे। सबसे पीछे सिंहासन पर विराजमान भगवान राम, जानकी, लखन, हनुमान, सिंहासन पर भरत, शत्रुघन, काली देवी, भगवान शंकर, पार्वती, गणेश, विभीषण, नल-नील, जामवंत, सुग्रीव आदि स्वरूप शामिल थे। राजगद्दी शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई पुन: मेला ग्राउंड में जाकर संपन्न हो गई। व्यवस्था में सभापति गंगाधर दुबे, उपसभापति विष्णुकमार गोयल,व्यवस्थापक सुरेश चंद्र अग्रवाल, लीला प्रबन्धक गोपाल कृष्ण अग्रवाल, व्यवस्थापक मृदुल त्रिगुणायत, मोहित मित्तल, अभय मित्तल, सचिन अग्रवाल, राम बहादुर गुप्ता, कानूनी सलाहकार अखिल मिश्रा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# दामाद को देखकर लौट रही वृद्धा की हादसे में मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एक बाइक पर सवार थे मां-बेटा समेत चार लोग, तीन को मामूली चोटें आईं

**अमृत विचारः** बीमार चल रहे दामाद को देखकर घर लौट रही एक वृद्धा की तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से मौत हो गई। इस हादसे में मृतका के बेटा व उसकी दो बेटियों को चोटें आईं।

बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर निवासी राकेश कुमार ने बताया कि पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेरपुर में रहने वाले उनके बहनोई की तबीयत खराब चल रही है। रविवार को वह अपनी मां रामबेटी (52) के साथ बहनोई के घर उन्हें देखने गए थे। साथ में उसकी चार वर्षीय पुत्री पारो और नौ माह की लक्ष्मी भी गई थीं। सोमवार दोपहर चारों एक बाइक पर अपने घर लौट रहे थे। राकेश की छोटी पुत्री अपनी दादी की गोद में थी। गजरौला थाना क्षेत्र में जरा जंगल के पास मोड़ पर उनकी बाइक में पीछे से आए वाहन ने टक्कर मार दी। राकेश, उसकी मां और दोनों बेटिया सड़क पर गिर गए। उसी वहन का पहिया रामबेटी के ऊपर उतर गया, जिससे कुचलकर उनकी मौत हो गई।

# झगड़े के बाद परिवार के तीन लोगों ने पीया कीटनाशक

**पूरनपुर, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा छत्रपति गांव के ठाकुर प्रसाद नशा करते हैं। उसने सोमवार रात पत्नी पूर्णिमा के साथ मारपीट की। इससे पूर्णिमा ने घर में रखा कीटनाशक पी लिया। इस पर उनके बेटे राहुल और बेटी सुनीता ने भी कीटनाशक पी लिया। कुछ देर में ही तीनों की हालत बिगड़ने लगी। इससे खलबली मच गई। तीनों को पूरनपुर सीएचसी भर्ती कराया गया। इस दौरान महिला पूर्णिमा ने बताया कि उनके पति आए दिन घर में कलह करते हैं। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत में सुधार होने पर डॉक्टर ने उन्हें घर भेज दिया।

# महिला कंसल्टिंग इंजीनियर ने एस्टीमेट में किया खेल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

## कार्यक्षेत्र के बाहर की ग्राम पंचायत में अधिक धनराशि का बना दिया एस्टीमेट

- डीपीआरओ ने कंसल्टिंग इंजीनियर को कारण बताओ नोटिस जारी किया

**अमृत विचारः** महिला कंसल्टिंग इंजीनियर ने नियम विरुद्ध तरीके से कार्यक्षेत्र से बाहर दूसरी ग्राम पंचायत के एस्टीमेट में खेल कर दिया। दूसरी कंसल्टिंग इंजीनियर ने साठगांठ कर पहले बनाए गए एस्टीमेट को बदलकर अधिक धनराशि का एस्टीमेट बनाकर एक लाख रुपये से अधिक का दुरुपयोग किया। इस मामले का खुलासा होने पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने संबंधित कंसल्टिंग इंजीनियर को कारण बताओ नोटिस किया है। नोटिस में तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है।

> प्रकरण संज्ञान में आने पर कंसल्टिंग इंजीनियर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। निर्धारित समयावधि में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर कार्रवाई की जाएगी। – **सतीश कुमार**, जिला पंचायत राज अधिकारी

यह मामला विकास खंड मरौरी का है। ग्राम पंचायत मैदना में वित्त आयोग की धनराशि से सीसी रोड/नाली निर्माण के दो कार्यों के लिए कंसल्टिंग इंजीनियर हिमांशी राज से एस्टीमेट बनवाया गया था। कार्य पूरा होने के बाद कंसल्टिंग इंजीनियर हिमांशी राज द्वारा कार्य का मापांकन करने के बाद एमबी भी की गई। इसके बाद दूसरी कंसल्टिंग इंजीनियर शैली गंगवार ने ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों से साठगांठ करके हिमांशी के बनाए एकस्टीमेट की जगह नियम विरुद्ध तरीके से कार्यक्षेत्र से बाहर जाकर अधिक धनराशि का दूसरा एस्टीमेट बना दिया। इसी एस्टीमेट को शामिल करके मनमाने तरीके से शासकीय धनराशि का दुरुपयोग कराने के लिए एमबी कर दी। जबकि नियमानुसार शैली गंगवार दूसरी ग्राम पंचायत में एस्टीमेट बना ही नहीं सकती थी। न ही उसका इस्तेमाल किया जा सकता था। आरोप है कि इसके बाद 1.18 लाख का अधिक भुगतान ले लिया गया। ग्राम पंचायत सचिव राकेश कुमार शर्मा ने इसकी जानकारी होने पर जिला पंचायत राज अधिकारी को अवगत कराया। इस पर जिला पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार ने कंसल्टिंग इंजीनियर शैली गंगवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में तीन दिन के भीतर संतोषजनक जवाब न देने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

### खुद कर रहीं दूसरी जगह नौकरी, दूसरे से करा रही काम

जिन दो कार्यों का कंसल्टिंग इंजीनियर हिमांशी राज ने 6,46169 रुपये का एस्टीमेट बनाया था। कंसल्टिंग इंजीनियर शैली ने उन्हीं कार्यों का एस्टीमेट 7,64,225 रुपये एस्टीमेट बनाकर एमबी दर्शा दी। कार्यों की लंबाई भी अधिक दर्शाई गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी के संज्ञान में यह भी आया है कि कंसल्टिंग इंजीनियर शैली अपना कार्य स्वयं न करके दूसरे व्यक्ति से करा रही हैं। वह खुद कहीं अन्य जगह नौकरी कर रही है।

# तीन दिन से लापता किशोरी का शव तालाब में उतराता मिला

## गांव के एक युवक पर हत्या की आशंका, पिता ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, 11 अक्टूबर को बिना बताए घर से चली गई थी किशोरी

**अमृत विचारः** तीन दिनों से लापता किशोरी का शव गांव के बाहर तालाब में पानी पर उतराता मिला। परिवार वालों ने गांव के एक युवक व उसके साथियों पर हत्या करने की आशंका जताई है। सुनगढ़ी पुलिस मामले की छानबीन कर रही।

सुनगढ़ी क्षेत्र के गायबोझ गांव निवासी रामसिंह ने बताया कि उनकी 13 वर्षीय पुत्री किरन 11 अक्टूबर की शाम करीब सात बजे बिना बताए घर से चली गई थी। उन्होंने काफी तलाश किया, लेकिन किरन का कुछ पता नहीं चला। इसके बाद राम सिंह ने किरन को बहला फुसलाकर ले जाने की एफआईआर अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराई थी। सोमवार देर शाम करीब आठ बजे किरन का शव गांव के बाहर तालाब में पानी पर उतराता मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने इसकी सूचना परिवार वालों को दी, जिससे वे कुछ ही देर में मौके पर जा पहुंचे। परिजनों का कहना है कि किशोरी आंखें व जीभ बाहर को निकली हुई थी। उनका आरोप है कि किशोरी की हत्या करने के बाद शव तालाब में फेंका गया होगा। सूचना मिलने पर सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी व इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन कुमार पांडेय ने मौका मुआयना किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

> सुनगढ़ी क्षेत्र के एक व्यक्ति ने नाबालिग पुत्री के लापता होने की सूचना दी थी। जिस पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू करा दी गई थी। 14 अक्टूबर की रात लापता किशोरी का शव गांव के बाहर तालाब में मिला। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। उसी आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई कराई जाएगी। – **दीपक चतुर्वेदी**, सीओ सिटी

### पुलिस कार्रवाई पर उठे सवाल, जिन पर शक उन्हें पुलिस ने छोड़ दिया

किशोरी के पिता व परिवार के अन्य लोगों ने सुनगढ़ी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि गांव के एक युवक ने किशोरी को मोबाइल दिया था, जिस पर वह बात करता था। अन्य लड़कों से भी बात कराता था। 11 अक्टूबर को जाते समय किशोरी अपना मोबाइल घर पर छोड़ गई थी। तब उन्हें किशोरी के पास मोबाइल होने की जानकारी हुई। उन्होंने मोबाइल उसी दिन पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। इस पर पुलिस ने आरोपी युवक व उसके तीन साथियों को हिरासत में लिया था। इनमें दो युवकों को पुलिस छोड़ चुकी थी। अन्य दो युवकों को छोड़ने की बात चल रही थी। हालांकि किशोरी के परिजनों ने इस पर ऐतराज जताया गया था। इसके बाद पुलिस ने एक महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की। किशोरी के परिजनों ने आरोपियों को बचाने का आरोप पुलिस पर लगाया है। पुलिस खुदकुशी साबित करने पर लगी है।

# अब दौलापुर में सियार ने किया युवक पर हमला

- शौच के लिए खेत पर गया था युवक

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** जिले में सियार के हमले थम नहीं रहे हैं। दौलापुर गांव में खेत पर शौच के लिए गए युवक पर सियार ने हमला कर दिया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर सियार भाग गया। घायल युवक को अस्पताल ले जाकर इलाज कराया गया। इधर, हमले के बाद से ग्रामीणों में दहशत है।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम दौलापुर के रहने वाले 19 वर्षीय रामकृष्ण मंगलवार सुबह गांव के बाहर खेत की तरफ शौच को गए थे। वहीं पड़ोस के खेत में उसके चाचा ओमप्रकाश धान काट रहे थे। आसपास के खेतों में भी ग्रामीण काम कर रहे थे। रामकृष्ण के गन्ने के खेत में पहुंचने पर अचानक सियार ने हमला कर दिया। सियार ने उनका एक हाथ मुंह में दबा लिया। रामकृष्ण की चीख पुकार सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण दौड़कर पहुंच और बमुश्किल सियार से युवक को बचाया। इसके बाद घायल को परिवार वाले सीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक इलाज के बाद युवक को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# पुलिस ने पांच गोमांस तस्कर दबोचे, जेल भेजा



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी गोमांस तस्कर। ● अमृत विचार

संवाददाता, जहानाबाद

- बरातबोझ गांव के निर्माणाधीन मकान में गोवंश को कत्ल करने की थी तैयारी

**अमृत विचारः** गोकशी की सूचना पर ग्राम बरातबोझ में दबिश देने पहुंची पुलिस टीम पर तस्करों ने फायरिंग कर दी। पुलिस ने पांच गोमांस तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गोवंश भी बरामद कर लिया। जहानाबाद पुलिस ने पूछताछ के बाद पांचों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

जहानाबाद पुलिस को मंगलवार सुबह सूचना मिली कि ग्राम बरातबोझ में एक निर्माणाधीन मकान के पीछे पांच तस्कर गोहत्या करने वाले हैं। उन्होंने एक गोवंश को बांध रखा है। इस पर जहानाबाद पुलिस ने आनन-फानन में बताए गए स्थान पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही तस्करों ने फायर कर दिया। हालांकि इसमें कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस ने मौके से पांच तस्करों को दबोच लिया। इनमें ग्राम निसरा निवासी सलीम, तस्लीम, अमन, सितारगंज (उत्तराखंड) के ग्राम सिसैया का आरिस, ग्राम बरातबोझ का शाकिर हैं। उनके पास दो तमंचे, तीन कारतूस, गोकशी से संबंधित औजार और एक गोवंश बरामद किया। इंस्पेक्टर मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि गोकशी की सूचना पर दबिश दी गई थी। तस्करों ने पुलिस टीम पर फायर भी किया। पांच तस्कर गिरफ्तार कर जेल भेजे गए हैं।

## सार-संक्षेप

### ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**अमरिया, अमृत विचार** : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात एएनएम ने मंगलवार को सीएचसी में एकत्र होकर ऑनलाइन हाजिरी का विरोध किया। विरोध प्रदर्शन करते हुए इस नियम पर आपत्ति जताई। सीएमओ को संबोधित मांग पत्र सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिकेत गंगवार को सौपा। जिसमें मांग की गई है कि ऑनलाइन उपस्थिति बंद कर ऑफलाइन हस्ताक्षर कराए जाएं। समान कार्य समान वेतन, संविदा एएनएम को स्थायी नियुक्ति, स्वास्थ्य बीमा का लाभ, स्वास्थ्य उपकेंद्र पर प्राप्त होने वाला फंड देने, ऑनलाइन फीडिंग के लिए डाटा रिचार्ज, उपकेंद्र व क्षेत्र में टीकाकरण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था देने की मांग की गई।

### खजुरिया में पशु आरोग्य शिविर का आयोजन



**बिलसंडा, अमृत विचार** : गांव खजुरिया निभीराम में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पशुओं का निशुल्क परीक्षण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बीसलपुर के भाजपा विधायक विवेक वर्मा ने किया। उन्होंने गोवंश का पूजन भी किया। उन्होंने गांव वासियों से पशुओं का शिविर में निशुल्क इलाज करने की अपील की। शिविर में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जगदेव सिंह ने विभागीय योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी दी। इस मौके पर डॉ. अमित कुमार, पशुधन प्रसार अधिकारी प्रमोद शुक्ला, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे। विधायक द्वारा पशुपालन विभाग द्वारा लगाए जा रहे पशु आरोग्य शिविरों का लाभ लेने के लिए ग्राम वासियों से अपील की।

### बरातघर का नाम कांशीराम करने की मांग



**पीलीभीत, अमृत विचार** : आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के जिलाध्यक्ष प्रेम गौतम कार्यकर्ताओं संग मंगलवार को कलेक्ट्रेट जाकर डीएम संजय कुमार सिंह से मिले ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि जिला पंचायत की ओर से वर्ष 2010 में बारहवें वित्त आयोग के तहत शासन द्वारा एक बरात घर कांशीराम के नाम से बनवाया था। वर्ष 2012 में सपा सरकार आने पर राजनीतिक द्वेष भावना के चलते कांशीराम बरात घर का नाम बदलकर पीलीभीत बैंकट हॉल कर दिया गया। इस बरात घर का नाम वापस कांशीराम बरात घर करने की मांग की है।

### गाजीपुर कुंडा में लगी ग्राम चौपाल



**पीलीभीत।** बीसलपुर में आयोजित ग्राम चौपाल में किसानों की शिकायतें सुनी गई। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए। डीएम संजय कुमार सिंह के निर्देश पर मंगलवार को बीसलपुर के गांव गाजीपुर कुंडा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों ने चकबंदी प्रक्रिया से संबंधित शिकायत अधिकारियों के समक्ष रखीं। जिस पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मोहनलाल ने अधीनस्थों को शिकायतों का गुणवत्तापरक ढंग से तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

# तेज रफ्तार चलाने पर 80 वाहनों का चालान



वाहनों की चेकिंग करते एआरटीओ वीरेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- नो पार्किंग एरिया में खड़े मिले 12 वाहनों का किया चालान
- बिना सीट बेल्ट के मिले चार वाहन चालक, हुई कार्रवाई

**अमृत विचार** : सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत मंगलवार को एआरटीओ वीरेंद्र सिंह की ओर से जिले में विभिन्न मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इंटरसेप्टर के द्वारा मार्गों से गुजर रहे ओवर स्पीड वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान 80 चार पहिया वाहन निर्धारित गति से अधिक गति सीमा में संचालित होते पाए गए। इनका चालान किया गया। नो पार्किंग एरिया में खड़े 12 वाहनों का भी चालान किया गया। बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चला रहे चालकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। चालान की कार्यवाही के साथ-साथ शहर के रामलुभाई साहनी महिला महाविद्यालय में छात्राओं के साथ सड़क सुरक्षा संगोष्ठी की गई। जिसमें नियम पालन करने की अपील की गई।

# अस्थायी गोदाम से बिजली का पांच क्विंटल तार चोरी

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** गांव नवादा महेश के समीप ठेकेदार के द्वारा विद्युत लाइन बदलने के लिए बनाए गए अस्थाई गोदाम से लाखों का नया व पुराना तार चोरी हो गया। मंगलवार को ठेकेदार ने पुलिस को तहरीर दी है।

जनपद लखीमपुरखीरी के गांव झसिया निवासी अनुराग ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह पावर कॉरपोरेशन में ठेकेदारी करते हैं। बरखेड़ा क्षेत्र में इन दिनों बिजली के तार बदलने का काम चल रहा है।

कस्बा बरखेड़ा की गोपी कॉलोनी निवासी हरद्वारी लाल की गांव नवादा महेश में मुख्य मार्ग के किनारे दुकान है। इसी दुकान को किराए पर लेकर अस्थायी गोदाम बना रखा है। गोदाम के बाहर बिजली के नए तार का बंडल रखा हुआ था। उसी के पास पुराना तार भी था। सोमवार रात कोई पांच क्विंटल तार चोरी कर ले गया। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रतियोगिता में पहले दिन छाए पीलीभीत के खिलाड़ी, कइयों ने जीते गोल्ड मेडल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पदक जीतने के बाद खुशी का इजहार करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- शाहजहांपुर में आयोजित मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**अमृत विचारः** मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 15 अक्टूबर को शाहजहांपुर में शुरू हुई, जो 17 अक्टूबर तक चलेगी। इसमें पीलीभीत से 65 छात्र एवं छात्राएं प्रतिभाग करने पहुंचीं। पहले दिन अंडर 14, अंडर 17 और अंडर 19 आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर दमखम दिखाया।

400 मीटर दौड़ में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पूरनपुर के मोहम्मद ताजिम ने गोल्ड मेडल जीता। जबकि बालिका वर्ग में गीतिका गिरी ने गोला फेक में गोल्ड मेडल जीतकर नाम रोशन किया। गीतिका भी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पूरनपुर की छात्रा हैं। लौंगजंप में एसएन इंटर कॉलेज पीलीभीत के शशांक गुप्ता ने स्वर्ण पदक जीता। 14 वर्षीय बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में गुरप्रीत ने रजत पदक प्राप्त किया। अंगूरी देवी बालिका इंटर कॉलेज की कशिश ने लांग जंप में स्वर्णपदक जीता। एसआरएम बीसलपुर की भावना ने 1500 मीटर दौड़ में रजत पदक, पूरनपुर के हरीश ने 19 वर्षीय आयु वर्ग में रजत पदक जीता। वीरांगना अवंती बाई की निशा मौर्य ने 100 मीटर दौड़ में रजत पदक, एसएन इंटर कॉलेज के अभय प्रताप सिंह ने रजत पदक जीता।

खिलाड़ियों की इस कामयाबी पर डीआईओएस डॉ. अचल कुमार मिश्र, ड्रमंड राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य संतोष कुमार, इकरा गर्ल्स इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अखलाक हसन खां, डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, योगेश गंगवार, नरेंद्र सिंह ने विजेताओं को बधाई दी। कोच यासीन अहमद खां, संजय सरकार, शिवम् कुमार, रीना मिश्रा, अनीता जोशी ने भी बधाई दी। जिला क्रीडा सचिव राजेश शुक्ला ने बताया कि अभी और भी पदक आने की उम्मीद है। जिन बच्चों ने स्वर्ण पदक जीता है वो लखनऊ में होने वाली 68वीं प्रदेशीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

# दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ दी तहरीर

संवाददाता, घुंघचिहाई

- सोमवार को बहू का घर और ससुर का खेत पर मिला था शव, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फंदे पर लटकने से मौत होने की पुष्टि

**अमृत विचारः** बहू का शव घर और ससुर की लाश खेत में फंदे पर लटका मिलने के मामले में दूसरे दिन मंगलवार को दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दोनों की मौत फंदे से लटकने की पुष्टि हुई, जिससे पुलिस खुदकुशी का मामला मान रही है।

घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के ग्राम गुलड़िया भूप सिंह गांव की रहने वाली ताशु (25) पत्नी सूरज का शव ससुराल में कमरे के भीतर साड़ी से बने फंदे से लटका मिला था। दूसरे दिन सोमवार को मायके वालों ने पहुंचकर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इसी दौरान मृतका के ससुर रणधीर सिंह उर्फ कल्लू (53) खेत की तरफ चले गए। इसके कुछ देर बाद उनका शव पेड़ पर रस्सी से बने फंदे से लटका मिला था। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर उनके परिजन के सुपुर्द कर दिया था। इस मामले में अब दोनों पक्षों ने तहरीर दी है। एक पक्ष से गुलड़िया भूपसिंह के संजीव पुत्र सोनपाल सिंह ने तहरीर दी। जिसमें बताया कि उनके भतीजे सूरज सिंह की शादी दो साल पहले सिमरौली गांव की ताशू सिंह से हुई थी। 13 अक्टूबर को ताशू अपने मायके से नाराज होकर ससुराल आ गई थी। इसके बाद रात में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। इसकी सूचना मायके वालों को दे दी गई थी। मायके वाले उनके भाई रणधीर सिंह को समझौता करने की बात कहकर खेत की तरफ ले गए थे। सुलह के लिए तीन लाख रुपये व पांच तोला सोने की मांग की। जब इसका इंतजाम कर रणधीर सिंह विवाहिता के मायके वालों के पास पहुंचे तो उनकी आरोपियों ने हत्या कर दी। इसके बाद हत्या को छिपाने के लिए शव फंदे से लटका दिया। उधर, दूसरे पक्ष से सिमरौली गांव के अभिमन्यु सिंह ने तहरीर देकर बताया कि ताशू की शादी दो साल पहले हुई थी। आरोप है कि ससुराल वाले दहेज की खातिर प्रताड़ित करते थे। चार पहिया वाहन की मांग पूरी न होने पर तेरह अक्टूबर की रात ताशू की हत्या कर शव फंदे से लटका दिया गया।

### अलग-अलग हुआ दोनों का अंतिम संस्कार

गमगीन माहौल में दोनों शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। मृतक रणधीर सिंह का अंतिम संस्कार उनके गांव गुलडिया भूपसिंह में किया गया। जबकि मृतका ताशू सिंह का शव पोस्टमार्टम के बाद मायके वाले अपने साथ ले गए और मायके वालों ने अंतिम संस्कार कर दिया।

> दोनों का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए गए। दोनों की मौत फंदे से लटकने से होने की पुष्टि हुई है। दोनों पक्षों से मिली तहरीर पर जांच चल रही है। – **विशेष कुमार**, एसओ घुंघचिहाई

# करोड़ों रुपये से बनी सड़क, दो दिन बाद उखड़ने लगी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



वायरल वीडियो का फोटो।

- सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, डीएम ने अधिशासी अभियंता से तलब से की रिपोर्ट
- पीलीभीत मार्ग से नवादा खुशहाली तक 4.87 करोड़ से हुआ सड़क का निर्माण

**अमृत विचारः** करोड़ों रुपये की लागत से बनी सड़क का निर्माण होने के दो दिन बाद हाथों से उखड़ने लगी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो को संज्ञान लेते हुए डीएम ने आरईएस के अधिशासी अभियंता से रिपोर्ट तलब की है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत टनकपुर हाईवे से कनाकोर वायां सैजना मुस्तकिल नवादा खुशहाली तक जाने वाली सड़क का निर्माण करीब दो साल पहले शुरू कराया गया था। करीब नौ किमी लंबी सड़क 4.87 करोड़ की लागत से बनाई जानी थी और इसका निर्माण जून 2023 तक पूरा करना था। शुरुआत में ठेकेदार द्वारा पूरी सड़क को जेसीबी से उखाड़ कर उस पर पत्थर डलवा दिया गया। इसके बाद ठेकेदार ने करीब एक किमी सड़क के हिस्से में कोलतार से सिंगल कोड कर छोड़ दिया। उसके बाद ठेकेदार द्वारा काम रोक दिया गया था। करीब सवा साल से काम रुका चल रहा है। बताते हैं कि ठेकेदार द्वारा जो किमी का हिस्सा सिंगल कोड से बनवाया गया था, उसमें अब बड़े-बड़े गड्ढे होने के साथ ही सड़क जहां-तहां से उखड़ चुकी है। करीब दो माह पूर्व इस मामले की शिकायत डीएम से की गई थी। सड़क कहीं गले की फांस न बन जाए, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग (आरईएस) के अधिशासी अभियंता ने संबंधित ठेकेदार को तत्काल तलब कर अधूरे पड़े कार्य का जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए थे। मिट्टी कार्य पूरा होने के बाद दो दिन पूर्व सड़क निर्माण शुरू किया गया। इस बीच मंगलवार को उक्त निर्माणाधीन सड़क का एक वीडियो वायरल हो गया। वायरल वीडियो में कुछ लोग हाथों और पैरों से सड़क पर लगी बजरी को उधेड़ते दिख रहे हैं। आरोप है कि आनन-फानन में सड़क बनाकर गुणवत्ता के साथ खेल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इधर मामला डीएम संजय कुमार सिंह के संज्ञान में आया। उन्होंने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता से पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की है।

> दो दिन पूर्व ही सड़क का निर्माण शुरू कराया गया है। ताजी पेंटिंग को कुछ बच्चों ने उखाड़ दिया है। फिलहाल मौके पर जाकर ही स्थिति की जानकारी की जाएगी। सड़क निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। – **राजेश कुमार**, अधिशासी अभियंता, आरईएस

# ओएमआर शीट पर परीक्षा देंगे बेसिक स्कूलों के छात्र

## 18 व 19 नवंबर को कराया जाएगा निपुण एसेस्मेंट का टेस्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को बौद्धिक स्तर और पढ़ाई का भांपने के लिए इस बार भी निपुण परीक्षा कराई जाएगी। जनपद में पहली बार यह परीक्षा ओएमआर शीट पर कराई जाएगी। इतना ही नहीं ओएमआर शीट को स्कैन कर पोर्टल पर अपलोड करना होगा। इस बार कक्षा एक से आठ तक के छात्र-छात्राओं की परीक्षा आयोजित होगी। इसको लेकर तैयारियां शुरु कर दी गई हैं।

शासन के निर्देश पर जिले में 18 और 19 नवंबर को निपुण की परीक्षा कराई जाएगी। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली में कक्षा एक से तीन के बच्चों की हिंदी और गणित की परीक्षा ओएमआर शीट पर होगी। जबकि दूसरी पाली में कक्षा से चार से आठ तक के छात्र-छात्राओं की परीक्षा कराई जाएगी। कक्षा चार और पांच में हिंदी,गणित, अंग्रेजी और पर्यावरण अध्ययन की होगी। कक्षा छह से आठ के छात्रों की हिंदी, गणित, अंग्रेजी और सामाजिक विज्ञान की परीक्षा होगी। दोनों पालियों में कक्षा एक से आठ तक में करीब पौने दो लाख छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। परख एप पर परीक्षा होने के दो घंटे के अंदर शिक्षकों को ओएमआर शीट स्कैन और अपलोड करनी होगी। इतना ही नहीं यूपी बोर्ड की परीक्षा की तर्ज पर उड़नदस्ता टीमें बनाई जाएगी। जो स्कूलों में जाकर चेकिंग भी करेगी।

### जिले में तैयार होगा पेपर, डायट को मिला जिम्मा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान( डायट) में प्राचार्य की अध्यक्षता में प्रश्न पत्र तैयार होंगे। जनपद से ओएमआर शीट्स एवं प्रश्न पत्रों के विद्यालयवार सील बंद पैकेट परीक्षा से तीन दिन पहले ब्लॉक संसाधन केंद्र पर उपलब्ध कराए जाएंगे। खंड शिक्षा अधिकारी परीक्षा से एक दिवस पूर्व विद्यालय स्तर तक ओएमआर शीट्स एवं प्रश्न पत्रों को भेजेंगे। प्रधानाध्यापक व शिक्षक प्रत्येक छात्र-छात्रा का नौ अंक का आईडी नंबर प्रेरणा पोर्टल से डाउनलोड कर एक सप्ताह पूर्व तैयार करेंगे।

### एक से तीन के छात्रों की शीट भरेंगे शिक्षक

कक्षा एक से तीन के छात्रों की ओएमआर शीट शिक्षक भरेंगे। छोटे बच्चे होने के कारण शिक्षक उन्हें अपने पास बुलाकर सवाल जवाब करेंगे। उनके उत्तरों को शिक्षक ही भरेंगे। इसके साथ ही कक्षा चार से आठ के छात्रों को खुद ओएमआर शीट को भरना होगा। शीट को ब्लैक बॉल पेन से भरा जाएगा। ताकि उन्हें अभी से ओएमआर शीट पर परीक्षा देने का ज्ञान हो सके।

इस शैक्षिक सत्र में निपुण एसेस्मेंट की परीक्षा कक्षा एक से आठ तक के छात्र-छात्राओं की कराई जानी है। इसे लेकर नई गाइडलाइन प्राप्त हुई है। इस बार ओएमआर शीट पर परीक्षा का प्रावधान किया गया है। साथ ही पेपर भी जिला स्तर पर ही प्रकाशित होंगे। जिसकी जिम्मेदारी डायट को मिली है। तैयारियां शुरु कर दी गई है। परीक्षा सकुशल संपन्न कराई जाएगी।

– अमित कुमार सिंह, बीएसए

### एसडीएम आज मझोला में जनसुनवाई करेंगे

**मझोला।** राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के प्रयासों के बाद सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को एसडीएम अमरिया को मझोला में जनसुनवाई के लिए नियत किया गया था। बुधवार को एसडीएम अमरिया मयंक गोस्वामी सुबह दस से दोपहर 12 बजे तक मझोला गन्ना समिति परिसर में लोगों की समस्याएं सुनेंगे।

### दो मानसिक मंदित भेजे अपना घर आश्रम

**पीलीभीत।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष एवं समाजसेवी अनूप अग्रवाल ने दो मानसिक मंदितों को इलाज के लिए निजी खर्च पर राजस्थान के अपना घर आश्रम भिजवाया है। उन्होंने बताया कि एक मानसिक मंदित महिला मझोला में कई दिनों से बाजार में दीनहीन हालत में घूमती थी। इसके अलावा अस्पताल के बाद एक पुरुष इसी तरह से घूमते थे। जानकारी मिलने पर दोनों को कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए महिला और पुरुष सिपाहियों के साथ अपने निजी खर्च पर भरतपुर राजस्थान के अपना आश्रम में भेजा गया है।

# कबड्डी और खोखो में मुसरहा की टीम प्रथम



प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता मंगलवार को कंपोजिट विद्यालय मुसरहा में हुई। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय मूसेपुर जयसिंह के शिवम कुमार प्रथम, प्राथमिक विद्यालय डंडिया भगत के आकाश द्वितीय रहे। 100 मीटर में प्राथमिक स्कूल डंडिया भगत के प्रदीप कुमार प्रथम, कंपोजिट विद्यालय नरायनपुर के अभिषेक राणा द्वितीय रहे।

200 मीटर दौड़ में प्राथमिक विद्यालय डंडिया भगत के आकाश प्रथम व विकास द्वितीय रहे। कबड्डी व खोखो बालक वर्ग में मुसरहा की टीम प्रथम रही। प्राथमिक बालिका वर्ग 50 मीटर दौड़ में कंपोजिट विद्यालय मुसरहा की कोमल प्रथम व सुनैना द्वितीय रही। 100 मीटर दौड़ में प्राथमिक विद्यालय मूसेपुर की गुलशन प्रथम, कंपोजिट विद्यालय नरायनपुर की आरती द्वितीय रही। 200 मीटर दौड़ में कंपोजिट विद्यालय मुसरहा की कोमल प्रथम, सुनैना द्वितीय रही। लंबी कूद में कंपोजिट विद्यालय मुसरहा की सोनी प्रथम व कोमल द्वितीय रही। खो-खो में प्राथमिक स्कूल मूसेपुर प्रथम रहा। 600 मीटर दौड़ में उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट मुसरहा के अंकित प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय डंडिया भगत के योगेश द्वितीय रहे।

### बिना परमिट काटे आम के पेड़



**अमरिया, अमृत विचार:** बिना परमिट आम के पेड़ों की कटाई कराना बिक्रेता व ठेकेदार को महंगा पड़ गया। वन विभाग ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। वन दरोगा शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि सोमवार रात आठ बजे सूचना मिली कि गांव फरदिया में बिना परमिट के आम के पेड़ों का कटान किया जा रहा हैं। इस पर डिप्टी रेंजर देवऋषि सक्सेना, वनरक्षक कौशेन्द्र के साथ मौके पर पहुंच गए। रेंजर विनीत प्रकाश श्रीवास्तव,डिप्टी रेंजर शेर सिंह भी आ गए। आम के छह पेड़ काटे गए थे। जानकारी करने पर पता चला कि पेड़ शमशाद अहमद के हैं। उसने जमीन समेत इस्लाम को बेच दिया था। ठेकेदार मैसर अली ने बिना परमिट के कटान कर दिया। तीनों के खिलाफ वन संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।



डॉ. अमित कुमार कुशवाहा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (चेस्ट स्पेशलिस्ट)

श्वास, दमा, टी.बी, फेफड़ों के कैंसर, खर्राटों की जांच व इलाज की सुविधा एवं अन्य छाती की बीमारियों के विशेषज्ञ
जन अरोग्य क्लीनिक
बन्नू बाल नगर, पीलीभीत रोड बरेली, निकट शहीद भगत सिंह आई ऑस्पिटल
9411477351
समय : - दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक
सोमवार, बुद्धवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार
पीलीभीत क्लीनिक
गौहनिया चौराहा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत।
8191813757
समय : - सुबह 10 से शाम 5 बजे तक
मंगलवार, शनिवार


बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर


डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

हर दर्द का इलाज करते हैं

डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया

फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

शिखर नर्सिंग होम
SHIKHAR NURSING HOME
Your Health... Our Priority
24 x 7 इमरजेंसी सुविधा
पैनल ऑफ डॉक्टर्स:-
Dr. R.K. Verma M.D., P.D.C.C. Critical Care Fellowship in Diabetes (General & Critical Care Physician)
Dr. Jaya M.S. (Obstetrician & Gynaecologist)
Dr. A.K. Gupta M.S. (General Surgeon)
Dr. T. Singh M.S. (Orthopaedic Surgeon)
सुविधाएँ :
सभी प्रकार के रोगों का योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा उचित इलाज
वातानुकूलित जनरल एवं प्राइवेट वार्ड
आधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम
डिजिटल एक्स-रे एवं ई.सी.जी.
ए.बी.जी (ब्लड गैस) की जाँच
पी.एफ.टी. (साँस सम्बन्धी रोगो की कम्यूटराइज्ड जाँच)
24x7 पैथोलॉजी लैब एवं फार्मेसी की सुविधा
गंभीर रोगो के इलाज हेतु एस.डी.यू. की सुविधा
मंगलवार को ओ.पी.डी. निःशूल्क
बी.पी.एल. तथा अंत्योदय कार्ड धारक मरीजों के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे चिकित्सक परामर्श (ओ.पी.डी.पर्चा) फ्री
पता- निकट घंटाघर, मेन मार्केट उझानी (बदायूँ)
7465002020
7669891208

शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग
Courses Offered :-
ए.एन.एम. (A.N.M.) For Females only* Course Code- 13
Recognized by Indian Nursing Council
Affiliated to UP State Medical Faculty, Lucknow
College Code - 092
बी. फार्मा.
Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I.
Affiliated to A.K.T.U. (Lucknow)
College Code - 969
डी. फार्मा.
Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I.
Affiliated to B.T.E. (Lucknow)
College Code - 2065

कॉलेज परिसर : केन्द्रीय विद्यालयसे 600 मी. आगे (कादरचौक की तरफ), शेखूपुर, बदायूँ
shikharinstituteofpharmacy@gmail.com, shikharinstituteofnursing@gmail.com
www.sip-budaun.co.in
8267000006, 9690028500
7669291208, 9412295244

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002


डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808

सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

## एक नजर

### खनन की सूचना पर पहुंचे एसडीएम, निकली फर्जी

**पूरनपुर।** एसडीएम को कॉल कर एक व्यक्ति ने सोमवार रात अवैध खनन की सूचना दी। इस पर एसडीएम रात में ही निरीक्षण करने पहुंचे। हालांकि सूचना फर्जी होने पर बैरंग लौटना पड़ा। एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि रुदपुर गांव में अवैध खनन की सूचना मिली थी। इस पर नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित रुदपुर के साथ गांव गए थे। मौके पर खनन नहीं मिला। खेतों में फसल खड़ी हुई मिली। शिकायतकर्ता से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन नहीं हो सका।

### 20 लाख नहीं मिले तो विवाहिता को किया बेघर

**गजरौला, अमृत विचार :** दहेज में बीस लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम नकटिया के नेतराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री सुमन की शादी 26 जून 2022 को बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भीकमपुर के रामकुमार वर्मा से हुई थी। शादी में करीब बीस लाख रुपये खर्च किए गए थे। फिर भी ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। अतिरिक्त दहेज में 20 लाख रुपये की मांग की गई। इसके पूरा न होने पर मारपीट की गई। सास गोमती देवी, ससुर रामपाल कई बार ताना देते थे। आरोप है कि पति ने चार माह का गर्भपात करा दिया। अगस्त में रक्षाबंधन पर भी मायके नहीं आने दिया। कमरे में बंधक बनाकर मारपीट की गई। पुलिस ने मामले में पति, सास, ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### मारपीट में युवक घायल

**पीलीभीत।** शहर के सुनगढ़ी मोहल्ला निवासी रामकृष्ण का अपने पड़ोसी से कूड़ा डालने को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी बढ़ने पर पड़ोसी के परिवार वाले पहुंच गए और रामकृष्ण को पीटकर घायल कर दिया।

# खुदा के फज़ल से हम पर है साया गौस-ए-आज़म का...

## शान ओ शौकत से निकाला गया जुलूस ए गौसिया, कई जगह हुई तकरीर, जिले भर में पुलिस-प्रशासन रहा सतर्क

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** गौसे आजम की याद में जिलेभर में जुलूस-ए-गौसिया शान-ओ-शौकत के साथ निकाला गया। जुलूस निर्धारित मार्गों से गुजरा। इसमें हजारों की संख्या में अकीदतमंद शामिल रहे। जुलूस में अकीकतमंद हाथ में झंडे लेकर चल रहे थे। देर शाम जुलूस संपन्न हुआ। इस दौरान पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा।

शहर के मोहल्ला भूरे खां स्थित खानकाहे आलिया हशमतिया मुशाहिदिया से जुलूस- ए-गौसिया को लेकर कई दिनों से तैयारी चल रही थी। मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे हशमतनगर से जुलूस निकाला गया। जुलूस की सरपरस्ती सज्जादानशीन मौलाना जरताब रजा खां ने की।

जुलूस शहर के बेलों वाला चौराहा, कमल्ले चौराहा, शाहजी मियां की दरगाह, जुगनू पाकड़, छोटी मार्केट, शरीफ खां, बुजकसावान, मदीनाशाह लाल रोड, रंगी लाल चौराहा, सुनहरी मस्जिद, जेपी रोड, बरेली दरवाजा, मोहल्ला सरफराज, पकडिया, पंजाबियान चौराहा पहुंचा। यहां सज्जादानशीन ने गौसे आजम की जिंदगी पर तफसील से रोशनी डाली। उन्होंने बताया कि गौसे पाक जिंदा करामातों में एक करामात थे। लोग उनकी जिंदगी से सबक लें। वह अपने चाहने वालों की मदद करते।

जुलूस जिस मोहल्ले से गुजरा वहां के लोग इसमें जुड़ते गए। छतों से पुष्प वर्षा की गई। उलमा ने तकरीर के जरिए गौस पाक को याद किया। कई जगह सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के लिहाज से बैरियर लगाकर रास्ता बंद किया गया था। जुलूस को लेकर शहर में पुलिस फोर्स भी जगह-जगह मुस्तैद रहा।



शहर के कमल्ले चौराहा पर मुस्तैद पुलिस बल। ● अमृत विचार



शहर में जुलूस ए गौसिया में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब। ● अमृत विचार



हाथों में गौसे आजम का ध्वज लेकर चलते बच्चे।

### जुलूस के दौरान बयां की गौस ए आजम की शान



**अमरिया, अमृत विचार :** कस्बे में मंगलवार को ग्यारहवीं शरीफ पर हजरत गौसे आजम शेख अब्दुल कादिर जिलानी की याद में जुलूस ए गौसिया निकाला गया। मदरसा केजीएन इस्लामियां तालीमुलकुर्रान के परिसर से जुलूस शुरू हुआ। जलसे में हजरत गौस-ए-आजम की शान बयां की गई। घरों, खानकाहों व मस्जिदों में तबर्रुक बांटा गया। जुलूस निर्धारित रास्तों से होता हुआ मदरसे में पहुंचकर संपन्न हुआ। मौलाना तारिक रजा ने तकरीर दी। देश में अमन-चैन, शांति और आपसी भाईचारे के लिए दुआ की गई। लंगर का वितरण किया गया। एसओ ब्रजवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### पूरनपुर में जुलूस में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़



**पूरनपुर, अमृत विचार :** ब्लॉक रोड पर स्थित साबरी अहाते से जुलूस ए गौसिया शान ओ शौकत से परचम कुशाई के बाद निकाला गया। जुलूस अंजुमन गुलामन ए गौसिया की जानिब से मौलाना फजले अहमद उर्फ अली जान के नेतृत्व में निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। मौलाना फजले अहमद नूरी उर्फ मौलाना अली जान, हाफिज असलम नूरी, मौलाना दानिश मिसवाही, हाफिज साकिब, हाफिज शरीफ अहमद, जामी हाफिज नाजिम रजा, हाफिज उस्मान नूरी आदि ने जुलूस ए गौसिया पर रोशनी डाली। मौलाना फाजले अहमद नूरी ने कहा कि गौस पाक की नूरानी जिंदगी से सभी को सबक लेना चाहिए। सरकार गौस पाक प्यारे नबी की बारहवीं शरीफ बड़ी शानो शौकत के साथ मनाया करते थे। इसलिए अल्लाह पाक ने सरकार गौस पाक की ग्यारहवीं को भी मशहूर कर दिया। सभी को अपने बच्चों को दीनी और दुनिया की दोनों तालीम देनी चाहिए। इस मौके पर तौफीक अहमद क़ादरी, नावेद रजा अजहरी, नदीम, हाजी लाडले, राहत शेरी, नादिर रजा, इमरान खान, नाजिम खान अजहरी, मुमताज खान, हाफिज जकी खान, हाजी चांद मियां, फूल बाबू फैयाज खान, दानिश मतीन वाहिदी आदि रहे।



जुलूस ए गौसिया की सरपरस्ती करते सज्जादाशीन मौलाना जरताब रजा खां।

### बीसलपुर में भी निकला जुलूस ए गौसिया



**बीसलपुर।** क़ादरी रजाकार सोसाइटी के तत्वाधान में जुलूस ए गौसिया निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। जुलूस ईदगाह चौराहा स्थित सैय्यद साहब की मजार से शुरू हुआ। तहसील रोड, इमामबाड़ा ग्यासपुर, सरकारी अस्पताल रोड, सब्ज़ी मंडी रोड, खानकाहे करीमियां, रोड गौहर खां की पुलिया, भोगापुर चौराहा से होता हुआ हज़रत गाज़ी कमाल शाह के मजार पर पहुंचा। यहां देश में अमन व चैन की दुआ की गई। इसके बाद वहां से वापस आकर ईदगाह चौराहा स्थित सैय्यद साहब की मजार पर आकर संपन्न हुआ।

# डीएम ने निर्माणाधीन गोशाला का किया निरीक्षण



निरीक्षण करते डीएम संजय कुमार सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** डीएम संजय कुमार सिंह ने मंगलवार को गांव हरसिंहपुर पहुंचकर निर्माणाधीन गोशाला का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को शीघ्र कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। निर्माण में प्रयोग की जा रही सामग्री देखी। निर्माण कार्य गुणवत्तापरक कार्य करने और सामग्री मानक के अनुरूप प्रयोग करने को निर्देशित किया। इस मौके पर एसडीएम अजीत प्रताप सिंह, तहसीलदार वीरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# पीडब्ल्यूडी ने शुरू कराया मरम्मत कार्य

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** लंबे समय से जर्जर टनकपुर हाईवे पर नेहरू पार्क के बराबर से मां यशवंतरी देवी मंदिर मार्ग को जोड़ने वाली जर्जर सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया। पीडब्ल्यूडी की ओर से मार्ग पर कार्य शुरू करा दिया गया है। जिससे अब राहगीरों को राहत मिल सकेगी।

शहर के मां यशवंतरी देवी मंदिर मार्ग से टनकपुर हाईवे तक पहुंचने के लिए बीते सालों में लाखों रुपये खर्च करके सड़क बनवाई गई थी। ये सड़क ठेका पुलिस चौकी के सामने से शुरू हुई और टनकपुर हाईवे पर नेहरू पार्क के बराबर में खुलती है। इसका उद्घाटन राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने किया था। टनकपुर हाईवे तक पहुंचने के लिए समय और दूरी दोनों ही कम हो गए थे। दिन में ही नहीं रात के समय भी बड़ी संख्या में राहगीर गुजरते हैं। पिछले कुछ समय में इस सड़क की दुर्दशा शुरू हो गई। जगह-जगह से सड़क उखड़ने लगी।

इसकी मरम्मत पर कोई ध्यान नहीं दिया। नतीजतन अब कई जगह गहरे गड्ढे भी हो गए हैं। मार्ग पर सफर करने वाले राहगीरों को हादसे का डर सताता रहता है। दोपहिया वाहन चालक और ई रिक्शा सवार कई लोग गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। मगर, इन हादसों के बाद भी सुधार के नाम पर कुछ नहीं कराया जा सका है। जिम्मेदार इस दिक्कत से निगाहें फेरे हुए हैं। इस समस्या को देखते हुए अमृत विचार ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। जिस पर पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने संज्ञान लिया। सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया है। मंगलवार को रोड रोलर से कोलतार डालकर सड़क के गड्ढों को भरने का काम किया गया।



टनकपुर हाईवे से मां यशवंतरी देवी मंदिर वाली सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे

अमृत विचार में प्रकाशित खबर की पीडीएफ।

- लंबे समय से जर्जर थी नेहरू पार्क से ठेका चौकी जाने वाली सड़क
- अमृत विचार में प्रकाशित खबर का लिया संज्ञान



सड़क पर रोड रोलर से लेवल करते पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी। ● अमृत विचार

# साढ़े छह घंटे की मशक्कत के बाद काबू में आया सांड़



जेसीबी पर चढ़कर सांड को पकड़ने की कोशिश करते ग्रामीण व पुलिस कर्मी।

संवाददाता, बंडा/ शाहजहांपुर

- डर के मारे महिलाएं बच्चों को लेकर घरों में कैद रहीं
- सांड़ के पकड़े जाने के बाद लोगों ने ली राहत की सांस

**अमृत विचारः** गांव पिपरा जप्ती में मंगलवार सुबह सांड़ के हमले में वृद्ध ओमप्रकाश की मौत और चार लोगों के घायल होने की सूचना पर गांव पहुंची प्रशासन और पुलिस व वन विभाग टीम ने साढ़े छह घंटे की मशक्कत के बाद सांड पर बमुश्किल काबू पाया।

घटना के बाद गांव में सांड़ की दहशत बनी हुई थी, महिलाएं बच्चों को लिए घरों में छिपकर बैठीं हुईं थीं, जबकि गांव के लोग लाठी-डंडा लेकर सांड़ से बचाव के लिए इकट्ठा होकर खड़े थे। सुबह करीब 10:30 बजे एसडीएम संजय पांडेय, सीओ पंकज पंत, वन दरोगा संजीव कनौजिया थाना प्रभारी सोनी शुक्ला, वन दरोगा संजीव कनौजिया, बीडीओ सर्वेश कुमार और ग्राम पंचायत सचिव के साथ पहुंच गए, साथ ही पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया। सांड़ को पकड़ने के लिए जेसीबी मंगाई गई, जिस पर खड़े होकर सिपाहियों , ग्रामीणों व वनकर्मियों ने सांड को पकड़ने की कोशिश शुरू कर दी। सीओ पंकज पंत खुद कोशिश करने में जुट गए। लेकिन वह पकड़ में नहीं आ पा रहा था। कभी गांव की गलियों में घुस जा रहा था तो कभी इस छोर से उस छोर पहुंच जा रहा था। ग्रामीण उसकी घेराबंदी किए हुए थे। बचने के लिए इधर-उधर दौड़ लगा रहा सांड़ भी शाम पांच बजे तक पस्त हो गया और टीम ने उसे कब्जे में ले लेकर वन विभाग की सुपुर्दगी में दे दिया। पकड़ने की कोशिश कर रहे प्रेमपाल मौर्या को भी सांड़ ने घायल कर दिया। इस घटना के बाद पूरे गांव में भय और आक्रोश का माहौल बना रहा। ग्रामीणों का कहना है कि इस सांड़ के आतंक से वह पहले से ही परेशान थे, और कई बार प्रशासन को इसकी सूचना दी जा चुकी थी, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण इस तरह की घटनाएं हो रही हैं, जो अब लोगों की जान लेने पर उतारू हैं।

# लंबित मांगों का निस्तारण न होने पर भड़के भाकियू कार्यकर्ता, ज्ञापन दिया



सदर तहसील में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते भाकियू पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सदर तहसील में नारेबाजी कर किया धरना-प्रदर्शन, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचारः** लंबित मांगों का निराकरण न होने के विरोध में भाकियू (भानु) कार्यकर्ताओं ने सदर तहसील में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान पंचायत भी हुई। पंचायत के बाद पदाधिकारियों के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर तत्काल समस्याओं का समाधान कराने की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन (भानु) के तमाम कार्यकर्ता मंगलवार को सदर तहसील में एकत्र हुए। यहां तहसील अध्यक्ष नंदकिशोर राठौर की अध्यक्षता में पंचायत हुई।

पंचायत को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भजनलाल क्रोधी ने कहा कि तहसील प्रशासन की लापरवाही के चलते पीलीभीत का किसान परेशान है। पूर्व में दिए हुए ज्ञापनों पर कोई कार्रवाई न होने से संगठन में रोष है। बाबूराम वर्मा ने कहा कि पराली को लेकर प्रशासन द्वारा किसानों का शोषण किया जा रहा है। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए किसान हर हिदायत को मानेगा, लेकिन शासन और कोर्ट के जो आदेश किसान हित में जारी किए गए हैं, उनको प्रशासन को भी मानना चाहिए। कहा कि किसानों की जमीनों से अवैध कब्जे हटाने को लेकर भी कोर्ट और शासन ने कई आदेश किए , लेकिन प्रशासन आदेशों का लगातार उल्लंघन कर रहा है। तहसील अध्यक्ष नंदकिशोर राठौर ने कहा कि गन्ना सत्र 2024-25 शुरू होने को है, लेकिन गन्ना मूल्य अभी तक तय नहीं हुआ है। कहा कि लागत के अनुसार गन्ने का मूल्य 400 से 450 रुपए प्रति क्विंटल होना चाहिए। कहा कि सदर तहसील में किसानों का शोषण किया जा रहा है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला सचिव बालमुकुंद प्रजापति छुट्टा पशुओं का मुद्दा उठाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लंबित समस्याओं का निस्तारण न होने पर तहसीलदार कार्यालय के बाद नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद जिलाध्यक्ष की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार अर्ची गुप्ता को ज्ञापन सौंपा और पूर्व में दिए गए ज्ञापनों पर कार्रवाई कराने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में वीरेंद्र गिरी, ओमप्रकाश मौर्य, सोहनलाल, बेनीराम, सोमवती, फरीदुद्दीन, बालमुकुंद, छोटेलाल, दयाराम, उदय पाल, ओमकार, वीरेंद्र गिरी, सियाराम, रामप्रसाद, मीना देवी, चमेली देवी, रिंकीं, फूलवती समेत तमाम कार्यकर्ता शामिल रहे।

# मजदूर की संदिग्ध हालात में मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मृतक की पत्नी शव लेकर घर पहुंची तो परिवार वालों ने पुलिस बुलाई

**अमृत विचारः** पिछले दो सालों से उत्तराखंड में रह रहे पीलीभीत के एक श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पत्नी शव लेकर घर पहुंची तो परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने के लिए पुलिस को सूचना दे दी। सुनगढ़ी पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम उगनपुर के रहने वाले झम्मन लाल ने बताया कि उनका 35 वर्षीय पुत्र श्रीपाल मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। करीब दो साल से वह अपनी पत्नी सीमा देवी और तीन बच्चों के साथ उत्तराखंड के लालपुर इलाके में रहकर मजदूरी करता था। सोमवार को उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में लालपुर में ही मौत हो गई।

पत्नी सीमा उसका शव लेकर गांव पहुंची। मगर परिजनों के पूछने पर वह मौत को लेकर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सकी। संदेह होने पर परिजनों ने पुलिस बुला ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का कहना है कि करीब एक माह पूर्व श्रीपाल गांव में राशन लेने आया था। तब दो-तीन दिन रुका था। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन कुमार पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। अभी कोई तहरीर किसी के खिलाफ नहीं दी गई है।

## मेले में लगी डांस पार्टी में आई डांसर फरार

**पुवायां, अमृत विचारः** नगर में चल रही रामलीला में लगी डांस पार्टी में डांस करने आई एक डांसर सोमवार की रात 12 बजे गायब हो गई। उसकी मां ने कोतवाली में तहरीर देकर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया है।

लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुवायां कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनकी 19 वर्षीया बेटी पुवायां मेले में लगी डांस पार्टी में आई थी। सोमवार की रात उसने डांस किया था लेकिन रात 12 बजे से अचानक गायब हो गई, जिसका अभी तक कोई पता नहीं चल सका है। पीड़िता ने बताया कि बेटी शादी हो चुकी है। तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

# संवाद कार्यक्रम में एसपी ने दिए सवालों के जवाब

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- छात्राओं को ताइक्वांडो और आग से बचाव का दिया प्रशिक्षण



संवाद कार्यक्रम में छात्राओं के सवालों के जवाब देते एसपी अविनाश पांडेय। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** एसपी की अध्यक्षता में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संवाद कार्यक्रम में एसपी ने छात्राओं द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया और उन्हें शिक्षित होने एवं आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा की। इस दौरान छात्राओं को ताइक्वांडो और आग से बचाव के तौर तरीकों का प्रशिक्षण दिया गया।

पुलिस और महिला कल्याण विभाग की ओर मंगलवार को पुलिस लाइन में कार्यक्रम हुआ। इस दौरान अग्निशमन अधिकारी अनुराग ने आर्य कन्या इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, पुष्प इंस्टीट्यूट, ज्ञान इंटरनेशनल, एसएन कालेज, राम लुभाई महाविद्यालय, वीरांगना अवंती बाई इंटर कॉलेज, उपाधि महाविद्यालय आदि की छात्राओं को आग के दौरान बचाव के तौर-तरीके बताए। छात्राओं ने प्रशिक्षण में हिस्सा लेने के साथ स्वयं भी गतिविधियों को करके देखा। इस दौरान प्रशिक्षक लियाकत हसन द्वारा छात्राओं को जूडो कराटे एवं ताइक्वांडो का प्रशिक्षण दिया गया। संतोष कुमार ने छात्राओं को हथियारों से संबंध में जानकारी दी। जिला प्रोबेशन प्रगति गुप्ता ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि हमारे पास जज्बा है तो हम स्वयं भी अपनी रक्षा कर सकते हैं। प्रशिक्षु सीओ उपासना पांडेय ने कहा कि जीवन मे आगे बढ़ने के लिए सबसे पहला कदम शिक्षा प्राप्त करना है। इसी क्रम में एसपी अविनाश पांडेय के साथ संवाद में दीक्षिता मिश्रा, मुस्कान, रौनक, काव्या, गनिया नूर, शिवांशी के द्वारा दुष्कर्म केस, छेड़खानी, घरेलु हिंसा, भ्रष्टाचार आदि से जुड़े सवाल किए। जिस पर एसपी ने कहा कि जब तक हम स्वयं अपनी ड्यूटी को नहीं समझेंगे एवं अपराध के नियमों के बारे में नहीं समझ पाएंगे तब तक समाज मे ऐसी घटनाएं सामने आती रहेंगी। दहेज़ जैसी कुरीतियों में महिलाओं का भी हाथ है। यदि महिला समझ जाए कि दहेज न तो दिया जाना चाहिए और न ही दहेज लिया जाना चाहिए। तभी इस कुरीति को रोका जा सकता है। कहा कि किसी घटना के बारे में गलत अफवाह फैलाने से पहले हमें पूरी जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए। जिससे समाज में गलत मैसेज न जाए। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को शिक्षित होने एवं आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

# दशहरा मेला शुरू, होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

## जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन, कहा- मेले में चाक चौबंद रहें व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** नगर पालिका प्रशासन द्वारा आयोजित दशहरा मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंगलवार को जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव समेत प्रबुद्धजन और पालिका के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। उद्घाटन करने के बाद डीएम ने मेला मैदान का भ्रमण कर तहसील और पालिका प्रशासन को व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश दिए हैं।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंगलवार शाम मेला मैदान पहुंचकर विधि विधान से पूजन कर शुभारंभ किया। दीप जलाकर दशहरे मेला का शुभारंभ किया। पहले दिन दशहरा मेला के सांस्कृतिक मंच पर रामायण संगोष्ठी हुई। डीएम ने कहा कि दशहरा मेला जिले का ऐतिहासिक मेला है, जो सालों से लगता आ रहा है। यह मेला सामाजिक एकता और अखंडता का प्रतीक है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन बड़ा ही पावन होता है। इनके माध्यम से समाज में एक अच्छा संदेश जाता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम भारतीय संस्कृति के उत्थान में सहायक रहकर समाज में एकता, समरसता और बंधुत्व को बढ़ावा देते हैं। डीएम ने मेले में आए नगरवासियों का स्वागत और अभिनंदन करते हुए कहा कि मेला लगवाने में एसडीएम, तहसीलदार, ईओ एवं अध्यक्ष ने दिन-रात मेहनत की है। 15 दिन तक चलने वाले इस मेले में तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। उन्होंने जिलेवासियों से परिवार और बच्चों के साथ आकर मेले का आनंद लेने की अपील की। इस दौरान एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह, ईओ संजय कुमार, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह, सीओ रमेश कुमार तिवारी, मेलाधिकारी अमरदीप मौर्य, सहायक मेला अधिकारी मुरारी लाल, मेलाध्यक्ष मनोज राज एवं सभासद कौशल तिवारी, कुमदेश शंकर शुक्ला आदि मौजूद रहे।



दशहरा मेला का फीता काटकर उद्घाटन करतीं जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल। ● अमृत विचार

### आधी-अधूरी ही लग पाईं दुकानें

डीएम के हाथों दशहरा मेला का उद्घाटन तो करा दिया, लेकिन अभी न तो दुकानें लग सकी हैं और न ही झूले आदि। आनन फानन में मेले का शुभारंभ कराना शहरवासियों से लेकर मेला दुकानदारों में चर्चा का विषय का बन गया है।

## बहराइच की घटना को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

**लखीमपुर खीरी :** अखिल भारत हिन्दू महासभा के जिलाध्यक्ष विनोद गुप्ता के नेतृत्व में तमाम लोग मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। सभी ने बहराईच में एक वर्ग विशेष द्वारा एक हिन्दू युवक की हत्या किए जाने पर नाराजगी जताई। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 12 अक्तूबर को दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन के दौरान वर्ग विशेष समुदाय के दंगाइयों ने रामगोपाल मिश्रा को खींचकर मस्जिद के अंदर लेकर गए और फिर बेरहमी से मारते हुये गोलियों से भून दिया। उन्होंने सीएम को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौंपकर दंगाइयों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने और मृतक के परिजनों को एक करोड़ रूपये की सहायता एवं एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की। शिव कुमार मिश्रा, अमित गुप्ता, राजीव मिश्रा, बजरंग शर्मा, संजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## आज तीन घंटे प्रभावित रहेगी बिजली आपूर्ति

**लखीमपुर :** विद्युत वितरण खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता शैलेंद्र कुमार ने बताया कि 16 अक्तूबर यानि बुधवार को विद्युत उपकेंद्र कलेक्ट्रेट, खीरी टाउन सहित कोर्ट उपकेंद्र की 33 केवी लाइन पर कार्य कराया जाना है। इसके लिए सुबह सात से दस बजे तक शट डाउन लिया जाएगा। इससे कलेक्ट्रेट, खीरी टाउन और कोर्ट फीडर से जुड़े मोहल्लों की बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

# श्री खाटू श्याम संकीर्तन में भजनों पर झूमे भक्त



संकीर्तन में मौजूद श्याम भक्त। ● अमृत विचार

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** छोटी काशी गोला में सोमवार की शाम को श्री श्याम दीवाने सेवा समिति द्वारा चतुर्थ विशाल श्री खाटू श्याम संकीर्तन कराया गया, जिसमें भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे।

नगर के पब्लिक इंटर कालेज स्थित स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्टेडियम में हुए श्री खाटू श्याम संकीर्तन में बाबा खाटू श्याम जी का भव्य दरबार सजाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सीतापुर से आये भजन गायक शिवांशु पंडित ने गणेश वन्दना से की। नाथ नगरी बरेली की अन्तर्राष्ट्रीय भजन गायिका अंजलि द्विवेदी ने और छोटी काशी गोला की आरती राठौर ने बाबा खाटू श्याम के दरबार मे हाज़िरी लगाकर सुंदर भजनों से कार्यक्रम में आये हुए भक्तो को झूमने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, मैलानी नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी, खुटार में बालाजी दरबार के मुख्य पुजारी ने आकर बाबा का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक अनिल जलोटा, संजय गुप्ता( संजू), अध्यक्ष दीपक राजपूत, महामंत्री अजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध गुप्ता, मयंक माहेश्वरी, उपाध्यक्ष दिनेश गुप्ता, राहुल गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता लालू, सुमित राठौर, प्रवीण रस्तोगी, आकाश गुप्ता, शिवम गुप्ता आदि सेवादार मौजूद रहे।

# दशहरा मेले में संगीतमय रामकथा ने बांधा समां



रामलीला मंच पर राम कथा सुनाती गायत्री परिवार की टोली। ● अमृत विचार

संवाददाता पलिया कलां

**अमृत विचार :** अखिल विश्व गायत्री परिवार की शाखा पलिया ने दशहरा मेला में नगर के रामलीला मंच पर श्री राम चरित्र पर आधारित भावपूर्ण कथा का सुंदर संगीतमय आयोजन किया।

गायत्री परिवार के कथावाचक सत्यनारायण सिंह एवं उनकी टोली ने विभिन्न वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि के बीच आचार्य श्रीराम शर्मा के विचार चिंतन को जन सामान्य तक पहुंचाया गया। उन्होंने पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्श चरित्र से लोगों को शिक्षा लेने की भी बात कही। माता, पिता, गुरु, भाई, पत्नी, सेवक आदि के प्रति किए गए कर्तव्यों एवं व्यवहार को जीवन में उतारने, बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के साथ-साथ अच्छे संस्कार देने, शाकाहारी रहने भोजन कर दीर्घायु बनने के अलावा सभी से प्रेम पूर्वक मीठा बोल सद् व्यवहार करने आदि की बात कही। रामलीला मेला कमेटी के व्यवस्थापक राजेश भारतीय, मंत्री प्रेम प्रकाश पांडे ,कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्ता, राम यश वर्मा सहित गायत्री परिवार बोझवा मंडल के प्रमुख विनय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## भाषण प्रतियोगिता की विजेता बनी काव्या

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को परिवहन विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई। इसमें रोवर रेंजर्स की छात्राओं ने हिस्सा लिया।



भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्रा।

इसमें एमए प्रथम सेमेस्टर की काव्या सोनी प्रथम, बीए प्रथम सेमेस्टर की कुमारी दीपा द्वितीय और बीए प्रथम सेमेस्टर की कुसुमा त्रिवेदी तृतीय रहीं। प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ. प्रियंका सिंह, बीना चौरसिया रहीं। प्राचार्य प्रोफेसर गीता शुक्ला सहित छात्राएं और शिक्षिकाएं उपस्थित रही। संचालन रोवर रेंजर्स प्रभारी प्रोफ़ेसर सुशीला देवी ने किया।।

# गोला में छह केंद्रों पर हुई भारत को जानो प्रतियोगिता

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** भारत विकास परिषद शाखा गोला द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता के प्रथम चरण के विजेता प्रतिभागियों को 20 अक्टूबर को श्रीराजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी में पुरस्कृत किया जाएगा। द्वितीय चरण के अंतर्गत विजेताओं के मध्य क्विज परीक्षा का आयोजन भी इसी स्कूल में होगा।

शाखा अध्यक्ष डॉ आदर्श दीक्षित ने बताया कि भारत को जानो प्रतियोगिता जूनियर, सीनियर वर्ग नगर के विभिन्न विद्यालयों कृषक समाज इंटर कॉलेज, श्रीलाल बहादुर शास्त्री स्मारक इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, गोला पब्लिक इंटर कॉलेज, श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी में परीक्षा संपन्न हुई। जूनियर वर्ग में कृषक समाज इंटर कॉलेज में अजय कुमार कटियार को प्रथम, शिवानी देवी द्वितीय एवं खुशी सक्सेना को तृतीय, सीनियर वर्ग में आयुषी शुक्ला को प्रथम, हृदयांशी सक्सेना द्वितीय, सोनी मित्रा को तृतीय, श्री लाल बहादुर शास्त्री स्मारक इंटर कॉलेज में जूनियर वर्ग में मानसी सोनी को प्रथम, निहाल कश्यप को द्वितीय, उजमा खातून को तृतीय, सीनियर वर्ग में शानू को प्रथम, अंशिका शर्मा को द्वितीय, मोहिनी कश्यप को तृतीय, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में जूनियर वर्ग में शुभम कुशवाहा को प्रथम, आकर्षी मिश्रा को द्वितीय, अजय वर्मा को तृतीय, सीनियर वर्ग में पवन कुमार को प्रथम, शालिनी वर्मा को द्वितीय, आयुष यादव को तृतीय, सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में जूनियर वर्ग में नैतिक पटेल को प्रथम, सृष्टि मिश्रा को द्वितीय, आस्था अवस्थी को तृतीय, सीनियर वर्ग में आफताब अली को प्रथम, श्रेया दीक्षित को द्वितीय, ऋषि देवराज को तृतीय, गोला पब्लिक इंटर कॉलेज में जूनियर वर्ग में अंशिका विश्वकर्मा को प्रथम, नैना वर्मा को द्वितीय, सुहानी जायसवाल को तृतीय, सीनियर वर्ग में अंश पटेल को प्रथम, काजल देवी को द्वितीय, अंशी वर्मा को तृतीय स्थान दिया गया। श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी में जूनियर वर्ग में कुश शुक्ला को प्रथम, लक्ष्य प्रजापति को द्वितीय, आरिश नोमान को तृतीय, सीनियर वर्ग में आराध्या वर्मा को प्रथम, जोहा परवीन को द्वितीय एवं दिव्यांशी चौधरी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। आयोजन में संस्था के सचिव सुनील गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकास मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष गुरुदेव शर्मा, मनोज मिश्रा, पंकज जायसवाल, रवि सक्सेना आदि मौजूद रहे।



गोला पब्लिक स्कूल में हुई प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी। ● अमृत विचार

● 20 अक्टूबर को श्रीराजेंद्र गिरि मेमो. एकेडमी में पुरस्कार वितरण

# शिव महापुराण कथा से पहले निकाली कलश यात्रा

संवाददाता, पसगवां

**अमृत विचार:** जंगबहादुरगंज में श्री शिव महापुराण कथा से पहले दिव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद भव्य मंच पर पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

कथा व्यास काशी के शैवाचार्य प्रशांत प्रभु महाराज ने मंच का भी पूजन कराकर मंच से भजन और आरती के माध्यम से कथा का औपचारिक श्रीगणेश किया। आचार्यो ने मुख्य यजमान सुरेश गुप्ता को सपत्नीक बिठाकर पूजन कार्यक्रम सम्पन्न कराया। उसके बाद मंच का पर व्यास पीठ का पूजन हुआ।

व्यास पीठ पर कथा व्यास का पूजन और सम्मान किया गया । इससे बाद वेदी व कलश पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जंगबहादुरगंज में कई स्थानों पर कलश यात्रा का भव्य स्वागत के साथ ही पुष्पवर्षा की गई। कलश यात्रा के बाद संकल्प पूजन व वेदी निर्माण निर्धारित समय पर कर लिया गया। श्री आदि गुरु वैदिक सेवा समिति उज्जैन की शाखा जंगबहादुरगंज द्वारा आयोजित इस कथा के बारे में महामंत्री विनीत दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि शिवपुराण कथा के लिए पूजन आदि निर्धारित शुभ मुहूर्त के अनुसार किया गया है। शाम को पांच बजे से कथा की अमृत वर्षा होगी। इसके साथ ही 24 अक्टूबर को 1008 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर महारुद्राभिषेक किया जाएगा । 25 अक्टूबर को महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।



शिव महापुराण कथा से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु ● अमृत विचार





प्रभातफेरी को रवाना करते पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला। ● अमृत विचार

### वाल्मीकि जयंती कल, पूजन आरती कर निकाली गई बाइक रैली

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** महर्षि वाल्मीकि की जयंती से पूर्व निकाली गयी प्रभात फेरी का कैम्प कार्यालय गौशाला में पूजन आरती कर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने स्वागत कर बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महर्षि वाल्मीकि जयंती 17 अक्टूबर को है। जयंती के पहले समाज के लोगों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी, जिसका नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने भाजपा के कैम्प कार्यालय गौशाला में महर्षि वाल्मीकि की आरती, पूजन, स्वागत कर प्रसाद वितरित किया। दोपहर में वाल्मीकि समाज के युवाओं द्वारा निकाली गई बाइक रैली को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, सभासद धर्मेन्द्र वाल्मीकि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा, मंडल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, किसान मोर्चा नगर महामंत्री गौरव ज्ञान त्रिपाठी, मनोज बाथम, लवकुश अवस्थी, बाइक रैली के संयोजक राहुल वाल्मीकि, जगमोहन बाल्मीकि, अजय वाल्मीकि, विनोद वाल्मीकि, दिलीप बाल्मीकि, गोविंद बाल्मीकि, नरेन्द्र बाल्मीकि सहित उनके समाज के तमाम लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### साधकों को कराई शंख प्रक्षालन योग क्रिया



**पड़रिया तुला, अमृत विचार :** कस्बे के शहीद स्मारक मंडी छावनी में योग प्रशिक्षक शिवचंद्र सिंह वकील ने योग की महानतम क्रिया कही जाने वाली शंख प्रक्षालन क्रिया योग साधकों को कराई। उन्होंने बताया कि यह क्रिया वर्ष में दो बार ऋतु परिवर्तन के समय शरदकाल में सितंबर से अक्टूबर व ग्रीष्म काल में मार्च से अप्रैल के बीच करवाई जाती है। यह क्रिया करने वाले साधकों की आंतों की पूर्ण से आंतरिक सफाई हो जाती है,और कब्ज आदि की बीमारियों से छुटकारा मिल जाता है। इस क्रिया के बाद आंतों को लियूब्रिकेट करने के लिए देशी घी से बनी मूंग की खिचड़ी खिलाई जाती है। शंख प्रक्षालन क्रिया में मुख्य रूप से डॉ. राकेश वर्मा, डॉ. सतेंद्र कुमार यादव, बलराम राठौर, राकेश सिंह, पवन गुप्ता, नीरज सिंह, परवीन मंडल, हिमांशु गुप्ता, विशाल त्रिवेदी, अमन बाथम, संतोष वर्मा, केके गौड़, चंदा राठौर, साहब लाल राज, दिनेश थापा आदि रहे।

### जब जब होइ धर्म की हानी, बाढ़इ असुर अधम अभिमानी



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** सुहेला के श्री हनुमान मंदिर पर हो रही श्रीराम कथा में कथाव्यास प्रशान्त जी महाराज ने श्रीराम जन्म की मनोहारी कथा का श्रोताओं को श्रवण कराया। कथाव्यास ने कहा कि धरती पर जब जब धर्म की हानि होती है, साधु और सज्जनों को पीड़ित किया जाता है। तब तब परमात्मा का अवतरण होता है- जब जब होइ धर्म की हानी। बाढ़इ असुर अधम अभिमानी। तब तब प्रभु धरि मनुज शरीरा। हरहिं सकल सज्जन भव पीरा।। अयोध्या के चक्रवर्ती सम्राट दशरथ के यहां भगवान श्रीराम, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न चार पुत्रों का जन्म हुआ। भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी। का संगीतमयी गायन कथाव्यास ने जब प्रारंभ किया तो श्रोताओं ने पुष्प वर्षा कर भगवान श्रीराम के अवतरण का उत्सव धूमधाम से मनाया। श्रोता आनंदित होकर नृत्य करने लगे। श्रीराम कथा सुनने के लिए सरोज मिश्रा, डॉ वेदप्रकाश अग्निहोत्री, जया अग्निहोत्री, नरेन्द्र कुमार, विजयचन्द, जयप्रकाश अवस्थी, राजेश्वर शुक्ल, राकेश सिंह, राजनारायण, आनू कुमार, रामबिलास अवस्थी, अखिलेश कुमार रहे।

### गरीब कन्याओं के लिए किया डांडिया कार्यक्रम



**लखीमपुर खीरी :** खत्री वूमेन फाउंडेशन ने सोमवार रात डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका आयोजन निर्धन कन्याओं की सहायता के उद्देश्य से किया गया। फाउंडेशन अध्यक्ष प्रीति कपूर एवं सचिव शिखा धवन ने बताया कि कार्यक्रम में समय पर पहुंची महिलाओं को उपहार दिए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। इसके बाद प्रीति कपूर, शिखा धवन, रूपाली महेंद्रा, सपना मेहरोत्रा, साधिका कपूर आदि ने डांडिया नृत्य में प्रतिभाग किया। रति शेखर ने महिलाओं में खेल कराए और विजेताओं को उपहार देकर सम्मानित किया। समता मेहरोत्रा की मौजूदगी में ढ़ोल की थाप पर महिलाओं ने भांगडा किया। अदिति कपूर, अंजिल सहगल एवं पृशका बेरी ने ग्रुप डांस पेश किया। ज्योति भल्ला, पूर्णिमा मेहरोत्रा, पूजा पूरी, नूपुर महेंद्रा सहित तमाम महिलाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन सुरभि चोपड़ा ने किया।

# 70 साल से अधिक उम्र के 50 हजार बुजुर्ग होंगे आयुष्मान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले में 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों के भी आयुष्मान कार्ड बनेंगे। पात्रता सूची में शामिल होने वालों की संख्या 50 हजार के करीब बताई जाती है। गोल्डन कार्ड बनने पर बुजुर्ग पांच लाख रुपये तक का सरकारी और निर्धारित निजी अस्पतालों में निःशुल्क इलाज करवा सकेंगे। पात्र बुजुर्गों के चयन की प्रक्रिया काम तेजी से चल रहा है। जिम्मेदार बताते हैं कि सूची आने और पोर्टल के खुलते ही बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनने का काम शुरू हो जाएगा।

बुजुर्गों को अब बीमार होने पर इलाज के लिए दूसरों को मुंह नहीं ताकना होगा। अब वह बीमार होने पर पांच लाख रुपये तक का प्रत्येक साल मुफ्त इलाज करवा सकेंगे। इसके लिए वोटर लिस्ट से 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों का विवरण तैयार कराया जा रहा है, जिसके आधार पर सूची जारी होगी। निर्धारित पोर्टल पर सूची अपडेट होते हो बुजुर्ग जिला एवं महिला अस्पताल सहित सीएचसी, जनसेवा केंद्र सहित योजना से संबद्ध निजी अस्पतालों में गोल्डन कार्ड बनवा सकेंगे। बुजुर्गों को इस योजना से काफी लाभ होगा। उन्हें इलाज के लिए दूसरे के आश्रित नहीं रहना होगा।

> 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनने हैं। मगर, अभी तक न तो पोर्टल पर सूची जारी हुई और न ही पोर्टल खुला है। पोर्टल पर सूची अपलोड होते ही पात्र बुजुर्गों के भी आयुष्मान कार्ड बनने शुरू हो जाएंगे।
> **डॉ. अमितेश दत्त द्विवेदी, डिप्टी सीएमओ एवं नोडल आयुष्मान भारत योजना**

● **चिकित्सा सुविधा : हर साल पांच लाख रुपये का मुफ्त इलाज करवा सकेंगे बुजुर्ग**



फूलबेहड़ के गांव मीलपुर में आयुष्मान कार्ड शिविर का निरीक्षण करते डॉ. अक्षत।

| | |
|---|---|
| आयुष्मान योजना के तहत इलाज कराने वाले लोग | 58000 |
| इनके इलाज पर खर्च हुई धनराशि | करीब 77 करोड़ |
| जिले में अब तक बने गोल्डन कार्ड | 1043000 |
| योजना के तहत पात्र परिवार | 502619 |
| कुल लाभार्थियों की संख्या | 2143521 |

### आयुष्यमान योजना की पात्रता

- वर्ष 2011 की जनगणना सूची में नाम हो।
- राशन कार्ड पर वर्ष 2019 से पहले छह यूनिट हों।
- सभी अंत्योदय राशनकार्ड धारक
- साठ साल से अधिक उम्र के वह बुजुर्ग, जिनके नाम का अपना राशन कार्ड हो।

नोट- सभी पात्रों की सूची वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### यहां मिल रहा फ्री इलाज

- जिला अस्पताल
- महिला अस्पताल
- सभी सीएचसी एवं पीएचसी
- 15 निजी अस्पताल व नर्सिंग होम

## एक नजर

### सात आरोपियों सहित 13 वारंटी गिरफ्तार

**पलिया कलां, अमृत विचार :** पलिया और मझगईं पुलिस ने विभिन्न मामलों के सात आरोपियों समेत पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर चालान भेजा है। इनमें सेमरीपुरवा निवासी रामसागर मौर्य, गौतम कुमार मौर्य, टेहरा शहरी निवासी सोनू शर्मा, मोनू शर्मा, दीपू, सन्नी और रंगरेजान निवासी अमन गुप्ता को गिरफ्तार कर चालान भेजा। वहीं पलिया खुर्द निवासी वारंटी भागवत सहाय, प्रदीप राठौर, संजय राठौर, हीरालाल, राजू पाल, विजय पाल, राजाराम राठौर व श्रीकृष्ण का चालान भेजा। मझगईं पुलिस ने ओमप्रकाश, भजनलाल, वीरेंद्र कुमार, रंजीत व नन्हें निवासी टॉपरपुरवा, छेदुई पतिया को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। यह जानकारी पलिया कोतवाली प्रभारी मनबोध तिवारी ने दी है।

### सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ फोटो वायरल

**लखीमपुर, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ एक युवक का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस हरकत में आ गई। सदर कोतवाली की मिश्राना चौकी पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा है। मिश्राना चौकी इंचार्ज अजीत कुमार सिंह ने बताया कि एक युवक का फोटो सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ वायरल हुआ था। पुलिस ने जब वायरल फोटो की जांच कराई तो तमंचे के साथ दिखने वाले युवक की पहचान पहचान आदित्य बरनवाल उर्फ गब्बर निवासी खपरैला बाजार के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि आरोपी की खपरैला बाजार में आदित्य वस्त्रालय के नाम से दुकान है।

# सबूत सामने, भाजपा संगठन भी सख्त...फिर भी तीनों तहरीर ठंडे बस्ते में

## थप्पड़ कांड: मुख्यमंत्री के आश्वासन के 24 घंटे बाद भी विधायक योगेश वर्मा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज नहीं, पुलिस की जांच पर उठे सवाल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** विधायक थप्पड़ कांड को हुए मंगलवार को सात दिन पूरे हो गए। विधायक को थप्पड़ मारने के मामले में भाजपा सख्त है। प्रदेश संगठन ने भी चारों आरोपियों को दोषी माना और सोमवार को उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया। पीड़ित सदर विधायक मुख्यमंत्री से भी मिल आए, लेकिन इसके बाद भी उनकी तहरीर पर अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। अन्य दोनों तहरीरों पर भी पुलिस जांच शायद पूरी नहीं हो पाई, जबकि पुलिस के सामने ही थप्पड़ मारने का वायरल वीडियो ही पुख्ता सबूत है। बकौल विधायक मुख्यमंत्री ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज करने का आश्वासन दिया, लेकिन 24 घंटे बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। अब सवाल यह उठता है कि आखिरकार पुलिस किस बात की जांच कर रही है और अभी तक रिपोर्ट दर्ज न करने के पीछे क्या वजह है? इस बाबत पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा भी कुछ कहने से इनकार कर रहे हैं।

अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की प्रबंध कमेटी के नामांकन के दौरान नौ अक्टूबर को भाजपा सदर विधायक योगेश वर्मा को जिला अधिवक्ता संघ अवधेश सिंह ने थप्पड़ मारते हुए अपने समर्थकों के साथ पिटाई कर दी थी। उनकी पत्नी भाजपा नेत्री


नौ अक्टूबर को विधायक के थप्पड़ मारने का फाइल फोटो। ● अमृत विचार

पुष्पा सिंह भी अध्यक्ष पद से चुनाव मैदान में थीं। विधायक की पिटाई जिस समय हुई। उस समय शहर कोतवाल अंबर सिंह, सीओ सिटी भी मौजूद थे।

पिटाई का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस मामले में सदर विधायक और पीटे गए व्यापारी नेता राजू अग्रवाल ने सदर कोतवाली पुलिस को अलग-अलग तहरीर दी थी, जबकि तीसरी तहरीर पुष्पा सिंह के पक्ष के वीर विक्रम सिंह उर्फ नीरज सिंह ने व्यापारी नेता राजू अग्रवाल, हेमू गुप्ता समेत 15-20 अन्य साथियों के खिलाफ दी थी। हालांकि पुलिस ने किसी भी तहरीर को दर्ज नहीं किया और जांच करने के बाद उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार कार्रवाई करने की बात कही थी। इससे भड़के लोगों ने विधायक के समर्थन में प्रदर्शन, घेराव भी किया था। इसके बाद भी कार्रवाई न होने पर सदर विधायक ने सुरक्षा में बढ़ाए गए दो सिपाहियों को वापस कर दिया था। सोमवार को भाजपा प्रदेश संगठन ने आरोपी अवधेश सिंह, उनकी पत्नी पुष्पा सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव व ज्योति शुक्ला को भाजपा से निष्कासित कर दिया था। उधर सदर विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मुलाकात कर पूरी बात बताई थी। बाद में मुख्यमंत्री से भी मिले थे। इस पर कयास लगाए जा रहे थे कि आरोपियों के खिलाफ देर रात तक रिपोर्ट दर्ज हो जाएगी, लेकिन पुलिस ने अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। उधर अभी तक रिपोर्ट दर्ज न होने से कई सवाल तैर रहे हैं।

### भाजपा नेता, जिन्हें पार्टी ने किया निष्कासित


**अवधेश सिंह** लखीमपुर खीरी जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हैं विधायक को थप्पड़ मारने और समर्थकों के साथ मारपीट का आरोप है। अवधेश भाजपा के सक्रिय सदस्य थे और हर चुनाव में प्रमुख भूमिका निभाते रहे हैं।


**पुष्पा सिंह** भाजपा की महिला मोर्चा की नेता हैं। अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष रह चुकी हैं। भाजपा ने नगर पालिका लखीमपुर की अध्यक्ष पद चुनाव लड़ाया था। अवधेश सिंह की पत्नी हैं, व्यापारी नेता राजू अग्रवाल का नामांकन फाड़ने का आरोप है।


**ज्योति शुक्ला** भाजपा की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की पूर्व संयोजक हैं इनका भी नाम इस विवाद में प्रमुखता से आया है। पुष्पा सिंह ने आरोप लगाया है कि ज्योति शुक्ला और उनके साथ अभद्रता की गई।


**अनिल यादव** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष हैं। पार्टी से लंबे समय से जुड़े थे। वह भाजपा के युवा नगर अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष व भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रभारी रह चुके हैं। इन पर मारपीट में शामिल होने का आरोप है।

# थप्पड़ कांड से सामने आई खुफिया तंत्र की ढीली पकड़

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **पुलिस संजीदगी पर भी उठ रहे हैं तमाम सवाल**
- **कोतवाल समेत लापरवाह पुलिस कर्मियों पर नहीं हुई कार्रवाई**

**अमृत विचार :** अर्बन कोआपरेटिव बैंक के प्रबंध कमेटी चुनाव की नामांकन प्रक्रिया के दौरान सदर विधायक और अवधेश सिंह के बीच मारपीट एकाएक नहीं हो गई, बल्कि एक दिन पहले भी तनाव की स्थिति बन गई थी।

इतना ही नहीं अर्बन कोऑपरेटिव बैंक में लगाई गई शेयर होल्डर्स की सूची भी फाड़ दी गई थी, जिसका पुरजोर विरोध करते हुए सदर विधायक ने चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए एडीएम से चुनाव स्थगित करने को कहा था। इसके बाद भी नामांकन के दौरान थप्पड़ और मारपीट से पुलिस के खुफिया तंत्र की हकीकत सामने आ गई है। बहरहाल, पुलिस अफसर और प्रशासन यदि संजीदा होता तो शायद थप्पड़ कांड की घटना टल सकती थी।

अर्बन कोआपरेटिव बैंक के नामांकन प्रक्रिया चल रही थी। पर्चा बिक्री होने से दो दिन पहले से ही चुनाव को लेकर भाजपा के अंदर अंतरकलह हो गई थी।

दो दिन पहले बैंक के सूचना पट्ट पर चस्पा की गई सूची के फाड़े जाने के बाद सदर विधायक और बैंक के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रही बैंक की पूर्व अध्यक्ष पुष्पा सिंह, उनके पति अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह आमने-सामने आ गए थे। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, सदर विधायक योगेश वर्मा सहित कई विधायकों ने एडीएम संजय सिंह से मुलाकात की थी और चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए चुनाव की तिथि आगे बढ़ाने की मांग की थी। उधर एसडीएम सदर अवनीश कुमार सिंह और सीओ सिटी ने भी चुनावी इंतजाम पुख्ता न होने पर चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से न हो पाने की संभावना जताई थी। इसके बाद भी दोनों पक्षों के बीच रार बढ़ गई। इतना सबकुछ होने के बाद एसपी का खुफिया तंत्र सक्रिय नहीं हुआ और वह फेल साबित हुआ। दोनों पक्षों के बीच खिंची तलवारों के बाद भी एएसपी पूर्वी पवन गौतम ने पर्याप्त संख्या पुलिस बल तैनात नहीं किया। इसका नतीजा यह रहा कि शहर कोतवाल अंबर सिंह के सामने ही अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह ने सदर विधायक को थप्पड़ जड़ दिया। करीब आधे घंटे तक बैंक परिसर अखाड़ा बना रहा। इतना ही नहीं पुलिस के सामने व्यापारी नेता राजू अग्रवाल भी जमकर पीटे गए। इसके बाद भी पुलिस अफसर हरकत में नहीं आए। इससे पुलिस और प्रशासनिक अफसरों की मंशा पर लोगों ने सवाल उठाकर कठघरे में खड़ा कर दिया है।

इसके बाद भी विधायक की सुरक्षा में नाकाम रहे शहर कोतवाल समेत अन्य पुलिसकर्मियों पर पांच दिन बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। एसपी गणेश प्रसाद साहा भले ही जांच की बात कहकर सुरक्षा में नाकाम रहने वाले दोषी पुलिस अफसरों पर कार्रवाई की बात कह रहे हों, लेकिन अंदर खाने लापरवाह पुललिसकर्मियों को बचाने की कवायद चल रही है।

# हैंडबॉल में आर्य कन्या इंटर कॉलेज की टीम बनी विजेता


जिला खेल कार्यालय में सम्मानित विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **लालपुर स्टेडियम में शुरू हुई तीन दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं**

**अमृत विचार:** लालपुर स्टेडियम में मंगलवार से तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। पहले दिन बालक एवं बालिका वर्ग की एथलेटिक्स और बालिका वर्ग हैंडबॉल प्रतियोगिता हुई। इनका शुभारंभ उप क्रीड़ा अधिकारी मोहम्मद इरफान एवं डॉ. शान मोहम्मद ने किया।

उपक्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि एथलेटिक्स में बालिका वर्ग की 100 मीटर की दौड़ में प्रथम दिपांजली, द्वितीय इरम एवं तृतीय शबनम रहीं। इसी तरह 400मीटर की दौड़ में प्रथम अनन्या, द्वितीय करीना, तृतीय रागिनी हीं। 800 मीटर की दौड़ में प्रथम अनन्या, द्वितीय श्वेता व तृतीय पलक रहीं। 3000 मीटर की दौड़ में प्रथम श्वेता, द्वितीय पलक, तृतीय करीना रहीं। जबकि लम्बी कूद में प्रथम दिपांजली, द्वितीय काजल, तृतीय अंजली और गोला फेंक में प्रथम अनन्या, द्वितीय इरम, तृतीय श्वेता रहीं। भाला फेंक में प्रथम श्वेता, द्वितीय लक्ष्मी, तृतीय व्याख्या रहीं। वहीं बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में प्रथम कपिल, द्वितीय आयान, तृतीय ओम रहे। 400 मीटर की दौड़ में प्रथम सत्यम, द्वितीय आयान, तृतीय बृजेश रहे। वहीं 800 मीटर की दौड़ में प्रथम अजीत, द्वितीय कुलदीप, तृतीय कैलाश रहे और तीन हजार मीटर की दौड़ में प्रथम सत्यम, द्वितीय अजीत, तृतीय आदर्श रहे। जबकि भाला फेंक में प्रथम रिहान, द्वितीय बागेश्वर, तृतीय अब्दुल रहमान और गोला फेंक में प्रथम अर्पित, द्वितीय बादल, तृतीय श्रवण कुमार रहे। उधर, लम्बी कूद में प्रथम जितेन्द्र, द्वितीय मोहित, तृतीय कमल रहे। जबकि हैंडबॉल में आर्यकन्या इंटर कॉलेज की टीम विजेता और पंडित दीनदयाल उपाध्याय सीबीएसई बोर्ड की टीम उप विजेता रही।

प्रतियोगिता के विजेताओं को जिला ओलम्पिक एशोसिएशन के सचिव शारिक तारा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। एथलेटिक्स के निर्णायक संजय यादव, विमल, जावेद, मंगल भवन, महेश और हैण्डबॉल के निर्णायक विपनेश मिश्रा, योगेश गुप्ता, अरूण कुमार वर्मा, रमेश वर्मा, विवेक पुरी, वैशाली रहीं। ओम प्रकाश, विजय सिंह, हितेन्द्र, मिथिलेश सहित स्टेडियम स्टाफ मौजूद रहा।

# एएनएम संगठन ने घेरा सीएमओ कार्यालय

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** शासन से एएनएम के लिए ऑनलाइन हाजिरी लगाने का फरमान जारी हुआ है। इससे एएनएम नाराज हैं। ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में जिले भर की एएनएम मंगलवार को सीएमओ कार्यालय पहुंची। सभी ने कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी कर ऑनलाइन हाजिरी के आदेश पर विरोध जताया।

सीएमओ कार्यालय पहुंची एएनएम ने बताया कि हम लोगों के पास टीकाकरण के अलावा आरसीएच, यूविन, एचआईएमएस, ई कवच, मंत्रा एप पर फीडिंग करने क अलावा आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड, चुनाव में ड्यूटी करने से लेकर संचारी अभियान, दस्तक अभियान, फाइलेरिया अभियान, मातृत्व बैठक, प्रसव कराना, आपदा


ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन करतीं एएनएम।

- **जिले भर से आई एएनएम ने नारेबाजी कर जताया ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध**

में ड्यूटी, पोलियो अभियान, मिशन इद्र धनुष, डायरिया अभियान, जन संख्या पखवाड़ा, नसबंदी कराने के साथ अन्य सरकारी कार्य करने में लगाया जाता है। ऐसे में एक नई जिम्मेदारी सौंपकर मानसिक रूप से परेशान किया जाना है। एएनएम ने बताया कि महिला होने के नाते परिवार से लकेर बच्चे की देखभाल करने के साथ ड्यूटी भी करनी होती है। ऐसे में ऑनलाइन हाजिरी उचित नहीं है। सभी एएनएम ने प्रभारी सीएमओ को ज्ञापन देकर शासन से जारी आदेश पर विचार करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि ऑनलाइन हाजिरी का दबाव बनाया गया तो समस्त एएनएम धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। रानी शर्मा, आरती यादव, पूनम मौर्या, रानू दीक्षित सहित तमाम एएनएम मौजूद रहीं।

# छोटे भाई की पत्नी ने जेठ को बांका मारकर किया घायल

**संसारपुर, अमृत विचार:** कस्बा चौकी के मजरा बोझिया में मंगलवार की देर शाम हुए विवाद में छोटे भाई रंजीत कुमार की पत्नी कल्पना ने जेठ को बांका मारकर गंभीर घायल कर दिया। बोझिया गांव में दो भाई रंजीत कुमार व राजेंद्र में विवाद होने लगा। विवाद बढ़ता देख राजेंद्र के छोटे भाई मदनलाल बीच बचाव करने मौके पर पहुंचे। इसी बीच छोटे भाई रंजीत कुमार की पत्नी कल्पना गाली गलौज करने लगी और दौड़कर घर से बांका ले आई। अपने जेठ मदनलाल के ऊपर प्रहार कर दिया। बांका दाहिने हाथ में लगने के कारण मदनलाल मौके पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर प्रभारी निरीक्षक मैलानी ने रंजीत कुमार की पत्नी कल्पना के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# अजान में शांतिपूर्ण माहौल में रामलीला कराने पर मंथन


अजान में रामलीला के लिए बैठक करती पुलिस और स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, केशवापुर

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के कस्बा अजान में 16 अक्टूबर से शुरू हो रही श्रीरामलीला महोत्सव के लिए पुलिस और मेला कमेटी के पदाधिकारियों की हुई बैठक में आवश्यक बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए अराजक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने की सहमति बनी है।

89 वर्षों से हो रही अजान की श्रीरामलीला 16 अक्टूबर से शुरू हो रही है, जिसकी तैयारियां मेला आयोजकों द्वारा पूर्ण कर ली गई है। मेला को सुरक्षित, शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिये सीओ गोला गवेंद्र गौतम की अध्यक्षता में हुई बैठक में उन्होंने थाना हैदराबाद प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे, अजान चौकी प्रभारी जेपी यादव को सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि मेले में सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध रहेंगे। अव्यवस्था फैलाने वालों पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी।

# विवाहिता की मौत में पति के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस संदिग्ध स्थानों पर दी दबिश**

**अमृत विचार :** मदनापुर क्षेत्र में राजकुमारी की मौत के मामले में पुलिस ने पति के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश में कई संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी।

पीलीभीत के थाना बरखेड़ा के गांव प्रतापपुर निवासी महेंद्र कुमार ने मदनापुर थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसने बेटी राजकुमारी की शादी फरवरी 2024 में देवेंद्र निवासी अकबरपुर थाना मदनापुर के साथ की थी। उसने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। कुछ दिन बाद देवेंद्र बेटी से मायके से बाइक लाने को कहने लगा। उसके मना करने पर देवेंद्र आए दिन राजकुमारी के साथ मारपीट करता था। आरोप है कि 12 अक्टूबर को आरोपी दामाद ने उसकी पुत्री की गला दबाकर हत्या कर दी और घर का दरवाजा बाहर से बंद कर भाग गया। पीड़ित पिता ने बताया कि हत्या की सूचना उसके दामाद के ताऊ राम आसरे ने फोन से दी थी।

वह पुत्री की ससुराल गया तो देखा कि डबल बेड पर उसकी पुत्री का शव था। कमरे में सामान बिखरा था और बेटी के कान के टॉप्स जमीन पर पड़े थे। उसका आरोप है कि मारपीट करने के बाद उसकी पुत्री की गला दबाकर हत्या की गयी थी। प्रभारी निरीक्षक विश्वजीत प्रताप सिंह ने बताया कि पति देवेंद्र के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# छात्रों ने जाना दवाओं का इतिहास

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **मेडिकल कॉलेज : प्रथम सत्र के पहले सेमेस्टर की पढ़ाई शुरू**

**अमृत विचार:** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में पहले दिन नूतन छात्र अभिनंदन एवं चरक शपथ का आयोजन होने के बाद मंगलवार से पढ़ाई शुरू हो गई। दूसरे दिन डॉक्टर बनने के लिए आए छात्र छात्राओं को दवाओं का इतिहास, समाज में डॉक्टरों की भूमिका आदि के बारे में बताया गया।

मेडिकल कॉलेज में दूसरे दिन सुबह आठ से शाम चार बजे तक कक्षाएं चलीं। सुबह आठ से दस बजे तक सीनियर रेजीडेंट डॉ. कमलेंद्र ने छात्र छात्राओं को दवाओं के इतिहास के बारे में विस्तार से बताया।


समाज में डॉक्टरों की भूमिका के बारे में बताते एसआर डॉ. मनोज शर्मा।

इसमें दवाओं के बनने में प्रयोग होने वाली सामग्री, इनका निर्माण और रखरखाव के बारे में बताया। इसके बाद दस बजे से एक बजे तक ईएनटी सर्जन एवं सीनियर रेजीडेंट डॉ. मनोज शर्मा ने समाज में डॉक्टरों की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने समाज में एक डॉक्टर का महत्व, उसका स्थान और उसकी नैतिक जिम्मेदारियों से अवगत कराया। उन्होंने छात्रों को अपने जीवन में अपने विचारों में बदलाव लाने और स्वयं को सामाजिक व्यवस्था में एक मजबूत स्तंभ के रूप मे स्थापित करने के बारे में बताया।

दोपहर दो से शाम चार बजे तक असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विनीत ने छात्र छात्राओं को परिवारिक प्रैक्टिस के सिद्धांत बताते हुए बीमारी से कैसे बचाव किया जाए और रोगों से बचने के लिए परिवार के सदस्यों को किस तरह जागरूक किया जाए, इसकी विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान समस्त छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

### बाइकों की भिड़ंत, दो घायल

**भीरा, अमृत विचार :** गांव बोझवा निवासी चिंटू यादव अपनी बाइक से दूध बेचने भीरा आ रहा था। हाईवे के बोझवा चौराहे पर पलिया की ओर से आ रहे बाइक चालक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क किनारे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। चिंटू का करीब डेढ़ क्विंटल दूध गिरकर नष्ट हो गया। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैं अपनी चल व अचल सम्पत्ति से अपने बेटे (मृतक) सत्यप्रकाश की पत्नी रीना देवी उर्फ गीता देवी व उनके बच्चों तथा अपने बेटे कृष्ण प्रताप सिंह की सातों बेटियों क्रमशः रूवी, रूसी, रूप रानी, पदमा, सरिता दीपमाला व लक्ष्मी को सदैव के लिए बेदखली करती हूं। मेरी मृत्यु उपरान्त भी इनका कोई हिस्सा सम्पत्ति अचल व चल में नहीं होगा। **श्रीमती सुन्दरी पत्नी श्री स्व. रेवाराम आर्य नि. ग्राम कुन्डरा ढाका दातागंज, बदायूं (उ.प्र.)**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष 2014 अनुक्रमांक 1004090 का प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **फहीम खान पुत्र रहीस खान निवासी ग्राम सैदपुर चुन्नीलाल थाना भोजीपुरा तहसील व जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र राकेश बाबू तथा उसकी पत्नी पिंकी देवी को उनके गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **ओम प्रकाश पुत्र नत्थू लाल निवासी मुड़िया जगरूप थाना भुता जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# जिले में लगातार बढ़ रहे अपराध, पब्लिक भी पुलिस से नाराज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी।

- **निरंकुशता : आंकड़ों में खेल रहे हैं अधिकारी, पटरी से उतर रही जिले की कानून व्यवस्था**

**अमृत विचार :** जिले के आला अफसर भले ही कानून व्यवस्था चाक चौबंद होने का दावा कर रहे हैं, लेकिन देश-विदेश में विधायक थप्पड़ कांड की गूंज, लूट-चोरी की वारदातों और पुलिस की कार्यशैली से नाराज होकर सड़कों को जाम करने के मामलों ने इन दावों की पोल खोल कर रख दी है। अफसरों की शह पर थानों पर वारदातों को दर्ज न कर आंकड़ों में खेल किया जा रहा है।

जिले में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। अक्टूबर माह में मितौली थाना क्षेत्र में पांच दिनों के अंदर दंपती के साथ दो लूट की घटनाएं हुईं। गोला, निघासन, नीमगांव, खीरी थाना क्षेत्र में कई चोरी की वारदातें हुईं। इसके अलावा कोतवाली सदर की संकटा देवी और एलआरपी चौकी क्षेत्र में लगातार हो रही वारदातों से लोग थर्रा उठे। एलआरपी चौकी क्षेत्र में दो दिनों के भीतर जहां गांव मुड़ियाखेड़ा में शराब की दुकान समेत हजारों रुपये की चोरी हुई। वहीं गांव बांसखेड़ा में नकब लगाकर घुसे चोर नगदी समेत ढाई लाख रुपये का माल चोरी कर ले गए। कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र की पुलिस चौकी अमीरनगर के गांव कुंभी देवराना गांव में एक ही रात पांच घरों में हुई चोरी की वारदातों ने लोगों को हिलाकर रख दिया। इससे पहले थाना पढुआ, खमरिया, धौरहरा व नीमगांव में गोकशी हुई। हालांकि नीमगांव में गोकशी कर बहराइच जा रहे तस्करों को थाना खमरिया पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया था। हत्या, हादसों में पुलिस पर कई गंभीर आरोप लगे। गुस्साई भीड़ ने इसी अक्टूबर माह में मितौली, फरधान समेत करीब पांच जगहों पर शव सड़क पर रखकर जाम लगाया। हफ्ते भर पहले कोतवाली सदर क्षेत्र में खंभारखेड़ा जाम खुलवाने गई पुलिस पर उपद्रवियों ने पथराव किया। सदर कोतवाली पुलिस की गाड़ी तोड़ दी। एक महिला सिपाही समेत कुछ पुलिस वाले भी चोटिल हुए। सोमवार को थाना फरधान क्षेत्र में लीलाकुआं के पास सड़क हादसे में मौत होने से नाराज लोगों ने बेहजम मार्ग जाम किया। इस जाम को खुलवाने में पुलिस को पसीने छूट गए। मंगलवार को थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के गांव पूजा अषाठी में युवक की मौत से नाराज लोगों ने पोस्टमार्मट रिपोर्ट पर सवाल उठाते रहे। रिपोर्ट दर्ज न होने पर शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। विधायक थप्पड़ कांड से पुलिस काफी फजीहत हुई। इस थप्पड़ की गूंज विदेशों तक पहुंची। अफसर पुलिस-पब्लिक के बीच बढ़ रहीं दूरियों को कम नहीं कर पा रहे हैं।

> पुलिस घटनाओं का लगातार खुलासा कर रही है। जो घटनाएं अभी खुल नहीं सकी हैं। उन पर टीमें काम कर रही हैं। जिले में लॉ एंड ऑर्डर की कोई समस्या नहीं है।
>
> -गणेश प्रसाद साहा, एएसपी

### वारदात दर वारदात का अफसरों पर नहीं असर

इन दिनों पुलिस बढ़ते अपराधों को कागजों में रोकने के लिए नया फंडा अपनाया है। पुलिस जांच की बात कहकर चोरी, लूट की घटनाएं दर्ज ही नहीं करती है। कोतवाली मोहम्मदी की अमीरनगर पुलिस चौकी क्षेत्र में एक ही रात पांच घरों में हुई चोरी हो चाहे शहर की एलआरपी चौकी क्षेत्र में घटित चोरी की वारदात या फिर मितौली क्षेत्र में दंपती से हुई लूट। पुलिस ने किसी भी मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

## एक नजर

### बच्चों के विवाद में मारपीट होने से ग्रामीण घायल

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुभाष नगर में बच्चों के विवाद में दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें धारदार हथियार चलने से एक व्यक्ति गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन महिलाओं समेत चार के नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम सुभाषनगर निवासी अंकित कुमार शर्मा पुत्र छोटेलाल शर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि सोमवार की सुबह लगभग साढ़े सात बजे बच्चों में विवाद हो गया, जिसके बाद पडोसी अविरल, नेहा, वंदना, अविरल की मां उसके पिता के साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान अविरल ने उसके पिता छोटेलाल पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पीड़ित को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है।

### किशोरी को भगा ले जाने की तीन पर नामजद रिपोर्ट

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** हैदराबाद थाना क्षेत्र से एक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाया गया है। किशोरी की मां ने युवक सहित तीन के नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। हैदराबाद थाना में दर्ज कराई रिपोर्ट में महिला ने कहा है कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री को भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम बोझवा निवासी अजीत कुमार पुत्र बालकराम बहला फुसलाकर भगा ले गया। उसकी पुत्री को भगाने में युवक के भाई शिवम और उसकी पत्नी राधा देवी ने सहयोग किया है। महिला ने पुलिस से किशोरी को बरामद कराने की मांग की है।

### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की हालत बिगड़ी

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम नौआखेड़ा में जहरीला पदार्थ खाने से एक विवाहिता की हालत बिगड़ गई। उसे सीएचसी लाया गया है। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।ग्राम नौआखेड़ा निवासी मनीष कुमार की पत्नी रोली (28) के जहरीला पदार्थ खाने से हालत बिगड़ गई। पता चलते ही परिजन उसे सीएचसी लाए जहां प्राथमिक उपचार के बाद भी हालत में सुधार नहीं हुआ तो डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर मेमो कोतवाली भेजा है।

### देशी बंदूक के साथ युवक गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना ईसानगर पुलिस ने गांव मूड़ी निवासी आसमान खां को देशी बंदूक के साथ गिरफ्तार किया है। एसआई अंकुर कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा गया है

# साधना पांडेय समेत सात संचालक निर्विरोध निर्वाचित

## सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां समिति: नामांकन प्रक्रिया पूर्ण, चार सीटों पर 17 को होगा मतदान

**संवाददाता, बेलरायां/लखीमपुर खीरी।**

**अमृत विचार:** सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां में मंगलवार को संचालक पदों पर नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई। चीनी मिल संघ लखनऊ की निवृतमान उपाध्यक्ष साधना पांडेय समेत सात संचालक निर्विरोध चुने गए हैं। शेष चार सीटों पर 17 अक्टूबर की सुबह दस बजे से मतदान होगा।

बेलरायां सरजू सहकारी चीनी मिल की प्रबंध कमेटी के संचालक पद के लिए चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। चीनी मिल के दस संचालक क्षेत्र हैं। इन क्षेत्रों से संचालक चुने जाने के लिए 11 अक्टूबर को नामांकन दाखिल किए गए थे। मंगलवार को नामांकन वापसी और चुनाव चिह्न आवंटन की प्रक्रिया पूरी हुई। एकल नामांकन दाखिल होने के कारण उत्तर प्रदेश चीनी मिल संघ की निवृतमान उपाध्यक्ष कस्बा बेलरायां निवासी भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम जी पांडेय की पत्नी साधना पांडेय व छह अन्य संचालक निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। संचालक क्षेत्र खैरटिया, गंगानगर, नौरंगाबाद और पचपेड़ा में प्रत्याशियों के आमने-सामने होने से इन चारों सीटों पर 17 अक्टूबर की सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। इसी दिन मतदान के बाद मतगणना होगी और चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनाव अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी भारत प्रसाद ने बताया कि प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। निवृतमान उपाध्यक्ष साधना पांडेय के संचालक चुने जाने पर क्षेत्र के लोगों ने खुशी जाहिर की है। तमाम लोगों ने उन्हें आवास पर जाकर जीत की बधाई बधाई दी और मुंह मीठा कराया।

### चीनी मिल उपाध्यक्ष पद का चुनाव 18 को

बेलरायां चीनी मिल की प्रबंध समिति के लिए संचालक पदों का 17 अक्टूबर को परिणाम घोषित हो जाएगा। इसके बाद मिल प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष व अन्य समितियों में भेजे जाने वाले संचालकों का चुनाव होगा। नामांकन से लेकर मतदान तक की प्रक्रिया 18 अक्टूबर का ही शाम चार बजे तक पूरी हो जाएगी। उसी दिन चीनी मिल उपाध्यक्ष के भाग्य का फैसला आ जाएगा।

- 11 को नामांकन हुए थे मंगलवार को नाम वापसी



साधना पांडेय।

### निर्विरोध घोषित हुए संचालकों की सूची

| संचालक | क्षेत्र |
|---|---|
| साधना पांडेय | अन्य समितियां |
| दुलही | प्रेसेनजीत गर्गवंशी |
| निघासन | संतोष कुमार |
| मल्लबेहड़ | ललिता देवी |
| सरोजनी देवी | मोतीपुर |
| मनोज कुमार | रकेहटी |
| रेशम सिंह | दुबहा |

### गन्ना समिति के संचालक पदों के लिए मतदान आज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति के तीन संचालक पद पर 16 अक्टूबर को सुबह 10 से 4 बजे तक मतदान कराया जाएगा। उसी दिन मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। संचालक पद पर 11 में से आठ निर्विरोध प्रत्याशी चुने जाने का रास्ता साफ होने के बाद तीन सीटों पर प्रत्याशी मैदान में रह गए। देर शाम तक मतदान स्थल पर व्यवस्थाओं का दौर चलता रहा। जबकि प्रत्याशी डेलीगेट वोटरों की मान मनौव्वल के आखिरी प्रयासों में जुटे रहे। सहकारी गन्ना समिति के चुनाव में डेलीगेट चुने जाने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद संचालक पद पर जोर आजमाइश का दौर चल रहा है। समिति परिसर में तीन निर्वाचन क्षेत्रों के लिए कुल तीन मतदेय स्थल बनाए गए हैं, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान होगा। संचालक क्षेत्र ग्रन्ट मुल्तानपुर से रामकुमार और रामराखन के बीच कड़ा मुकाबला होगा। चांदपुर से सात प्रत्याशी मैदान में है, यहां किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन वापस नहीं लिया। यहां आलोक कुमार, जिवेन्द्र सिंह, प्रभात प्रताप सिंह, माधवेन्द्र शाह, मुकेश, साधना व हरिओम मिश्रा मैदान में हैं। ग्रंट नंबर 11 में आशीष कुमार और नोखेलाल आमने सामने हैं। निर्वाचन अधिकारी बीबी सिंह ने बताया कि मतदान के बाद तत्काल मतगणना और परिणाम घोषित होंगे। 17 अक्टूबर को नए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष के साथ ही अन्य संस्थाओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों का भी चुनाव होगा।

### अराजकता फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

अर्बन कोआपरेटिव बैंक लखीमपुर में सदर विधायक को थप्पड़ मारने की घटना के बाद पुलिस और प्रशासन सख्त हो गया है। प्रभारी निरीक्षक तिकुनिया अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि 17 अक्टूबर को होने वाले बेलरायां चीनी मिल के संचालक पदों और 18 अक्टूबर को चीनी मिल बोर्ड उपाध्यक्ष पद पर चुनाव होगा। इसको लेकर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए हैं। किसी ने चुनाव में कोई खलल पैदा करने और अराजकता फैलाने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से तिकुनिया के साथ ही सिंगाही, निघासन समेत अन्य थानों की पुलिस को भी तैनात किया जाएगा। बैरिकेडिंग भी लगाई जाएगी। बता दें कि लखीमपुर स्थित अर्बन कोआपरेटिव बैंक के प्रबंध समिति के नामांकन के दौरान सदर विधायक की पिटाई मामले के बाद पुलिस फूंक फूंक कर कदम रख रही है। इससे पहले फूलबेहड़ में साधन सहकारी समिति के डेलीगेट चुनाव के दौरान श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी के पर्चा छीनने को लेकर बवाल हुआ था।

# नगर विकास मंत्री ने किया 60 लाख के कार्यों का लोकार्पण



मैलानी में विकास कार्यों का लोकार्पण करते नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर।

**संवाददाता, मैलानी**

**अमृत विचार:** नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर ने आदर्श नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर नगर में 60 लाख रुपये से हुए विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी, समाजसेवी भवानी शंकर माहेश्वरी के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित, पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना करते हुए विकास कार्यों के बोर्ड का लोकार्पण किया। नगर के मुख्य बाजार में बनाई गई रोड का लोकार्पण कर नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर ने कहा कि जिस तरह मैलानी नगर पंचायत द्वारा द्वारा विकास कार्य निरन्तर हो रहे हैं। मैलानी नगर जनपद में प्रथम स्थान पर देखा जा रहा है। स्वच्छ छवि वाली नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी विकास कार्यों का सिलसिला निरंतर जारी रखें। आगे भी विकास कार्य में जितनी भी धनराशि लगेगी उसे शासन से पास कराने की जिम्मेदारी मेरी है। उन्होंने कहा कि विकास कार्य सहित जनता के लाभ प्रिय योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य सरकार कर रही हैं और करती रहेगी। उप जिलाधिकारी गोला विनोद कुमार गुप्ता, नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी आरके चौधरी, भाजपा नेत्री गुरमीत कौर, नगर पंचायत कर्मी इमरान खान, दिलशाद हुसैन, राहुल कुमार, बालकराम, भाजपा कार्यकर्ता सुरेंद्र मिश्रा, हरिहर दत्त मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# मच्छरों से बचाव के लिए गांव जलालपुर में कराई गई फॉगिंग



जलालपुर में फॉगिंग करते श्रमिक। ● अमृत विचार

**संवाददाता, केशवापुर**

**अमृत विचार:** बांकेगंज ब्लाक की आदर्श ग्राम पंचायत जलालपुर में मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए फॉगिंग कराई गई।

ग्राम प्रधान नजमा के प्रतिनिधि अल्ताफ अंसारी, ग्राम पंचायत अधिकारी ब्रजेश कुमार सविता ने बताया कि ग्राम पंचायत में खतरनाक बीमारी पैर न पसार सके इसके लिए सफाईकर्मी कबीर अहमद के द्वारा पंचायत के गांव जलालपुर, जगन्नाथपुर, अल्लागंज, खुदागंज के गली मोहल्लों, बाजार हाट में मच्छर जनित बीमारी डेंगू, मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारियों से जन मानस को सुरक्षित रखने के लिये फॉगिंग कराई गई। बदलते मौसम के साथ खांसी, जुकाम, बुखार तेजी से फैल रहा है। बुखार जानलेवा न बन सके, इसलिए ग्राम पंचायत ने फॉगिंग कराने का काम शुरू किया है।

# डूबने से मौत घर वाले माने नहीं, रोका अंतिम संस्कार

**संवाददाता, बिजुआ**

**अमृत विचार:** थाना फूलबेहड़ के गांव पूजा गांव अषाढ़ी निवासी गुड्डू का शव पोस्टमार्टम के बाद जब गांव पहुंचा तो परिवार में चीख पुकार मच गई। उन्हें जब इस बात का पता चला कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी पानी में डूबने से मौत आई है तो वह भड़क उठे। परिवार वालों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। वह दोबारा पैनल से पोस्टमार्टम कराने और रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जब दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया। तब जाकर परिजन माने और शव का अंतिम संस्कार किया। इस दौरान कई थानों की पुलिस मौजूद रही।

थाना फूलबेहड़ के पूजागांव अषाढ़ी निवासी गुड्डू (26) रविवार की शाम बंधा पर मछली पकड़ने गया था। सोमवार की सुबह झाल में उसका शव मिला था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया। पोस्टमार्टम के बाद देर शाम शव गांव पहुंचा तो परिवार वालों में चीख पुकार मच गई। सुबह परिवार वालों को जानकारी हुई कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी डूबने से मौत होने की बात आई है। इस पर परिजन भड़क गए। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर सवाल खड़े करते हुए शव का दोबारा पोस्टमार्टम कराने, हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। इससे पुलिस के हाथ पाव फूल गए। सूचना पाकर फूलबेहड़ पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों को मनाने की हर संभव कोशिश की, लेकिन परिजन अपनी मांग पर अड़ गए।

माहौल बिगड़ता देख आसपास के थानों की भी पुलिस को मौके पर बुला लिया गया। सूचना पाकर सीओ धौरहरा पीपी सिंह भी मौके पर पहुंच गए और परिवार वालों से वार्ता की। परिवार वालों का कहना था कि गुड्डू की हत्या की गई थी। उसके गले में कट का निशान था। शरीर पर चोटें भी थी। सवाल किया कि तब कैसे मान लिया जाए कि गुड्डू की डूबकर मौत हुई है। सीओ की तमाम कोशिशों के बाद भी जब परिजन नहीं माने तो पुलिस ने परिवार वालों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की और दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया। तब जाकर परिजन शांत हुए और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार कर दिया।



मृतक के घर के बाहर ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

- पैनल से दोबारा पोस्टमार्टम और हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने की गई मांग
- रिपोर्ट दर्ज होने और दो आरोपियों के हिरासत में लेने पर शांत हुए परिजन

> परिवार वालों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। दो लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> **– पीपी सिंह, सीओ धौरहरा**



मृतक के परिजनों से बातचीत करते सीओ पीपी सिंह। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### मदरसा अन्सारुल उलूम में हुई इस्लामी कॉन्फ्रेंस



**कुकरा, अमृत विचार :** कुकरा के मदरसा अन्सारुल उलूम में ग्यारह रवी उस्सानी पर जीलानी की सवानेह उमरी पर इस्लामी कांफ्रेस कराई गई। इजलास को खिताब करते हुए अंसार मस्जिद के इमाम हाफ़िज़ अब्दुस्सलाम अंसारी ने मोहैय्युद्दीन जीलानी बड़े पीर दस्तगीर हज़रत अब्दुल कादिर जीलानी रहमतुल्लाह अलैह की सवानेह उमरी पर रौशनी डाली। नायब मुदर्रिस हाफ़िज़ शबीब रजा बरकाती ने इस्लामी कांफ्रेस में फ़रमाया कि प्रत्येक मोमिन, मुस्लिम को चाहिए कि आले नबी औलादे अली पीरों के पीर ग़ौसे पाक जीलानी रहमतुल्ला अलैह की हक़ीक़त, तरीक़त, मार्फ़त, शरीयत पर चलकर ही जन्नतुल फ़िरदौस में आला मुक़ाम हासिल कर सकता है। जल्से का आगाज़ तिलावते कलामुल्लाह से हुआ। सरपरस्ती हाफ़िज़ अब्दुस्सलाम अंसारी ने की। इनअकाद अंजुमन कमेटी के खजांची डॉ शकील अंसारी ने किया। इजलास की निज़ामत हाफ़िज़ बिलाल रजा बिलाली ने की। जल्से में कासिम अंसारी, लईक अंसारी, मुख्तार अंसारी, हाफ़िज़ असलम रजा, सहित मजहबे इस्लाम के तमाम दीवाने रहे।

### राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन



**बरवर, अमृत विचार :** चंदन लाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज भौनापुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवां के सौजन्य से राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि तहसीलदार मोहम्मदी प्रीति सिंह, विशिष्ट अतिथि बीडीओ मोहित कौशिक, बीईओ पसगवां संजीव भारती ने मां शारदे के सम्मुख दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। सीएचसी पसगवां की अर्श काउंसलर शालिनी पांडेय की अध्यक्षता में डा.रविंदर सिंह और डॉ आशुतोष शुक्ला की चिकित्सकों की पूरी टीम ने विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें हीमोग्लोबिन और बीएमआई के बारे में बताया। स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से शौच करने के बाद विधिवत हाथों का धुलना, भोजन करने से पहले तथा बाद में हाथों का धुलना व नियमित स्नान करना, दांतों को साफ रखना, व नाखूनों को नियमित रूप से काटना व साफ रखने की जानकारी दी। कार्यक्रम में चित्रकला, प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य मनोज वर्मा व परमेश्वदीन ने किया। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष गोपीनाथ मिश्र, प्रबंधक सुरजनलाल वर्मा, उप प्रधानाचार्य बृजसिंह, मोनू वर्मा कुशवाहा, रामौतार वर्मा मौजूद रहे।

### अखिलेश से मिलकर सपा नेता रेहान ने बताई समस्याएं



**पलिया कलां, अमृत विचार :** नगर के प्रमुख सपा नेता रेहान खान ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की। उन्हें पलिया तहसील क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं की जानकारी दी और सदन में उठाने की मांग की। उन्होंने क्षेत्रीय राजनीतिक गतिविधियों की भी उन्हें जानकारी दी। रेहान खान ने पूर्व मुख्यमंत्री से पलिया क्षेत्र में हर साल आने वाली बाढ़ का स्थाई समाधान तलाशे जाने व किसानों के बकाया करोड़ों के गन्ना मूल्य भुगतान दिलाए जाने तथा इन दिनों हो रहे विभिन्न चुनावों में की जा रही गड़बड़ियों को जनहित में उठाए जाने की मांग की।

# देवी मैया के भजन सुनकर भक्ति में डूबे श्रद्धालु



बोझवा के देवी जागरण में सजी झांकी। ● अमृत विचार

**संवाददाता, पलिया कलां**

- पलिया-भीरा के मध्य ग्राम बोझवा में देर रात तक चला देवी जागरण

**अमृत विचार :** पलिया-भीरा के मध्य ग्राम पंचायत मटहिया के उप ग्राम बोझवा में नवरात्रि पर सजे देवी पंडाल में रात देवी जागरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

जिसमें बाहर से आए विभिन्न कलाकारों ने देवी गीतों की ऐसी झड़ी लगाई कि सम्मुख बैठे सैकड़ों श्रद्धालु पूरी रात भक्ति के रस में गोते लगाते रहे।

बीच-बीच में प्रस्तुत की गईं विभिन्न मनमोहक झांकियां श्रोताओं को आनंद विभोर करती रहीं। जागरण कलाकार विशाल शर्मा, मुस्कान शर्मा, सुमित बजरंगी, तेजपाल, सुभाष, संजय आदि ने जहां गणेश वंदना, गुरु वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया, तो उन्होंने विभिन्न मनमोहक भजन गाकर लोगों को रात भर बैठे रहने को दिवस किया। उन्होंने मैया की चुनरिया, चलो बुलावा आया है, बेटा हो यदि परेशान तो पिता सो नहीं सकता, राधे राधे जपो चले आएंगे मुरारी आदि विभिन्न भजन गाकर लोगों को भक्ति भाव में रसलीन कर दिया।

कार्यक्रम व्यवस्थापक दीपक मौर्य, उत्तम मौर्य, मनोज कुमार कश्यप, बलराम आदि अनेक युवक पूरी रात व्यवस्था में लगे रहे। इस अवसर पर जागरण सुनने वालों की भारी भीड़ जुटी।

### माता के जगराते में जमकर झूमे भक्त



**औरंगाबाद, अमृत विचार :** कस्बे के देवी स्थान मंदिर पर सोमवार की रात दुर्गा जागरण आयोजित हुआ। मां के जगराते में हरदोई से आए कलाकारों के सुंदर सुंदर भक्ति गीतों पर भक्त थिरकने को मजबूर हो गए। कलाकारों ने कई सजीव झांकियों का मंचन कर खूब तालियां बटोरी। मां के जगराता कार्यक्रम का शुभारंभ विजय पाल मिश्रा ने पूजन वंदन करके किया। देवी स्थान मंदिर औरंगाबाद में हरदोई से आए तिवारी जागरण ग्रुप ने कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की। हरदोई आरके मस्ताना व कानपुर से आई दीपांशी तिवारी ने मां की भेंटे गाकर भक्तों का मन मोह लिया। कानपुर से आई दीपांशी तिवारी ने वीर हनुमाना अति बलवाना राम राम रसियो रे प्रभु मन बसियो रे ...बालाजी के भजन पर भक्तों ने खूब ताली बजाकर आनंद उठाया। इस दौरान प्रमुख रूप से राम किशोर मिश्र, हाकिम, अजय, धीरू, रोमेश चौहान, विपुल, रविशंकर, शोभित, नितेश,अविरल, गोपाला आदि मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से चौकी प्रभारी अनूप कुमार मिश्र भारी पुलिस के साथ तैनात रहे।

# सदस्यता अभियान में प्रथम रहा लखीमपुर खीरी: लोधी

- सक्रिय सदस्यता अभियान की कार्यशाला में प्रदेश मंत्री का संबोधन

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** भाजपा के प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी ने कहा है कि सदस्यता अभियान में लखीमपुर जिला अव्वल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रवाद व हिंदुत्व की बात करती है। साथ ही भारत की संस्कृति व अस्मिता को बचाने के लिए विकास के साथ गरीब, नौजवान, महिलाओं के हितों की बात कर भारत को विश्व का अग्रणी राष्ट्र बनाने के लिए कार्य कर रही है।

भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में सक्रिय सदस्यता अभियान की कार्यशाला आयोजित की गई। जिला संयोजक व उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह अभियान की कार्यशाला में आयोजित होने वाले तमाम बिंदुओं को रखा। अवध क्षेत्र के उपाध्यक्ष एवं प्रवासी मदींद्र पांडे ने कहा कि 15 से 30 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता का अभियान जिले में चलाया जाएगा। कार्यशाला को अभियान के प्रमुख व महामंत्री राम जी मौर्य, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, बादल अरोड़ा, संतोष कुमारी, विनोद वर्मा, विनोद लोधी ने भी संबोधित किया। अंत में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के भाई गोविंद सिंह, महामंत्री राम जी मौर्य के पिता राजाराम मौर्य, अंकुर तिवारी समेत दिवंगत कार्यकर्ताओं की याद में शोकसभा की गई।



कार्यशाला को संबोधित करते मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी।

# 17 .46 लाख की लागत से बनने लगा पंचायत भवन

**अमृत विचार**
**खबर का असर**

**संवाददाता, कुकरा**

**अमृत विचार:** कस्बे के पंचायत भवन की समस्या पर अमृत विचार में छपी खबर का अधिकारियों ने संज्ञान लिया है। राजस्व के दस्तावेजों में दर्ज गाटा संख्या 779 की आराजी पर पंचायत भवन का निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। शासन ने नए पंचायत भवन के लिए 17 लाख 46 हजार रुपए जारी किए हैं। रुपये जारी होने के बाद निर्माण कार्य भी शुरू करा दिया गया है।

कुकरा के पंचायत भवन की इमारत खस्ताहाल होकर खंडहर में तब्दील हो जाने को अमृत विचार अखबार ने बेबाकी से खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

प्रकाशित खबर को शासन ने संज्ञान लेकर ग्राम पंचायत कुकरा में नव पंचायत भवन के निर्माण कराने के लिए 17 लाख 46 हजार रुपए की मंजूरी दी। प्रधान रहनुमा चौधरी ने ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अशोक कुमार राना को नव पंचायत भवन की इमारत को बनवाने का निर्देश दिया है। प्रधान के अनुसार अशोक कुमार राना द्वारा कस्बा में आबादी की गाटा संख्या 779 की आराजी पर पंचायत भवन की नई इमारत बनवाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी करा दिया है। कस्बा के वाशिंदों ने अमृत विचार की मुहिम का शुक्रिया अदा किया।



कुकरा में पंचायत भवन का हो रहा निर्माण कार्य। ● अमृत विचार



कुकरा में मिट गया पंचायत भवन का अस्तित्व, रह गया मैदान

पूर्व में छपी खबर की पीडीएफ।

> नव पंचायत भवन की इमारत को बनवाने के लिए शासन ने पंचायत विभाग को 17 लाख 46 हजार रुपए की मंजूरी दी है। जिससे कस्बा की गाटा संख्या 779 की भूमि पर नई पंचायत भवन की इमारत बनवाई जा रही है।
> **– अशोक कुमार राना ग्राम पंचायत अधिकारी कुकरा।**

# नेत्र शिविर में 110 लोगों का परीक्षण, 50 को मोतियाबिंद



परेली कॉलेज में मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर। ● अमृत विचार

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** पटेल शांति निकुंज इंटर कॉलेज परेली में डॉक्टर श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल मोहम्मदी सहदेवा के द्वारा लगाए गए नेत्र शिविर में 110 लोगों का परीक्षण किया गया, जिसमें 50 मोतियाबिंद से ग्रसित मिले। कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल की देखरेख में लगाए गए कैंप में मोतियाबिंद से ग्रसित मरीजों को ऑपरेशन के लिए हास्पिटल की बस से भेजा गया। कैंप में डॉ निखिल अग्रवाल, चावली, सीटू, शारदा शुक्ला, मुस्कान मंसूरी, शोभित, बबली यादव, मोहिनी शुक्ला, शमन, राखी, समीर अली पूरी टीम ने अपनी उपस्थिति में सभी मरीजों को देखा। पटेल शांति निकुंज इंटर कॉलेज परेली के प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ ने अपना सहयोग किया।

# बदायूं सिंचाई परियोजना : किसान को जमीन का पैसा देने का आदेश

## बिना भुगतान शुरू कर दिया था निर्माण, हाईकोर्ट के आदेश पर जागा शासन

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** बदायूं सिंचाई परियोजना में भी एक किसान को उसकी जमीन का भुगतान किए बगैर निर्माण शुरू कर देने का मामला सामने आया है। इस मामले में दायर याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने किसान को 19.37 लाख का भुगतान करने का आदेश दिया है। इसके बाद सिंचाई विभाग के लखनऊ और बरेली के अफसरों को भूमि के अभिलेखों का दोबारा सत्यापन कर किसान को भुगतान करने के निर्देश जारी किया गया है।

संयुक्त सचिव सिद्धशरण पांडेय की ओर से प्रमुख अभियंता (सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के विभागाध्यक्ष) को जारी चिट्ठी में एक्सईएन बाढ़ खंड बरेली के अधीन बदायूं सिंचाई परियोजना के इस प्रकरण का हवाला दिया है। इसमें कहा गया है कि राजेंद्र सिंह व अन्य की रिट पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय की ओर से 16 जुलाई को सुनाए फैसले के बाद प्रमुख अभियंता के प्रस्ताव के अनुसार किसान को 19 लाख 37 हजार 592 रुपये की धनराशि का भुगतान किया जाना है। राज्यपाल ने भी इसकी वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है।

संयुक्त सचिव ने एक बार फिर भूमि के स्वामित्व संबंधी अभिलेखों की जांच करने के बाद ही असल भूस्वामी को भुगतान करने का निर्देश दिया है। यह भी कहा है कि किसी गलत व्यक्ति या एक ही भूस्वामी को उसी भूमि के लिए दोबारा भुगतान करने जैसी वित्तीय अनियमितता हुई तो सभी संबंधित अधिकारी, अभियंता, कर्मचारियों को व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी माना जाएगा। संयुक्त सचिव ने पत्र की प्रतिलिपि मुख्य अभियंता रुहेलखंड, मुख्य अभियंता पूर्वी गंगा, सिंचाई एवं जल संसाधन, अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड को भी भेजी है।

### सपा सरकार में स्वीकृत हुई थी यह परियोजना

सपा सरकार में बदायूं सिंचाई परियोजना वर्ष 2014 में स्वीकृत हुई थी। रामगंगा नदी से लेकर दातागंज तहसील के हजरतपुर तक करीब 46 किलोमीटर लंबी नहर खोदी जानी है। इसके लिए 60 गांवों के सैकड़ों किसानों से आपसी समझौता के आधार पर भूमि अधिग्रहित की गई थी। लेकिन किसानों को धनराशि नहीं मिली है। कई किलोमीटर तक नहर किसानों के खेतों के बीच कई साल पहले खोदी गई थी जो वैसी ही खुदी पड़ी है।

# प्रधानमंत्री की मंशा है विश्व पटल पर चमके रजा लाइब्रेरी : राज्यपाल

**रामपुर, अमृत विचार :** राज्यपाल और रजा लाइब्रेरी बोर्ड की अध्यक्ष आनंदी बेन पटेल ने मंगलवार को कहा कि रामपुर रजा लाइब्रेरी को विश्व पटल पर पहचान दिलाने के लिए मिलकर प्रयास करें। प्रधानमंत्री की भी मंशा है कि रजा लाइब्रेरी में संरक्षित भारतीय संस्कृति से देश-विदेश के लोग लाभांवित हों। इस दौरान राज्यपाल ने रजा लाइब्रेरी में लगी पांडुलिपियों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इसके बाद राज्यपाल ने पांडुलिपियों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। पांडुलिपियों की बाबत रजा लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र और लाइब्रेरियन डॉ. अबूसाद इस्लाही ने राज्यपाल को विस्तार से जानकारी दी। राज्यपाल ने रजा लाइब्रेरी की पहचान विश्व पटल पर कराने की बाबत कहा कि रजा लाइब्रेरी की धरोहर चहारदीवारी में कैद होकर रह गई है। प्रधानमंत्री चाहते हैं कि संस्कृति और परंपराएं विश्व पटल पर पहुंचें। इस दिशा में सरकारों की ओर से गतिशीलता होना चाहिए। दुनिया में तमाम बड़े-बड़े राष्ट्रों के पास वह नहीं है जो हमारे पास है। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी के विकास में और उसके रखरखाव में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड-शाहजहाँपुर।

पत्रांकः– 586/ल0सिं0/ लेखा/निविदा/हार्वेस्टिंग/2024–25 दिनांकः–10/10/2024

**शुद्धि पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 541/ल0सिं0/रेन–वा0हार्वे0/निविदा/2024–25 दिनांक 30.09.2024 के द्वारा अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या 12/EE/2024–25 का प्रकाशन कराया गया था, जिसमें आंशिक संशोधन करते हुये उक्त निविदा दिनांक 18.10.2024 को प्रातः 10: 00 बजे से दिनांक 22.10.2024 को प्रातः 11: 00 तक डाउनलोड/अपलोड किये जाने हेतु साइट पर उपलब्ध रहेगें, तथा दिनांक 22.10.2024 को 12: 00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिंचाई वृत्त, बरेली के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता महोदय की अध्यक्षता में गठित निविदा समिति के द्वारा खोले जायेंगे, शेष यथावत रहेंगे।

**अधिशासी अभियन्ता**

UP-220764, DATE-14-10-2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

**लघु सिंचाई खण्ड, शाहजहाँपुर।**

## कार्यालय नगर पंचायत कुंवरगांव (बदायूं)

पत्रांक: 830/न.प.कुंवरगांव/2024–25 दिनांक: 10.10.2024

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत कुंवरगांव की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 में कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के अन्तर्गत नगरीय निकायों में निकायों में कान्हा गौशाला का निर्माण कराये जाने हेतु प्राप्त होने वाली धनराशि से प्रस्तावित कार्य नगर पंचायत कुंवरगांव क्षेत्रान्तर्गत कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय स्थल का निर्माण कार्य। निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ठेकेदारों से दिनांक 10.10.2024 से दिनांक 05.11.2024 दोपहर 02:00 बजे तक ई–निविदा (टैक्नीकल/फाइनेन्शियल बिड) आमंत्रित की जाती है। जिसकी समस्त कार्यवाही वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। आमंत्रित ई–निविदा दिनांक 06.11.2024 को प्रातः 11:00 अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेंगी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकार में निहित होगा।

**अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कुंवरगांव (बदायूं)** **नगर पंचायत कुंवरगांव (बदायूं)**

## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-प्रापण निविदा सं.-**
**उप मु.इं.-निर्माण-एलजेएन-05-2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं. :** 1, **खुली निविदा संख्या :** उपमु.इं.-नि.-एलजेएन-05-2024 दिनांक 09.10.2024, **कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में बहराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड आमान परिवर्तन परियोजना के अन्तर्गत सिग्नल एवं टेलीकॉम तथा विद्युत से सम्बन्धित विभिन्न भवनों, नाली, सेफ्टी फेन्सिंग, बाउण्ड्रीवाल और अन्य कार्यों से सम्बंधित सिविल कार्यों के निष्पादन का कार्य, **अनुमानित निविदा मूल्य :** रु. 7,48,68,339.35, **बयाना राशि :** रु. 5,24,400.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. निल, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 (छः) माह। • **क्रम सं.-1:-** ई-टेण्डर डालने की अन्तिम तिथि 01.11.2024 समय 15.00 बजे तक है तथा उसी दिन 15.30 बजे मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर के कार्यालय में खोली जायेगी। • निविदा सूचना, योग्यता मापदंड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट http://ireps.gov.in अथवा वेबसाइट www.ner.indianrailways.gov.in पर भी देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

**उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण-II**
**मुजाधि/डब्ल्यू-271 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ जं.**

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**

# डीजे लेकर पहुंचीं अंजुमनें लौटाई

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार:** पुराने शहर से निकलने वाले जुलूस-ए-गौसिया में मंगलवार को कई अंजुमनें रोक के बावजूद डीजे लेकर पहुंच गईं और कई डीजे लगाकर आने की तैयारी कर रही थीं। इस पर सभी डीजे वाली अंजुमनों को रोक दिया गया और 80 में सिर्फ पांच अंजुमनों से ही जुलूस निकाला गया।

जुलूस-ए-गौसिया में शामिल होने वाली 80 अंजुमनों को बैठक में बुलाकर सूचना दी गई थी कि इस साल जुलूस मंगलवार दोपहर 2 बजे बिना डीजे के निकलेगा। जुलूस में गैर शरई कामों की इजाजत नहीं दी जाएगी। जुलूस के तय समय पर सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां और जुलूस आयोजक अंजुमन गौस ओ रजा (टीटीएस) हाजी शारिक नूरी सैलानी रजा चौक पर पहुंच गए। एक घंटे इंतजार करने के बाद पता लगा कि अधिकतर अंजुमन डीजे लेकर आ रही हैं, जिसके बाद मंच से सज्जादानशीन ने एलान किया गया जो पांच अंजुमन बिना डीजे के आई हैं उन्हीं के साथ जुलूस निकाला जाए। उसके बाद सज्जादानशीन बिना डीजे वाली अंजुमनों के साथ पैदल चल पड़े। मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि देर से और डीजे के साथ आई अंजुमनों को समझा कर वापस कर दिया कि वे लोग अगले साल समय पर और बिना डीजे के आएं तो उनका स्वागत है। अगले साल जुलूस-ए-मोहम्मदी और जुलूस-ए-गौसिया में भी यही नियम लागू रहेगा।

## कार्यालय ग्राम पंचायत जौनेर विकास खंड मीरगंज, (बरेली)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में ग्राम पंचायत जौनेर में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है– प्रथम श्रेणी ईट, सीमेंट, रेत, बजरी, बजरफुट, सरिया व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है आदि।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | यादराम के मकान से सुरेश पाली के मकान तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 240872.53/- |
| 2. | सुरेश पाली के मकान से होली चौक तक सीसी व एल टाइप नाली निर्माण कार्य | 348926/- |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 16.10.2024 से 17.10.2024 दोपहर 2 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिनांक 17.10.2024 को सायं 4 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत सचिवालय पर खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

**ग्राम प्रधान–प्रमिला** **सचिव–एम. अनस**

## कार्यालय ग्राम पंचायत -धर्माखेड़ा पसगवां-खीरी

पत्रांक –मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2024–25 दिनांक 16.10.2024

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत धर्माखेड़ा में वित्तीय वर्ष 2024–25 में 15th वित्त/05th वित्त योजना के अंतर्गत निम्न निर्माण कार्य कराया जाना है। जिसमें सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मो के स्थाई फर्म जिसका आय कर/वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो, से मोहर बंद निविदा दिनांक 16.10.2024 से 23.10.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक डाक द्वारा अथवा ग्राम पंचायत धर्माखेड़ा के पंचायत कार्यालय में निविदा पेटिका में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त हुई निविदा पंचायत कार्यालय धर्माखेड़ा में दिनांक 23.10.2024 अपरान्ह 4:00 बजे खोली जाएगी। निम्नलिखित कार्य हेतु एक या सभी निविदा निरस्त करने का और आपूर्ति सामग्री की मात्रा घटाने और बढ़ाने का सम्पूर्ण अधिकारी अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | बदलूराम के मकान से गयाप्रसाद के मकान तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 70m | 243300 |

मौरंग, सीमेंट, बालू, रेता, लाल ईट, रोड़ी, इंटरलॉकिंग ईट।

**ग्राम प्रधान–कलिन्द्री देवी** **ग्राम पंचायत सचिव –कुणाल गुप्ता**

## कार्यालय नगर पंचायत बरखेड़ा, पीलीभीत

पत्रांक: 16/न.पं.ब./2024–25 दिनांक: 15.10.2024

**आवश्यक सूचना**

RCUES से सम्बद्ध समस्त अभिकृत फर्म / व्यक्तियों / समूहों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बरखेड़ा, पीलीभीत द्वारा यूरड वाटर मैनेजमेन्ट (UWM) एस.टी.पी. का प्लांट के निर्माण/संचालन हेतु डी.पी.आर. बनाया जाना है, जिसके लिए RCUES से सम्बद्ध समस्त अधिकृत फर्म / व्यक्तियों / समूहों को सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित डी.पी.आर. तैयार करने हेतु दिनांक 24.10.2024 तक सायं 04:00 बजे तक अपनी–अपनी दरें नगर पंचायत बरखेड़ा, पीलीभीत की ई–मेल npbarkhera@gmail.com पर प्रेषित कर सकते है। न्यूनतम दर की आधार पर इच्छुक फर्मो में से चयन किया जायेगा। निर्धारित अवधि के उपरान्त ई–मेल स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**लाल चन्द्र भारती** **श्याम बिहारी भोजवाल**
**अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**
**नगर पंचायत बरखेड़ा, पीलीभीत** **नगर पंचायत बरखेड़ा, पीलीभीत**

## कार्यालय नगर पंचायत खुदागंज, जनपद शाहजहांपुर

पत्रांक: 3130/न.पं.खु./प्रेस विज्ञप्ति/2024–25 दिनांक: 15.10.2024

**सूचना**

नगर पंचायत खुदागंज के समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत खुदागंज में क्रय की गयी भूमि / प्लाट एवं पैतृक भूमि / प्लाट के नामांतरण हेतु सम्पत्ति को नगर पंचायत खुदागंज के अभिलेखों में दर्ज कराने हेतु निम्न लोगों ने प्रार्थनापत्र दिये है।

| क्र.सं. | क्रेता/भूस्वामी का नाम व पता | विक्रेता का नाम एवं पता | भूखण्ड का स्थान | भूखण्ड का क्षेत्रफल | भूखण्ड / दुकान की चौहददी |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | ममता मिश्रा पत्नी राजकुमार मिश्रा नि. मो. रामबाग, खुदागंज जनपद शाहजहांपुर | कमला देवी पत्नी नत्थू लाल नि. मो. लक्ष्मीपुर रामबाग, खुदागंज, जनपद शाहजहांपुर | मो. हनुमानगली खुदागंज | 93 वर्ग मी. | उत्तर में निगोही–खुदागंज रोड<br>पूरब में मुनेन्द्रपाल सिंह<br>पश्चिम में कटरा–खुदागंज रोड<br>दक्षिण में दुकान कमला देवी |

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो एक माह के अन्दर किसी भी कार्यालय दिवस में नगर पंचायत खुदागंज कार्यालय में दर्ज करा सकता है, उक्त समय सीमा के बाद किसी भी आपत्ति पर नगर पंचायत खुदागंज द्वारा कोई विचार नहीं किया जायेगा और उपरोक्त सम्पत्ति नगर पंचायत खुदागंज अभिलेखों में दर्ज कर ली जायेगी। सूचित होवे।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत खुदागंज**
**शाहजहांपुर**

## पूर्वोत्तर रेलवे

सूचना संख्या 200 / 2024



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के लिए लालकुआँ एवं बान्द्रा (टर्मि.) के मध्य साप्ताहिक सुपरफास्ट गाड़ी का नियमित संचलन लालकुआँ से दिनांक 21.10.2024 एवं बान्द्रा (टर्मि.) स्टेशन से दिनांक 22.10.2024 से निम्न ठहराव एवं समयनुसार किया जायेगा।

**गाड़ी सं. 22544/22543 लालकुआँ–बान्द्रा (टर्मि.)–लालकुआँ सुपरफास्ट एक्सप्रेस गाड़ी (साप्ताहिक)**

**गाड़ी सं. 22544 लालकुआँ से दिनांक 21.10.2024 से और गाड़ी सं. 22543 बान्द्रा (टर्मि.) से दिनांक 22.10.2024 से।**

| गाड़ी सं. 22544 लालकुआँ–बान्द्रा(टर्मि.) | | स्टेशन (↓ ↑) | गाड़ी सं. 22543 बान्द्रा(टर्मि.)–लालकुआँ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 07:45 | लालकुआँ | 13:15 | --- |
| 08:25 | 08:30 | रुद्रपुर सिटी | 12:23 | 12:28 |
| 09:20 | 09:22 | रामपुर | 11:43 | 11:45 |
| 09:52 | 10:02 | मुरादाबाद | 11:03 | 11:11 |
| 10:31 | 10:33 | अमरोहा | 10:09 | 10:11 |
| 11:31 | 11:36 | हापुड़ | 09:08 | 09:13 |
| 12:40 | 12:42 | गाजियाबाद | 08:30 | 08:32 |
| 13:35 | 13:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 07:30 | 07:45 |
| 15:55 | 16:00 | मथुरा जं. | 05:00 | 05:05 |
| 16:23 | 16:25 | भरतपुर | 04:08 | 04:10 |
| 18:13 | 18:15 | सवाई माधोपुर | 01:43 | 01:45 |
| 19:30 | 19:40 | कोटा | 00:30 | 00:35 |
| 23:30 | 23:35 | रतलाम | 21:10 | 21:15 |
| 03:00 | 03:08 | वडोदरा | 16:01 | 16:11 |
| 04:50 | 04:55 | सूरत | 14:19 | 14:24 |
| 05:59 | 06:01 | वापी | 13:00 | 13:02 |
| 07:30 | 07:32 | बोरीवली | 11:23 | 11:26 |
| 08:30 | ---- | बान्द्रा (टर्मि.) | ---- | 11:00 |

रेक संरचना: एलएसएलआरडी–01, जनरेटर–सह–लगेज यान–01, साधारण द्वितीय श्रेणी–04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी–03, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी–02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी–01, शयनयान श्रेणी–06 = कुल 18 कोच

मुजाधि / टी–67 मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थों लेकर यात्रा न करें**

# फर्जी दरोगा ने नौकरी का झांसा देकर युवती को बंधक बनाकर लूटा

• **बदायूं के कुंवरगांव का रहने वाला है आरोपी**

**बरेली, अमृत विचार:** फर्जी दरोगा ने युवती को नौकरी दिलाने का झांसा देकर किराये के अपार्टमेंट में बंधक बनाकर रखा। जेवर, एटीएम कार्ड समेत अन्य सामान छीन लिया और गला दबाकर हत्या की कोशिश की। होश आने पर युवती अपने घर पहुंची और मां को पूरी बात बताई। युवती ने थाना सुभाषनगर में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सुभाषनगर निवासी युवती के मुताबिक उसने एमए बीएड की पढ़ाई की है। वह नौकरी की तलाश कर रही थी। 28 अगस्त को करगैना में एक युवक दरोगा की वर्दी में मिला। उसने अपना नाम शेखर शर्मा उर्फ गोलू बताया। वह बदायूं के कुंवरगांव का रहने वाला है। उसने कहा कि वह उसकी नौकरी लगवा देगा। उसकी बातों में आकर वह उसके साथ पराग मिल्क डेयरी के सामने ड्रिमून होम्स अपार्टमेंट में गई। वहां वह चौथी मंजिल पर सी-414 फ्लैट में ले गया और बंधक बना लिया। शेखर ने उसके जेवर छीन लिए, जिनकी कीमत करीब 85 हजार रुपये थी। उसका एटीएम कार्ड भी ले लिया और मारपीट कर उसका पिन नंबर पता कर लिया। आरोपी ने उसकी दुपट्टे से गला दबाकर हत्या की कोशिश की और मृत समझकर भाग गया। वह 13 अक्टूबर को अपने घर वापस आई और मां को पूरी बात बताई। इसके बाद थाना सुभाषनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई। युवती के मुताबिक आरोपी पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों से ठगी करता है। वह राह चलते लोगों पर पुलिस का रौब दिखाकर रुपये ऐंठ लेता है।

# पूर्व विधायक मास्टर छोटेलाल गंगवार धोखाधड़ी के मामले में बरी

**विधि संवाददाता, बरेली :** 24 साल पहले धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात के मुकदमे में पूर्व विधायक मास्टर छोटेलाल को अदालत ने दोषमुक्त कर दिया। रामपुर मिलक निवासी राम बहादुर ने थाना नवाबगंज में आटा चक्की, डीजल इंजन खरीदने में धोखाधड़ी करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने को अर्जी दी थी जिसमें गंगवार इंटरप्राइजेज के मास्टर छोटेलाल और वीरेंद्र कुमार शर्मा को प्रतिवादी बनाया था। कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ था। दो दशक से अधिक समय चले इस मुकदमे में नौ विवेचकों की ओर से की गई विवेचना में अभियुक्त की वल्दियत का अंकन नहीं किया गया और पता गलत अंकित करते हुए आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया गया था। विशेष न्यायाधीश एम पी/एमएलए न्यायालय शांभवी ने संज्ञान लिया। अभियोजन पक्ष आरोपित अपराध को साबित करने में असफल रहा। मास्टर छोटेलाल के ओर से पैरवी अरविंद गंगवार एडवोकेट ने की।

## कार्यालय ग्राम पंचायत जामुनिया रना पसगवां-खीरी

पत्रांक –मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2024–25 दिनांक– 16.10.2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जामुनिया रना में वित्तीय वर्ष 2024–25 में 15 वां वित्त/05 वां वित्त योजना के अंतर्गत निम्न निर्माण कार्य कराया जाना है। जिसमें सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मो के स्थाई फर्म जिसका आयकर/वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो, से मोहर बंद निविदा दिनांक 16/10/2024 से 23/10/2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक डाक द्वारा अथवा ग्राम पंचायत जामुनिया रना के पंचायत कार्यालय में निविदा पेटिका में आमंत्रित की जाती है, प्राप्त हुई निविदा पंचायत कार्यालय जामुनिया रना में दिनांक 23/10/2024 अपरान्ह 4:00 बजे खोली जाएगी निम्नलिखित कार्य हेतु एक या सभी निविदा निरस्त करने का और आपूर्ति सामग्री की मात्रा घटाने और बढ़ाने का सम्पूर्ण अधिकारी अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | मात्रा | सामग्री | लागत |
|---|---|---|---|---|
| 01. | सक्तेलाल के मकान से तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | 55 मी. | मौरंग, सीमेंट, बालू, रेता, लाल ईट, रोड़ी आदि सामग्री। | 102200/- |
| 02. | कबीरा बाबा से शिवसिंह के मकान तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 85 मी. | मौरंग, सीमेंट, बालू, रेता, लाल ईट, रोड़ी, इंटरलॉकिंग ईट आदि सामग्री | 511000/- |

**विनय कुमार** **कुणाल गुप्ता**
**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत सचिव**

## कार्यालय अधिशासी अधिकारी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण), पीलीभीत

फोन नं.- 05882-297788 E-mail: jalnigam_plb@yahoo.in

पत्रांक: 1679/फेज–03/128 दिनांक: 14.10.2024

**नीलामी सूचना**

जनपद–पीलीभीत में तहसील– बीसलपुर की 12 नग ग्राम पंचायतें क्रमशः 1. खुटराया, 2. शिबुआ, 3. ईटगांव 4. चदपुरा 5. जसोली दिवाली 6. परेवा ता. किशनी 7. मकरन्दपुर रोशन सिंह 8. अमखिड़िया, 9. कनपरी 10. चुटकना 11. बिहारीपुर एवं 12. पकड़िया मंगली में ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम हेतु चयनित भूमि में वृक्षों को काटना है। उक्त के पातन हेतु प्रभागीय वनाधिकारी वन एवं वन्य जीव प्रभाग, पीलीभीत से अनुमति प्राप्त कर ली गयी है। उक्त वृक्षों के पालन हेतु खुली नीलामी / बोली दिनांक 23.10.2024 को प्रातः 11:00 से तहसील बीसलपुर में होना प्रस्तावित है, के लिये इच्छुक ठेकेदार / व्यक्तियों को सूचना दी जाती है कि वे खुली नीलामी बोली में प्रतिभाग करें। नीलामी हेतु शर्ते निम्नवत् है।

1. न्यूनतम बोली अनुमानित वन विभाग की धनराशि से कम पर नहीं होगी।
2. नीलामी में भाग लेने वाले क्रेता को न्यूनतम 1000 रूपया नीलामी शुरू होने से पहले जमा करना होगा तभी नीलामी में भाग ले सकेंगे।
3. नीलामी के बाद पेड़ को शासकीय भवन / मुख्य सड़क को ध्यान को रखते हुये सुरक्षा की दृष्टि से कटायी का कार्य किया जायेगा। यदि किसी प्रकार क्षति होती है तो उसकी भरपाई क्रेता को करनी होगी।
4. नीलामी की अधिकतम बोलने वाले को क्रेता के रूप में अधिकृत माना जायेगा।
5. नीलामी के बाद अन्तिम नीलामी की धनराशि को क्रेता के द्वारा नगद उसी दिन कार्यालय में जमा करना होगा एवं पेड को कार्यस्थल से उठा लेना होगा।
6. नीलामी के समय जो टैक्स, आयकर, स्टाम्प या अन्य जो भी हो क्रेता के द्वारा वहन किया जायेगा।
7. वृक्षों के कटान हेतु अनुमति सक्षम स्तर से लेना आवश्यक होगा।

**मनीष गंगवार**
**अधिशासी अभियन्ता**

## कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली

पत्रांक: 971/मु.अभि./नि.वि./2024–25 दिनांक: 15.10.2024

**अल्पकालीन पुनः ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना शासनादेश सं. 3890/नौ–5–149 सा/2019 नगर विकास अनुभाग– 05 उ.प्र. शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर 2019 के अनुपालन में ठेकेदारों से निर्माण कार्यो हेतु निविदायें टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है।

| पुनः ई-निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं.-01) | |
|---|---|
| ई–निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 16-10-2024 (03:00 PM) |
| ई–निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 16-10-2024 (04:00 PM) |
| ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 21-10-2024 (03:00 PM) |
| ई–निविदा खोली जाने की तिथि / समय | 21-10-2024 (04:00 PM) |
| फाईनेन्शियल ई–निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evulation |

कार्यो का विवरण नियम व शर्तें नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई–निविदा लिंक एवं ई–पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**मुख्य अभियंता**
**नगर निगम, बरेली**

## कार्यालय नगर स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम, बरेली

पत्रांक : 179 स्वा.वि./2024–25 दिनांक : 15 अक्टूबर 2024

**पुनः ई–निविदा सूचना**

बरेली नगर के स्वास्थ्य विभाग के स्टोर में विभागीय आवश्यकतानुसार समय–समय पर विभिन्न नम्बरों के टायर व ट्यूब फ्लैप की आपूर्ति हेतु वर्ष 2024–25 में दरें प्राप्त करने के लिए जीएसटी में पंजीकृत, निर्माता कम्पनियों/अधिकृत विक्रेताओं/सबडीलर से सम्बन्धित फर्मो से ई–टैण्डरिंग की वेबसाइट https://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नांकित टैण्डर शैड्यूल के अनुसार दिनांक 16.10.2024 को आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्ते एवं कार्यो का विवरण ई–टैण्डरिंग की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। निविदा के साथ–साथ प्रथक–प्रथक धरोहर राशि (ई.एम.डी.) तथा निविदा शुल्क+GST वेबसाइट https://bareilly-tender.com पर ऑनलाईन पोर्टल पर जमा किया जाना अनिवार्य होगा। शर्तयुक्त निविदा मान्य नहीं होगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, बरेली का होगा। समस्त विवरण, शर्ते आदि ई–टेण्डरिंग की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

| Sr. | बरेली नगर निगम BNN Stage | Vendor Stage | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender Release | - | 16.10.2024 02:00 PM | - |
| 2. | - | Tender Download | 16.10.2024 02:00 PM | - |
| 3. | - | Bid Download | 16.10.2024 02:00 PM | - |
| 4. | Close for Bid | - | - | 22.10.2024 03:00 PM |
| 5. | Bid Opening | - | - | 22.10.2024 04:00 PM |

नोट : शासनादेश संख्या 3070/78–2–18/42 आईटी/2017/(22) दिनांक 03.01.2018 के अनुपालन में निविदादाता को धरोहर राशि (ट्रांजेक्शन नम्बर) की एफडीआर/एनएससी को स्कैन कर वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने जाने अर्थात् निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड्स खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल धरोहर राशि सम्बन्धी एफडीआर/एनएससी विभाग को उपलब्ध करानी होगी, यदि उपलब्ध नहीं करायी जाती है, तो निविदादाता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी तथा उस फर्म को निरस्त कर काली सूची में डालने की कार्यवाही की जायेगी।

**नगर स्वास्थ्य अधिकारी**
**नगर निगम, बरेली।**

# लालकुआं-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस का संचालन 21 से

**बरेली, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन ने 22544/22543 लालकुआं–बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस के संचालन के नियमित संचालन का एलान कर दिया है। ट्रेन लालकुआं से 21 अक्टूबर से प्रत्येक सोमवार और बान्द्रा टर्मिनस से 22 अक्टूबर से प्रत्येक मंगलवार को चलेगी। इस ट्रेन के चलने से रामपुर और मुरादाबाद के लोगों को मुंबई के लिए सीधी ट्रेन मिल सकेगी। 22544 लालकुआं–बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस लालकुआं से 07 :45 बजे चलकर रुद्रपुर 8 :30 बजे, रामपुर 9 :22 बजे और मुरादाबाद 10 :02 और बान्द्रा टर्मिनस 08 .30 बजे पहुंचेगी।

## कार्यालय नगर निगम, शाहजहांपुर

पत्रांक: 456/पी.आर.ओ./ज.क.वि./न.नि.–शाह./2024–25 दिनांक: 15.10.2024

**ई-निविदा सूचना**

15वें वित्त आयोग अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले विकास कार्यो की स्वीकृति हेतु समिति की बैठक दिनांक 14.08.2024 का कार्यवृत्त पत्रांक–303/न.वि./न.नि.शाह./2024–25 दिनांक 14 अगस्त 2024 के अनुपालन में नगर निगम, शाहजहांपुर के जलकल विभाग में जलापूर्ति से सम्बन्धित कार्यो हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत / अपंजीकृत फर्मो / ठेकेदारों से दिनांक 29.10.2024 की अपरान्ह 02:00 बजे तक द्वितीय वार ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जो तद्दिनांक 29.10.2024 की अपरान्ह 03:00 बजे खोली जाएगी। ई–निविदा प्रणाली की समस्त कार्यवाही वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर की जायेगी। कार्यो की निविदा शुल्क नगर निगम, शाहजहांपुर के बैंक खाता सं. 50200017927485 आई.एफ.एस.सी. बैंक, शाहजहांपुर में तथा कार्य की जमानत धनराशि नगर निगम के बैंक खाता सं.– 50265293184 IFSC कोड– IDIB000C632 इंडियन बैंक, गोविन्दगंज, शाहजहांपुर में जमा कराने उपरान्त मूल प्रति ई–निविदा के साथ अपलोड करनी होगी। 01 अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। कार्यो का विस्तृत विवरण किसी भी कार्य दिवस में जलकल अनुभाग में देखा जा सकता है।

**नगर आयुक्त**

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली

**ई–अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–02/अधिअभि0/रूनखब/2024–25**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से ऑनलाइन https://etender.up.nic.in/ के माध्यम से निम्नांकित कार्यो हेतु ई–अल्पकालीन निविदा दिनांक–23.10.2024 अपरान्ह 01:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी टेक्निकल बिड ऑनलाइन दिनांक–23.10.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली के कार्यालय कक्ष में उपस्थित फर्मो/ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी। ई–निविदा दिनांकः–18.10.2024 से प्रातः 01:00 बजे से डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। कार्यालय बन्द होने की दशा में यह ई–निविदा अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेंगी। निविदा नोटिस व प्रपत्र एवं शर्तो की जानकारी https://etender.up.nic.in/ व http://idup.gov.in पर उपलब्ध है।

| क्र0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू0में) जी0एस0टी रहित | धरोहर धनराशि | कार्यपूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0+ स्टेशनरी चार्ज सहित | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Silt Clearance of Kichha Canalal from Km. 6.00 to 31.400 | 13.61 | 28000.00 | 30 Days | 266.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 2 | Silt Clearance of DY Daulatpur from Km. 0.00 to 0.100 & Km 2.800 to 27.150 | 10.09 | 21000.00 | 30 Days | 266.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 3 | Silt Clearance of Right Paha from Km. 9.600 to 29.200 | 9.34 | 20000.00 | 30 Days | 266.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 4 | Silt Clearance of DY Bhojipura from Km. 18.500 to 40.170 | 11.00 | 22000.00 | 30 Days | 266.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 5 | Silt Clearance of DY Dalpatpur from Km. 0.00 to 22.450 | 9.67 | 20000.00 | 30 Days | 266.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 6 | Silt Clearance of DY Shahi from Km. 8.800 to 34.300 | 9.71 | 20000.00 | 30 Days | 266.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 7 | Silt Clearance of DY Left Grem from Km. 4.860 to 30.400 | 12.46 | 26000.00 | 30 Days | 266.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |

UP-20697, DATE-14-10-2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

**(नवीन कुमार सिंह)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली**

मूर्खा यत्र न पूज्यते धान्यं यत्र सुसंचितम्।
दंपत्यो कलहं नास्ति तत्र श्री : स्वयमागत : ॥

जहां मूर्ख को सम्मान न मिलता हो, जहां अनाज अच्छे तरीके से रखा जाता हो और जहां पति–पत्नी के बीच में लड़ाई न होती हो, वहां लक्ष्मी खुद आ जाती है।

## संपादकीय

# प्रौद्योगिकी और नैतिकता

आधुनिक तकनीक की मदद से हमारी कार्य करने की क्षमता का विस्तार हुआ है, जिससे आधुनिक तकनीक के विकास और उपयोग के संबंध में कई नैतिक मुद्दे सामने आए हैं। नैतिकता और प्रौद्योगिकी ने आधुनिक काल की शुरुआत से ही एक दूसरे को तेजी से प्रभावित किया है। प्रौद्योगिकी की नैतिकता का मतलब है, आधुनिक तकनीक के विकास और इस्तेमाल से जुड़े नैतिक विचारों और निहितार्थों का आकलन करना। प्रौद्योगिकी की नैतिकता में जिम्मेदारी, जोखिम, न्याय, समानता, और आजादी जैसे विषयों पर ध्यान दिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डिजिटल दुनिया के लिए वैश्विक नियम और कृत्रिम बुध्दिमत्ता (एआई) के नैतिक इस्तेमाल पर जोर देते रहे हैं। भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज व ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के रूप में परिवर्तित करने के उद्देश्य से डिजिटल इंडिया कार्यक्रम शुरू किया गया था। देश में डिजिटल इंडिया पहल के नौ वर्ष पूरे हो चुके हैं। वर्तमान में भारत विश्व का सबसे बड़ा डिजिटल रूप से जुड़ा लोकतंत्र है। भारत का डिजिटल परिवर्तन उल्लेखनीय रहा है, बेहतर कनेक्टिविटी और तकनीकी क्षमताओं के चलते इसके नागरिकों की डिजिटल तक पहुंच और समावेशिता में वृद्धि हुई है।

भारत की डिजिटल परिवर्तन यात्रा ने समाज के हर पहलू को प्रभावित किया है, जिससे टिकाऊ, सस्ती और परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी के आधार पर सभी के लिए डिजिटल पहुंच, सेवाओं की डिजिटल डिलीवरी और डिजिटल समावेशन सुनिश्चित हुआ है। डिजिटल इंडिया एक सशक्त भारत का प्रतीक है जिससे लोगों का जीवनयापन और ज्यादा आसान होता जा रहा है एवं पारदर्शिता भी बढ़ रही है। महत्वपूर्ण है कि मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (डब्ल्यूटीएसए) और इंडिया मोबाइल कांग्रेस के उद्घाटन के अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक स्तर पर ऐसी रूपरेखा तैयार करने की जरूरत है, जिसमें कृत्रिम मेधा और प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हों। वास्तव में आज जितने भी डिजिटल उपकरण और एप्लीकेशंस हैं, वो किसी भी देश की सीमा से परे हैं। साइबर खतरे तेजी से बदल रहे हैं और हमले के तरीके भी बदलते रहते हैं। इसलिए कोई भी देश अकेले इन खतरों से अपने नागरिकों की रक्षा नहीं कर सकता। आपस में जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा, ग्लोबल संस्थाओं को आगे बढ़कर जिम्मेदारी उठानी होगी। वास्तव में समय आ गया है वैश्विक संस्थाओं को डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए नियम-आधारित रूपरेखा के महत्व को स्वीकार करना होगा।

# भारतीय धर्मनिरपेक्षता अपने आप में अनूठी अवधारणा



अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

धर्मनिरपेक्षता, जिसे अंग्रेजी में सेकुलरिज्म कहा जाता है, आधुनिक युग का एक अत्यंत महत्वपूर्ण दार्शनिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनैतिक विचार है।

सभ्यताओं के विकास के प्रारंभ से मनुष्यों में सबसे अधिक एकता और एकजुटता कबीले और धर्म को लेकर रही है। इसीलिए अन्य भिन्नताओं की तुलना में कबीलाई और धार्मिक भिन्नता के आधार पर भेदभाव, अन्याय और अत्याचार के उदाहरणों से मानव का इतिहास भरा हुआ है। बड़े समाजों और देशों के अस्तित्व में आने के साथ कबीले का अस्तित्व तो समाप्त हो गया, लेकिन धर्म का प्रभाव और व्यापक हुआ। इसीलिए प्राचीन काल और मध्यकाल में धार्मिक सहिष्णुता एक अति प्रशंसित और उच्च मूल्य रहा है, लेकिन आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता मनुष्यता के लिए आवश्यक कुछ बड़े मूल्यों में से एक है।

धर्मनिरपेक्षता, जिसे अंग्रेजी में सेकुलरिज्म कहा जाता है, आधुनिक युग का एक अत्यंत महत्वपूर्ण दार्शनिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनैतिक विचार है। अंग्रेजी का 'सेकुलर' शब्द लैटिन भाषा के सेक्यूलम शब्द से बना है और सेक्यूलम का अर्थ है 'एक पीढ़ी, 'एक मनुष्य की जीवनावधि ', 'एक समय का युग ', या 'एक शताब्दी'। सामान्यतः यह शब्द धार्मिक और आध्यात्मिक के विपरीत लौकिक और ऐहिक के अर्थ मंध प्रयोग किया जाता था। इस शब्द को सन 1851 में एक नया अर्थ देते हुए धर्मेतर सामाजिक और राजनैतिक संदर्भ में प्रयोग करने का श्रेय जार्ज जैकब होलियोक (अप्रैल, 1817 - जनवरी, 1906) को दिया जाता है। लेखक, संपादक, सहकारिकता आंदोलन के प्रोत्साहक होलियोक एक अंग्रेज थे। होलियोक का धर्मनिरपेक्षता संबंधी विचार मानवतावाद की आधुनिक परिभाषाओं से बहुत मिलता-जुलता है और यह नास्तिकता से कहीं अधिक व्यापक है।

होलियोक नास्तिकता शब्द को नकारात्मक और अपर्याप्त मानते थे और वे इससे कुछ अधिक सकारात्मक और सटीक शब्द की तलाश में थे। धर्मनिरपेक्षता से उनका तात्पर्य है, 'जो जीवन के तात्कालिक कर्तव्य के रूप में मनुष्य की शारीरिक, नैतिक और बौद्धिक प्रकृति के विकास को संभव सर्वोच्च बिंदु तक ले जाना चाहता है, जो नास्तिकता, आस्तिकता या धर्म के अलावा प्राकृतिक नैतिकता की व्यावहारिक पर्याप्तता को विकसित करता है, जो भौतिक साधनों द्वारा मानव सुधार को बढ़ावा देने

भारतीय धर्मनिरपेक्षता अपने आप में एक अनूठी अवधारणा है। देश की आवश्यकताओं और विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए इसे अपनाया गया है। यह समाज में विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा तर्कवाद को प्रोत्साहित करती है, जो देश को एक आधुनिक धर्मनिरपेक्ष राज्य बनाने के लिए आवश्यक है।

को अपनी कार्यविधि के रूप में चुनता है और इन सकारात्मक समझौतों को एकता के सामान्य बंधन के रूप में उन सभी के लिए प्रस्तावित करता है और जो तर्क द्वारा जीवन को विनियमित करेंगे और सेवा द्वारा इसे उत्कृष्ट बनाएंगे।'

आज बदलते समय के साथ जीवन के मूल्य, दर्शन, दृष्टियां और शैलियां भी बदल गई हैं। मनुष्य की गतिशीलता अप्रत्याशित रूप से बढ़ गई है। व्यक्तियों, समाजों और देशों की दृष्टि से दुनिया विभिन्नताओं का एक समुच्चय है। इसमें विभिन्न रंगों, रूपों, नस्लों, धर्मों, पंथों, विश्वासों, आस्थाओं, मान्यताओं, सभ्यताओं, संस्कृतियों, विचारों, परंपराओं आदि के लोग रहते हैं। व्यक्तिगत, सामाजिक और राष्ट्रीय स्तर पर समायोजन और बदलाव अनिवार्य हो गया है। इतिहास ने प्रतियोगिता और प्रतिद्वंद्विता का वर्तमान रूप और स्तर कभी नहीं देखा। परिवर्तन की गति अभूतपूर्व हो गई है। ऐसी स्थिति में धर्मनिरपेक्षता की नीति का अनुसरण करके ही कोई समाज या देश प्रगति कर सकता है, अपने को प्रासंगिक और अद्यतन बनाए रख सकता है।

धर्मनिरपेक्षता एक जटिल और गत्यात्मक विचार है। अन्य विचारों या विषयों की तरह इसकी भी सर्वमान्य और सुस्पष्ट परिभाषा अब तक नहीं गढ़ी जा सकी। मानव समाज की प्रगति धर्मनिरपेक्षता के विचार को आधुनिक तार्किक समाज में मानक सामाजिक व्यवहार के रूप में लेकर आई है। दार्शनिक विचार के रूप में धर्मनिरपेक्षता धर्म का आश्रय लिए बिना केवल भौतिक दुनिया से प्राप्त मूल्यों और सिद्धांतों के आधार पर जीवन की व्याख्या करती है। राजनीतिक और सामाजिक दर्शन की यह वह व्यवस्था है, जो पूजा, आराधना और धार्मिक विश्वासों के सभी रूपों को अस्वीकार करती है। यह धर्म को परे रखकर भौतिक और सांसारिक जीवन की समस्याओं का हल दुनियावी दृष्टि से तलाशती है। वह इहलोक की समस्याओं का हल परलोक या अलौकिक शक्ति में या उसके माध्यम से नहीं तलाशती, बल्कि वह इहलोक की समस्याओं का हल विज्ञान, अनुसंधान और विकास से तलाशती है। यह धर्म और धार्मिकता से संबंद्ध विचारों को इहलोक से अलग रखती है। अर्थ, शिक्षा, न्याय, स्वास्थ्य आदि से संबंधित नीतियां और विधान बनाने में उसकी दृष्टि दुनियावी रहती है, धार्मिक नहीं। दार्शनिक दृष्टि से धर्मनिरपेक्षता का आधार नास्तिकता में है। व्यक्ति के जीवन मूल्य उसकी बुद्धि, विवेक और तर्कसंगत सोच व वैज्ञानिक दृष्टि का परिणाम हैं, न कि उसके धर्म का।

बीसवीं शताब्दी में दुनिया के कई राज्य सत्ताओं ने धर्मनिरपेक्षता को अपनी नीति में शामिल किया। हमारे देश की धर्म, भाषा, वेशभूषा, रूप, रंग, जाति, वर्ण, नस्ल, क्षेत्र आदि विविधताओं को देखते हुए हमारे संविधान निर्माताओं ने धर्मनिरपेक्षता को संविधान में सम्मिलित किया है। भारतीय संविधान में धर्मनिरपेक्षता को परिभाषित करते हुए 42 वें संविधान संशोधन, 1976 द्वारा इसकी प्रस्तावना में 'पंथ निरपेक्ष' शब्द को जोड़ा गया। यहां पंथनिरपेक्षता का अर्थ है कि भारत सरकार धर्म के मामले में तटस्थ रहेगी। धर्मनिरपेक्षता में धर्म और धार्मिक विषयों को इहलौकिक विषयों से जानबूझकर दूर या तटस्थ रखा जाता है। धर्मनिरपेक्षता राज्य द्वारा किसी विशेष धर्म को संरक्षण देने से रोकती है।

राज्य राजनीति या किसी गैर-धार्मिक मामले से धर्म को दूर रखता है तथा धर्म के आधार पर किसी से भी कोई भेदभाव नहीं करता है। विशेष बात यह है कि राज्य किसी धर्म का विरोध नहीं करता है, वरन् सभी नागरिकों को अपने धार्मिक विश्वासों और मान्यताओं को पूर्ण स्वतंत्रता से मानने की छूट देता है। धर्म व्यक्ति का नितांत निजी मामला है, जिसमें राज्य तब तक हस्तक्षेप नहीं करता, जब तक कि विभिन्न धर्मों की मूल धारणाओं में आपस में टकराव की स्थिति उत्पन्न न हो। व्यक्ति अपनी धार्मिक पहचान के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होता है इसलिए वह किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह के हिंसापूर्ण व्यवहार के विरुद्ध सुरक्षा प्राप्त करना चाहेगा। यह सुरक्षा सिर्फ धर्मनिरपेक्ष राज्य ही प्रदान कर सकता है।

भारतीय धर्मनिरपेक्षता अपने आप में एक अनूठी अवधारणा है। देश की आवश्यकताओं और विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए इसे अपनाया गया है। यह समाज में विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा तर्कवाद को प्रोत्साहित करती है, जो देश को एक आधुनिक धर्मनिरपेक्ष राज्य बनाने के लिए आवश्यक है। यह एक सकारात्मक, क्रांतिकारी और व्यापक अवधारणा है, जो विविधता को मजबूती प्रदान करती है। यह एक उदार एवं व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है, जो 'सर्व धर्म समभाव' की भावना से परिचालित है। धर्मनिरपेक्षता सभी को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करती है। इसमें किसी भी समुदाय का अन्य समुदायों पर वर्चस्व स्थापित नहीं होता है। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था को मज़बूती प्रदान करती है तथा धर्म को राजनीति से पृथक करने का कार्य करती है।

धर्मनिरपेक्षता का लक्ष्य नैतिकता तथा मानव कल्याण को बढ़ावा देना है, जो सभी धर्मों का मूल उद्देश्य भी है। भारतीय परिप्रेक्ष्य में धर्मनिरपेक्षता को लेकर आरोप लगाया जाता है कि यह पश्चिम से आयातित है अर्थात इसका उत्स और विकास ईसाइयत में खोजा जाता है। पश्चिमी धर्मनिरपेक्षता, जहां धर्म एवं राज्य के बीच पूर्ण संबंधविच्छेद पर आधारित है, वहीं भारतीय संदर्भ में यह अंतर धार्मिक समानता पर आधारित है। पश्चिम में धर्मनिरपेक्षता का पूर्णतः नकारात्मक एवं अलगाववादी स्वरूप दृष्टिगोचर होता है, वहीं भारत में यह समग्र रूप से सभी धर्मों का सम्मान करने की सांवैधानिक मान्यता पर आधारित है। भारतीय धर्मनिरपेक्षता ने अंतःधार्मिक और अंतर धार्मिक वर्चस्व पर एक साथ ध्यान केंद्रित किया है। इसने हिंदुओं के अंदर दलितों और महिलाओं के उत्पीड़न और भारतीय मुसलमानों अथवा ईसाइयों के अंदर महिलाओं के प्रति भेदभाव तथा बहुसंख्यक समुदाय द्वारा अल्पसंख्यक धार्मिक समुदायों के अधिकारों पर उत्पन्न किए जा सकने वाले खतरों का विरोध किया है, जो इसे पश्चिमी धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा से भिन्न बनाती है।

## प्रसंगवश

# सिर्फ़ सोचने से होता क्या है

घर का सामान आमतौर पर हम ही लाते हैं। बाजार पास है। टहलते हुए चले जाते हैं। ले आते हैं। काफी सामान कैंटीन से भी आ जाता है, जो सामान यहां नहीं मिलता उसके लिए मॉल चले जाते हैं। घर का सामान आनलाइन नहीं ही मंगाते हैं।

दो दिन पहले चना और कुछ और सामान लाना था। हमने जाने में कुछ देर की। तब तक बेटे का फोन आ गया। बातचीत में उसको पता चला कि ये सामान लाना है तो उसने कहा -'अभी आर्डर कर देते हैं। दस मिनट में आ जाएगा।' खाने-पीने का सामान, केक वगैरह बच्चे पहले भी मंगाते रहे हैं आनलाइन आर्डर करके, लेकिन दाल-चना, परचून की दुकान वाली चीजें नहीं मंगाई गईं थीं अब तक। बच्चे ने सामान आर्डर कर दिया। 'ब्लिंकइट' एप से। लिंक हमको दे दिया। बताया दस मिनट में आ जाएगा सामान। दस मिनट में सामान घर आ जाना एप के नाम को ही सार्थक करता लगा। 'ब्लिंकइट' मतलब -पलक झपकते। दस मिनट से कुछ पहले ही डिलीवरी बालक का फोन आ गया। वह मेरे घर से करीब दो किलोमीटर दूर था। फोन किया तो मैंने उसको रास्ता बताया। वह आया तो मैंने उससे पूछा - 'पता तो यहां का दिया था। दो किलोमीटर दूर कैसे पहुंच गए?' बालक ने बताया कि लोकेशन वहीं की दिखा रहा था। इसीलिए वहां पहुंच गए।



अनूप शुक्ल
कानपुर

बालक से ब्लिंकइट के काम करने के तरीके के बारे में पूछा तो पता चला -'पास ही आवास-विकास में बड़ा स्टोर है। आर्डर मिलते ही डिलीवरी बालक सामान लेकर लपकते हैं, पहुंचाने के लिए। दस मिनट में डिलीवर हो जाता है। दस मिनट में नहीं डिलीवर होता है सामान तो कारण बताना पड़ता है। बालक की मोटरसाइकिल पर ढेर धूल जमी थी। हमने कहा -'साफ रखा करो।' तो बोला बालक -'समय ही नहीं मिलता।' समय न मिलने की कहानी बताते हुए बोला बालक -'काम बहुत करना पड़ता है। सुबह से शाम तक डिलीवरी करते हैं। कंपनी वाले पैसा बचाने के लिए लड़के कम रखते हैं। सामान देकर बालक चला गया। हमको एक नई सामान सेवा की जानकारी हुई। शाम को एक और सामान का आर्डर किया बेटे ने। सुबह यह रह गया था। सामान देने के लिए आया बालक फिर दो किलोमीटर दूर था। पता यहां का था, लेकिन लोकेशन दो किलोमीटर दूर की। डिलीवरी बालक ने कहा -'लोकेशन यहां की ही है। आपके घर कैसे आएं?'

हमने रास्ता समझाया, लेकिन बालक अपनी परेशानी बताता रहा। उसकी समस्या यह भी थी या सही समझे तो यह ही थी कि दो किलोमीटर अतिरिक्त चलने में हुए तेल का भुगतान कौन करेगा? हमने कहा -'आ जाओ। देख लेंगे।' बालक आया। सामान लेने के बाद हमने पूछा -'पता तो यहीं का है। तुम क्या वहां डिलीवर कर देते जहां लोकेशन के हिसाब पहुंचे थे?'उसने कहा-"आपकी बात सही है, लेकिन हमको भुगतान लोकेशन के हिसाब से होता है। लोकेशन से अलग डिलीवरी करने पर तेल का पैसा अपने पास से लगता है।'

पता चला कि बेटे ने चूंकि बाहर से आर्डर किया था सामान इसलिए लोकेशन और पते में अंतर था। अगर हम करते घर से आर्डर तो लोकेशन और पता एक रहता। बेटे ने चार सौ किलोमीटर दूर से किया था आर्डर। चार सौ किलोमीटर दूर से आर्डर करने पर लोकेशन और पते में दो किलोमीटर का अंतर आया। मतलब ब्लिंकइट एप में 0.5 प्रतिशत की शुद्धता से दूरी का हिसाब करता है।

बालक ने बताया कि वह यह काम करते हुए पढ़ाई भी करता है। कुछ कंपटीशन की तैयारी भी कर रहा है। उसकी बहन भी नर्सिंग का कोर्स कर रही है। दोनों साथ रहते हैं। संघर्ष है, लेकिन मेहनत जारी है। आर्डर के हिसाब से एक डिलीवरी के लिए बालक को तीस रुपये मिलने थे। हमने आपने वायदे के मुताबिक़ उसे दे दिए। वह चला गया। बालक के जाने के बाद हम काफी देर से इस बारे में सोचते रहे कि आज हर काम के लिए सेवाएं उपलब्ध हैं। आप पैसा खर्च कीजिए हर सुविधा आपके पास हाजिर है। पैसे के जोर पर लोग अपनी सरकार तक बनवा ले रहे हैं। एक से एक बदमाश लोग मसीहा बने बैठे हैं इधर-उधर के पैसे के बल पर, लेकिन वो लोग क्या करें जिनके पास पैसे नहीं हैं? जिनके लिए जिंदगी जीना ही मुहाल है वे कौन सी सेवा लें? काश कोई ऐसा एप होता जो लोगों की न्यूनतम जरूरतों का इंतजाम करने में सहायक होता, लेकिन हमारे सिर्फ सोचने से क्या होता है? दुनिया तो अपने चलन के हिसाब चलती है।

# भूख मिटाने के लक्ष्य में ईमानदार कोशिशें नदारद



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

'विश्व खाद्य दिवस' अपने शुरुआती दिनों से ही बहुत खास दिन रहा है। खाद पदार्थों की उपलब्धता से आज भी कई मुल्क सामना कर रहे हैं।

भूख के आंकड़े न सिर्फ भारत, बल्कि विश्व भर में डरावने हैं। इस विषय पर हकीकत वाली तस्वीर निश्चित रूप से रोंगटे खड़ी करती है। संसार में 11 में से एक व्यक्ति आज भी रात में भूखे पेट सोने को मजबूर है। दुनिया के 73 करोड़ आबादी अब भी रोजाना भूखे पेट हैं। इनमें वो देश भी शामिल हैं, जो तरक्की की दिन रात डींगे हांगते हैं। बहरहाल 2024 की हंगर इंडेक्स रिपोर्ट के बीच 'विश्व खाद्य दिवस' को मनाना अपने आप में बहुत मायने रखता है। मायने इसलिए, ताकि हंगर रिपोर्ट के बहाने आज भुखमरी जैसे गंभीर विषय पर गंभीरता से विमर्श किया जा सकता है।

संसार गुजरे 45 वर्षों से 'विश्व खाद्य दिवस' मनाता आया है, जिसकी शुरुआत वर्ष-1979 में हुई थी। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन की सालाना बैठक में सदस्य देशों की आम सहमति से 16 अक्टूबर को ये दिवस मुकर्रर हुआ था। वो ऐसा वक्त था, जब आधी दुनिया भूख से कराहने को मजबूर थी। दरअसल इसी समय करीब 45 मुल्क ऐसे थे, जो गुलामी की बेड़ियों से नए-नए आजाद हुए थे। तब उनके सामने पेट भरने की सबसे बड़ी चुनौती थी। क्या बुजुर्ग, क्या बच्चे सभी भूख-प्यास से बिलखते थे। हालांकि भारत को आजाद हुए तब तीन दशक हो चुके थे, बिगड़ी स्थिति को हमने काबू कर लिया था। स्थित ऐसी भी हो गई थी कि अन्य भूखे देशों की सहायता भी करने लगे थे।

'विश्व खाद्य दिवस' अपने शुरुआती दिनों से ही बहुत खास दिन रहा है। खाद पदार्थों की उपलब्धता से आज भी कई मुल्क सामना कर रहे हैं। मौजूदा वक्त में कई देशों में जंग छिड़ी हैं, जिससे वहां की स्थिति भयाभय बनी हुई है। इसलिए भूख और गरीबी से लड़ने और भोजन के अधिकार को अपनाने की ओर आज का दिन ऐसे मजलूमों को संबल देता है।

पिछले सप्ताह आई 'ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट-2024' उन देशों को सतर्क करती है, जिनकी स्थिति भूख को लेकर अब भी ज्यादा अच्छी नहीं बताई गई है। रिपोर्ट में भारत का स्थान 127 देशों में 105 वां है, हालांकि पिछले सालों की तुलना में रैंक में मामूली सा सुधार हुआ है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 में भारत 125 देशों में 111 वें स्थान पर था। बावजूद इसके गंभीरता से मंथन करने की हमें भी जरूरत है। असमानता और गरीबी से निपटने, उनकी उपलब्धता बढ़ाने के लिए स्वस्थ भोजन विकल्प चुनने, भोजन की बर्बादी को कम करने और पर्यावरण की रक्षा करने में हम सभी की भूमिकाएं होती हैं।

भोजन की बर्बादी बड़ा मुद्दा उभरकर सामने आया है। इसे तत्काल प्रभाव से रोके जाने की जरूरत है। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को संदेह है कि क्या अगली पीढ़ी तक भूख को मिटाने का लक्ष्य पूरा हो पाएगा या नहीं? दरअसल ये ऐसा यक्ष प्रश्न है, जो सभी को सोचने पर मजबूर करता है। फिलहाल आज का दिन भूख और खाद्य सुरक्षा से संबंधित कई अन्य संगठनों द्वारा व्यापक रूप से भी मनाया जाता है, जिसमें विश्व खाद्य कार्यक्रम, विश्व स्वास्थ्य संगठन और कृषि विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय कोष शामिल रहते हैं। ये खास दिन भूख से पीड़ित लोगों के लिए वैश्विक जागरूकता और उनके खाद अधिकारों पर कार्रवाई को भी बढ़ावा देता है। खाद पदार्थों में अब मिलावट का होना कोई नई बात नहीं? दूषित खाने से लोगों का बीमार होना भी अब आम बात हो गई। ऐसे लोग खाद अधिकारों को इस्तेमाल करें, उसके लिए भी 'विश्व खाद्य दिवस' सभी को प्रेरित करता है।

रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद कई देशों में भुखमरी के हालात और पैदा हुए हैं। अन्य देशों द्वारा अगर मानवीय सहायता न की जाए, तो वहां स्थिति और बदतर हो जाती। भूखमरी के शिकार देशों की जहां तक बात है तो भूख के मामले में हैती अब भी सबसे ऊपर है। वहां कई अन्य परेशानियों के अलावा बार-बार प्राकृतिक आपदाओं का आना भी भूखमरी को बढ़ाने का कारण बना हुआ है। इसी कारण हैती की लगभग 65 प्रतिशत आबादी भूख का दंश झेलने को मजबूर है। वहां आधे से ज्यादा लोग आज भी गरीबी रेखा से नीचे हैं। वहीं, भूख पर आईसीएमआर की रिपोर्ट पर गौर करें, तो हिंदुस्तान में 2018 में 19 करोड़ लोग ऐसे थे, जिन्हें रोज दो वक्त का भरपेट खाना नहीं मिला। वर्ष-2022 में ये संख्या बढ़कर 35 करोड़ हुआ। तब 14 करोड़ लोग रात में भूखे पेट सोए। हांलाकि इन आंकड़ों में बीते दो वर्षों में सुधार हुआ है। केंद्र सरकार की मुफ्त आनाज वितरण योजना ने इन आंकड़ों को कम करने में बड़ी भूमिका निभाई है। इस योजना को बीते सप्ताह 2028 तक जारी रखने का निर्णय लिया गया है। भूख से लड़ाई लंबी है, इसे कम करने के लिए समूचे संसार को ईमानदारी से प्रयास करने होंगे।

## सोशल फोरम

# धारणा के युद्ध में असली हार

आजकल धारणा (परसेप्शन) बनाने का खेल बुरी तरह चल रहा है। राजनेता और सरकारें धारणा बनाने में व्यस्त रहते हैं और यह भी सही है कि धारणाएं ही उन्हें चुनाव जितवाने 'उनकी सरकार बनाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका में होती है। एक तरह से धारणा युद्ध चल रहा है। 'हम हैं तो संभव है, हम ही कर सकते हैं, हम कर रहे हैं, हमने ही सब तीर मारे है, पहले वाला तो बेकार था, यही सब बोला बतियाया जा रहा है। मतलब ढोल भले ही फटी हो, पर बताओ कि उससे निकलने वाला संगीत पहले कभी नहीं बजा और न ही कोई ऐसा मधुर संगीत बजा सकता है।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

धारणा बनाने के लिए सब कुछ किया जा रहा है, यहां तक कि सत्य की हत्या की जा रही है। भविष्य के सपने दिखाए जा रहे हैं। धारणा बनाने के वास्ते खबर को तोड़ मरोड़ करने के लिए लाखों लोगों को नौकरी पर रखा गया है। झूठ पर झूठ परोसा जा रहा है एक फ़ेक या तोड़ी मरोड़ी खबर को लाखों लोग वाट्सअप पर फारवर्ड कर रहे है। सत्यता क्या है, इससे किसी को कोई मतलब नहीं बस हउके रहो, लगे रहो मुन्ना भाई, फारवर्ड करते रहो। मीडिया जैसे महत्वपूर्ण तबके के तमाम नामचीन लोग निजी स्वार्थ वश इस अभियान में शामिल हो गए हैं। गोया वे भी इस युद्ध के सैनिक है। बहस के ज्यादातर आकंडे मैनुप्लेटिड हैं। चौराहों पर अपने अपने पसंदीदा चैनल की बातों को सही मानते लोग बहस कर रहे हैं, लोग हैं कि ताल ठोक रहे हैं, अपनी पीठ थपथपा रहे हैं, ताली बजा रहे हैं, मरने मारने पर उतारू है।

जो जितना ज्यादा धारणा आक्रमण माहिर है, उतना ही सफल हो रहा है, जिसके पास पैसा है, ताक़त है, दबाव है, नाटक है, कला है, वह उतनी अच्छी धारणा बनाने में सफल होगा और हो रहा है, सत्यता चाहे जो हो, नैतिकता चाहे जो कहे। आम जनता बेचारी जो सुनती है, उसके साथ नदी की तरह बस बही जा रही है। समझ ही नहीं पा रही है कि सत्यता क्या है, झूठ क्या है, झूठा कौन है? मेरा समझना है कि धारणा के इस युद्ध में असली हार आम जनता की और बड़े नक्शे पर देश की हो रही है। सही आंकड़े, सत्य बातें, सही स्थिति सामने आए तभी तो सही निर्णय हो।

-फेसबुक वॉल से

# दलित भी योद्धा हुए हैं यहां



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

लखनऊ में एक हजार साल पहले लाखन पासी नामक वीर और राजा हुए हैं, जिन्होंने विशाल किला बनवाया था। अब इस जगह मेडिकल कालेज, मच्छी भवन आदि कई इमारतें हैं। कुछ लोग लखनऊ नगर के नामकरण का आधार भी इस नाम को ही मानते हैं।

सामान्यतया यह माना जाता है कि दलित, जिन्हें प्राचीन वर्ण व्यवस्था वाली भाषा में शूद्र कहा गया है, समाज में उपेक्षित रहे और उनका कार्य सेवा करना ही था। इसमें कुछ सच्चाई भी है। हालांकि यह पूर्ण सत्य नहीं है और इस वर्ग के लोग युद्धवीर से लेकर राजा तक रहे हैं। मगध में इसी वर्ग के महापद्मनंद एक प्रतापी राजा हुए, जिन्होंने अपने शौर्य के बल पर अपने राज्य को विस्तीर्ण किया। छठी शताब्दी में शूद्रक नामक राजा हुए, जो कवि भी थे।'मृच्छकटिकम्' उन्हीं की रचना है। उनकी जाति का खुलासा तो नहीं किया गया, किंतु नाम के अनुसार स्यात वे शूद्र वर्ग के ही थे।

शिवाजी की वीरता असंदिग्ध है। उन्हें इतिहासकारों का एक वर्ग शूद्र और दूसरा क्षत्रिय मानता है। वैसे स्थानीय ब्राह्मणों ने उनका राजतिलक करने से इंकार कर दिया था और इस हेतु काशी से लोग बुलाए गए थे,तो कुछ बात तो रही होगी। रामायण काल में वानरों और रीछों के पराक्रम को कौन नहीं जानता! ये जन जातीय लोग थे; क्षत्रिय कदापि नहीं। महाभारत का भील जन जातीय वीर एकलव्य प्रसिद्ध ही है। कोई आठ सौ साल पहले मध्य काल में महोबे के राजा परमाल (परमार्दिदेव) और उनके सामंत आह्ला ऊदल विख्यात हैं। उन्होंने अनेक युद्ध किए। परमाल चंदेल और आह्ला बंधु तो बनाफर क्षत्रिय थे, किंतु उनके साथ धनुवा तेली और लला तमोली भी युद्ध करने जाते थे। पृथ्वीराज चौहान से हुए युद्धों में धनुवा का मुकाबला धांधू नामक योद्धा से होता था।" धीरज आह्ला की वरनी है, ऊदल चौड़ा की तलवार। धांधू धनुवा की वरनी मा चटकै पेशकब्ज कै मार"।। ये धीरज और चौड़ा इतिहासोल्लिखित धीर पुंडीर एवं चामुंडराय ही हैं। इतना ही नहीं एक कोरी बिरादरी का खुनखुन नामक शूरमा भी था ता दूसरा रूपन बारी। आह्लखंड में शादियों में और उनके लिए लड़ाइयां हुई हैं। रूपन, यों तो विवाहों में बारी बिरादरी वाला ही काम करते थे और लड़की वाले के दरवाजे 'ऐपन बारी'लेकर जाते थे, किंतु नेग में वे लघु युद्ध मांगते। कन्या पक्ष के लोग सकते में आ जाते कि वर पक्ष के बारी भी योद्धा हैं और फिर एक छोटा-मोटा युद्ध होता।" चारि घरी पर चली सिरोही औ बहि चली रक्त कै धार"।

लखनऊ में एक हजार साल पहले लाखन पासी नामक वीर और राजा हुए हैं, जिन्होंने विशाल किला बनवाया था। अब इस जगह मेडिकल कालेज, मच्छी भवन आदि कई इमारतें हैं। कुछ लोग लखनऊ नगर के नामकरण का आधार भी इस नाम को ही मानते हैं। इस क्रम में बिजली पासी का भी नामोल्लेख जरूरी है, जिन्होंने वर्तमान उत्तर प्रदेश के एक भाग पर शासन किया था और राजा सुहेलदेव का भी। ये दोनों अप्रतिम योद्धा थे।

# हर क्षेत्र में जरूरत है प्रेरित किए जाने की

आप कर्मचारियों का मनोबल और प्रेरणा कैसे बढ़ाते हैं? कर्मचारी प्रेरणा को प्रभावित करने वाले कारक क्या हैं? प्रेरित करने के लिए सिर्फ पैसे से ज्यादा प्रेरणा की जरूरत होती है लोग मूल्यवान महसूस करना चाहते हैं, टीम का हिस्सा बनना चाहते हैं और यह महसूस करना चाहते हैं कि वे कंपनी के लिए मायने रखते हैं। यह कर्मचारी प्रेरणा इस बात पर निर्भर करती है कि अपने कर्मचारियों को उनके कार्य दिवस के लिए कैसे उत्सुक बनाया।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

किसी कंपनी की सफलता के लिए कर्मचारी प्रेरणा तकनीकें जरूरी हैं। जब आप जानते हैं कि कर्मचारियों को कैसे प्रेरित किया जाए तो आप उनसे सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करेंगे। प्रेरित कर्मचारी कड़ी मेहनत करेंगे और खुद को कंपनी के मिशन के लिए समर्पित करेंगे। खुश कर्मचारी अधिक उत्पादक होते हैं और दूसरी नौकरी की तलाश करने के बजाय कंपनी के साथ बने रहने की अधिक संभावना होती है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि व्यवसाय क्या है, निजी क्षेत्र और सार्वजनिक क्षेत्र में कर्मचारी प्रेरणा एक दूसरे के समान ही महत्वपूर्ण हैं। कर्मचारी उत्पादकता बढ़ाने और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक स्ट्रक्चरल स्टील डिजाइन और डिटेलिंग कंपनी टीम डिटेलिंग सॉल्यूशंस ने अपने कर्मचारियों को 28 कारें और 29 बाइक उपहार में दी हैं, उनके एक अधिकारी का कहना था कि कर्मचारियों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहना के रूप में हुंडई, मारुति सुजुकी और मर्सिडीज बेंज जैसी कई नई कारें तोहफे में दी गई।

यह समझने की बात है कि प्रतिस्पर्धा के आज के दौर में अपने कर्मचारियों को प्रेरित और उत्साहित करते रहना बहुत आवश्यक है। प्रेरणा जो किसी व्यक्ति को अच्छे काम पर प्रदर्शन करने के लिए होती है। यह वह चीज है, जो किसी व्यक्ति को सुबह उठने और काम पर जाने के लिए उत्साहित करती है। जब कर्मचारी प्रेरित होते हैं तो उनके उत्पादक, रचनात्मक और अपने काम में लगे रहने की संभावना अधिक होती है। जरूरत है कर्मचारियों को निरंतर प्रेरित और उत्साहित किया जाए।

# बरेली सहित 24 औद्योगिक क्षेत्रों का विकास करेगा यूपीसीडा

## फुल डेप्थ रीक्लेमेशन तकनीक से बनेंगी सड़कें, स्ट्रीट लाइटिंग आदि सुविधाओं का होगा विकास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) कानपुर, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, रायबरेली आदि जिलों में स्थापित 24 औद्योगिक क्षेत्रों का कायाकल्प करेगा।

प्राधिकरण यहां मार्ग प्रकाश, सुरक्षा की दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे, विद्युत सब स्टेशन, टेलीफोन स्टेशन आदि सुविधाओं की व्यवस्था करेगा। साथ ही सड़कों का निर्माण फुल डेफ्थ रीक्लेमेशन तकनीक से करेगा। इससे न सिर्फ लागत कम होगी बल्कि गुणवत्ता में भी सुधार होगा। कार्ययोजना के तहत इन ये औद्योगिक क्षेत्र 4,025 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैले हुए हैं। प्राधिकरण द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार आगरा, मथुरा, मेरठ, गोरखपुर, संत कबीर नगर, मऊ, कानपुर, लखनऊ व रायबरेली में फुल डेप्थ रीक्लेमेशन (एफडीआर) तकनीक से सड़कों के निर्माण का कार्य होगा।

अवस्थापना सुविधाओं के विकास की बात करें तो स्ट्रीट लाइटिंग, सीसीटीवी, टेलीफोन स्टेशन, सब स्टेशन, स्ट्रीट फर्नीचर, बाउंड्री वॉल, एंट्री गेट आदि सुविधाएं विकसित और उच्चीकृत की जाएंगी। यूपीसीडा द्वारा डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार सड़क निर्माण समेत विभिन्न




प्रकार के इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेडेशन के कार्य होंगे। उन्हें छह पैकेज में विभाजित किया है। पहले पैकेज में आगरा के ईपीआईपी नगर, फौदारी नगर तथा सिकंदरा, मथुरा साइट ए शामिल हैं। वहीं, पैकेज 2 में जेपी नगर गजरौला एक व दो तथा बरेली के परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र चिह्नित हैं। तीसरे पैकेज में मेरठ के स्पोर्ट्स गुड्स कॉम्पलेक्स, साइट 2 लोनी रोड, साइट 3, लोनी इंडस्ट्रियल एरिया मेरठ रोड व उद्योग कुंज डासना चिह्नित हैं।

चौथे पैकेज में गोरखपुर, संत कबीर नगर व मऊ में विकास कार्य किया जाएगा। पैकेज 5 में कानपुर के पनकी व चकेरी में विकास कार्य होंगे। पैकेज 6 में लखनऊ के सरोजनी नगर , रायबरेली के साइट-एक व दो में विकास कार्य कराए जाएंगे। औद्योगिक क्षेत्रों में कुल 31 प्रकार के विकास व अपग्रेडेशन कार्यों को पूरा किया जाएगा।

### ये कार्य कराए जाएंगे

लोकनिर्माण विभाग के मानकों तथा यूपीसीडा की जरूरतों अनुसार एफडीआर तकनीक से सड़क निर्माण किया जाएगा। सड़क निर्माण में लेन मार्किंग, स्ट्रीट फर्नीचर आदि की व्यवस्था होगी। बाहरी व आंतरिकत ड्रेनेज सिस्टम की स्थापना, जल आपूर्ति, सीईटीपी व एसटीपी की स्थापना की जाएगी। इसी प्रकार, फ्लैटेड फैक्टरी का निर्माण, पेव्ड फुटपाथ, प्रवेश द्वार निर्माण, ट्रक पार्किंग टर्मिनल, बस शेल्टर, डॉर्मेटरी, फायर स्टेशन का निर्माण व अपग्रेडेशन, पुलिस आउटपोस्ट अपग्रेडेशन, सीएफसी बिल्डिंग का विकास, यूरिनल्स, ईवी चार्जिंग व स्मार्ट व्हीकल पार्किंग, इंटीग्रेटेड कमांड व कंट्रोल सेंटर की स्थापना की जाएगी। अंडरग्राउंड लाइन बिछाने, वीडियो कॉफ्रेंसिंग सिस्टम, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक्स के विकास, हाई मास्ट व डेकोरेटिव पोल्स की स्थापना, सीसीटीवी कैमरों व कमांड सेंटर की स्थापना, पॉल्यूशन मॉनिटरिंग व पब्लिक एड्रेसिंग सिस्टम व ट्रैफिक लाइट्स की स्थापना जैसे कार्य भी प्रक्रिया के अंतर्गत पूरा किए जाएंगे।

## महोबा में 10 वर्षीया बच्ची से दुष्कर्म आरोपी हिरासत में

**महोबा,एजेंसी:** जिले की पनवाड़ी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 10 वर्षीया बच्ची के साथ एक युवक ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि आरोपी को हिरासत लेकर पूछताछ की जा रही है। पनवाड़ी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) मनीष कुमार पाण्डेय ने मंगलवार को बताया कि यह घटना सोमवार की है जब पीड़िता खेल रही थी, तभी उसी गांव का युवक देवीदीन अनुरागी (21) उसे बहला-फुसलाकर सुनसान जगह ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि सोमवार शाम पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर मंगलवार को आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और घटना के बाबत उससे पूछताछ की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### हरदोई के अहिरोरी में अराजक तत्वों ने प्राचीन मंदिर में मां दुर्गा की मूर्ति तोड़ी, रिपोर्ट दर्ज



**हरदोई/टड़ियावां, अमृत विचार :** प्राचीन पंथवारी देवी के मातारानी मंदिर में लगी मां दुर्गा की मूर्ति को तोड़े जाने की खबर से इलाके में तनाव फैल गया। पुलिस ने दी गई तहरीर पर मामला दर्ज करते छानबीन शुरु कर दी है,वहीं सीओ हरियावां संतोष कुमार ससिंह ने लोगों से पूछताछ की और कहा कि ऐसा करने वाले अराजकतत्वों का पता लगाया जा रहा है,पुलिस की टीमें जुटी है। बताया गया है कि टड़ियावां थाने के अहिरोरी में प्राचीन पंथवारी देवी के माता रानी के मंदिर में मां दुर्गा की मूर्ति की स्थापित थी। सोमवार की रात वहां पहुंचे कुछ अराजकतत्वों ने मां दुर्गा की मूर्ति तोड़ दी। मंगलवार की सुबह वहां पूजा-अर्चना करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने देखा कि मां दुर्गा की मूर्ति कई टुकड़ों में इधर-उधर पड़ी हुई थी। इसका पता होते ही वहां तमाम लोगों की भीड़ लग गई। मां दुर्गा की टूटी हुई मूर्ति देख कर लोगों के चेहरे पर तनाव नज़र आ रहा था।उधर एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह अपनी टीम के साथ पहुंच गए,उधर सीओ हरियावां संतोष कुमार सिंह ने अहिरोरी पहुंच कर पूरे मामले की गहराई से छानबीन की और मंदिर की देखभाल करने वालों और आस-पड़ोस के लोगों से पूछताछ की।

### यूपी आयुष यूजी की दूसरी काउंसिलिंग आज से

**लखनऊ, अमृत विचार :** आयुष कॉलेजों में पहली काउंसिलिंग के बाद भी रिक्त रहने वाली स्नातक सीटों पर दाखिले के लिए बुधवार से दूसरी काउंसिलिंग शुरू होगी। निदेशक होम्योपैथी एवं नोडल अधिकारी प्रो .अरविंद कुमार वर्मा के नेतृत्व में संचालित होने वाली काउंसिलिंग में 19 को मेरिट सूची जारी की जाएगी और 22 अक्टूबर से दाखिले शुरू हो जाएंगे। उक्त जानकारी देते हुए नोडल अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि 18 तक अभ्यर्थी धरोहर राशि जमा करेंगे और अगले दिन मेरिट सूची जारी होगी। मेरिट सूची में शामिल अभ्यर्थियों से 19 अक्टूबर से मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं ली जाएंगी, साथ ही दस्तावेजों की जांच के बाद सीट आवंटित कर दी जाएंगी। सीट आवंटन के बाद 28 अक्टूबर तक अभ्यर्थियों को संबन्धित कालेजों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। होम्योथेपी निदेशक ने बताया कि दूसरी काउंसिलिंग में वही अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिन्हें पहली काउंसिलिंग में सीट आवंटित न हुई हो।

### सामूहिक दुष्कर्म के मामले में सुनवाई अब 16 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** भदरसा में 12 वर्षीय किशोरी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में मंगलवार को गवाही नहीं हो सकी। अब इसमें अगली पेशी 16 अक्टूबर नियत की गई है। मामले में मंगलवार को पेशी थी और गवाही के लिए पीड़िता तथा उसकी मां को तलब किया गया था लेकिन दोनों अदालत नहीं पहुंची। इसलिए मामले में गवाही की कार्यवाही नहीं पूरी हो सकी।

### महाकुम्भ के पहले सभी राज्यों में होगा रोड शो : जयवीर

**लखनऊ, अमृत विचार :** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि अगले साल प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ-2025 की आध्यत्मिकता एवं पौराणिकता से लोगों को जोड़ने के लिए दूसरे प्रांतों में रोड शो आयोजित कराएं जाएं। ये रोड शो राज्यों की राजधानी व अन्य नासिक, उज्जैन, हरिद्वार आदि में कराये जाएं।पर्यटन भवन में मंगलवार को पर्यटन मंत्री महाकुम्भ से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। सूचना विभाग द्वारा एलईडी युक्त कुम्भ यात्रा मोबाइल बस पूरे देश में भ्रमण करेगी। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रम विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, इण्टर कालेज, स्कूल आदि में संपन्न होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग के लिए संस्कृति विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण कराने की सुविधा होगी। ये कार्य 15 दिसम्बर तक सम्पन्न कराया जाना है। पर्यटन मंत्री ने निर्देश दिये कि प्री कुम्भ समिट के अंतर्गत कुम्भ लेजर शो, डिजिटल प्रदर्शनी, संगोष्ठी, ऑन स्पॉट कम्प्टीशन, कुम्भ क्वीज, लोक कलाकारों की प्रस्तुति, लघु फिल्म का आयोजन किया जायेगा।

# बहराइच में उपद्रवी बेदम हुए, स्थिति सामान्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **योगी ने दिखाई सख्ती, अब तक 52 उपद्रवियों को भेजा गया जेल**

**अमृत विचार:** बहराइच घटना में लिप्त उपद्रवियों की धर पकड़ जारी है। उपद्रवियों की हिस्ट्री खंगालने के लिए एक्स्ट्रा इंटेलिजेंस टीम लगायी गयी है। वहीं उपद्रवियों के पिछले ट्रैक रिकॉर्ड को खंगालने के साथ उनके मुकदमों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पूरे शहर के साथ प्रभावित इलाकों में लगातार फोर्स का मूवमेंट हो रहा है। इसके अलावा कुछ संदिग्धों पर विशेष टीम द्वारा नजर रखी जा रही है। एडीजी लॉ एंड आर्डर अभिताभ यश ने बताया कि बहराइच में अतिरिक्त वरिष्ठ अधिकारी सेक्टरवार गश्त कर रहे हैं।

बहराइच एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि अब तक 52 उपद्रवियों को जेल भेजा जा चुका है। इसमें सोमवार और मंगलवार को 26-26 उपद्रवियों को जेल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि संवेदनशील इलाकों में उच्च अधिकारियों के साथ लगातार गश्त की जा रही है। वहीं मामले में दो और एफआईआर दर्ज की गयी है। इसके अलावा वीडियो फुटेज के आधार पर उपद्रवियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस टीम द्वारा लगातार रेड की जा रही है। उन्होंने बताया कि पूरे शहर में शांति व्यवस्था कायम है और रोजमर्रा की तरह सामान्य गतिविधियां संचालित हैं। एसपी ने बताया कि अराजकतत्वों पर सोशल मीडिया के जरिये नजर रखी जा रही है ताकि शांति व्यवस्था कायम रहे।

हालांकि, माना जा रहा है कि, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती और पल-पल की मॉनीटरिंग से कुछ ही घंटों में बहराइच की घटना को कंट्रोल कर लिया गया। मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत ग्राउंड जीरो पर उच्च अधिकारियों ने उतर कर बहराइच में सुनियोजित तरीके से माहौल बिगाड़ने की साजिश को नाकाम कर दिया। बहराइच में सोमवार को ही स्थिति को कंट्रोल कर शांति व्यवस्था को कायम कर लिया गया था।

दरअसल, मुख्यमंत्री ने बहराइच की घटना का संज्ञान लेने के बाद स्थिति को कंट्रोल में करने के लिए उच्च अधिकारियों को ग्राउंड जीरो पर भेजा था। योगी के निर्देश के बाद एडीजी लॉ एंड आर्डर अमिताभ यश, गृह सचिव संजीव गुप्ता, एडीजी जोन गोरखपुर, आईजी रेंज, डीआईजी, मंडलायुक्त देवीपाटन शशि भूषण सुशील ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को कंट्रोल किया। मंडलायुक्त देवीपाटन शशि भूषण सुशील ने बताया कि पूरे शहर में शांति व्यवस्था कायम है। उन्होंने बताया कि घटना से प्रभावित इलाकों को नौ सेक्टर में विभाजित कर पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

## छात्राओं से दुर्व्यवहार का आरोपी शिक्षक निलंबित

**मुजफ्फरनगर,एजेंसी:** जिले के चरथावल ब्लॉक के सिकंदरपुर गांव में एक सरकारी प्राथमिक स्कूल के शिक्षक को स्कूल में छात्राओं से दुर्व्यवहार करने के आरोप में सोमवार को निलंबित कर दिया गया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आरोपी शिक्षक की पहचान प्रदीप कुमार के रूप में हुई है। बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया कि शिक्षक प्रदीप कुमार को निलंबित कर दिया गया है और स्कूल के प्रधानाध्यापक हरिराज को कर्तव्य में लापरवाही के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की गई।

# बसपा सभी सीटों पर अकेले लड़ेगी चुनाव: मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- **जिम्मेदारी निभाई होती तो बहराइच में नहीं होती घटना**

**अमृत विचार:** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि बसपा प्रदेश में उपचुनाव वाली सभी नौ सीटों पर अकेले मजबूती से चुनाव लड़ेगी। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि बसपा सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। बहराइच दंगा प्रकरण पर उन्होंने कहा कि अगर जिम्मेदारी निभाई गई होती तो घटना न होती।

महाराष्ट्र व झारखंड विधानसभा आम चुनाव व उपचुनाव की घोषणा का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव जितना कम समय में व धनबल-बाहुबल से मुक्त हो, उतना ही बेहतर है। इसका सारा दारोमदार भारत निर्वाचन आयोग पर निर्भर है। बसपा इन राज्यों में भी अकेले चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज के लोग इधर-उधर न भटकें, बल्कि डॉ भीमराव आंबेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान कारवां के सारथी बनकर शासक वर्ग बनने का अपना मिशनरी प्रयास जारी रखें।

इससे पहले उन्होंने पोस्ट के जरिये बहराइच दंगा प्रकरण पर सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि अगर जिम्मेदारी निभाई गई होती तो यह घटना नहीं होती। बहराइच जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति का खराब होकर काबू से बाहर हो जाना चिंताजनक है।

# आठवीं फेल नेता साइबर ठग गिरोह का सरगना निकला



पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए आरोपी • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **1.78 करोड़ की ठगी में एक राजनीतिक पार्टी का जिलाध्यक्ष और तीन निजी बैंककर्मी गिरफ्तार**

**अमृत विचार:** छावनी में सेवानिवृत्त सैन्य कर्मी से शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर 1.78 करोड़ की ठगी का साइबर क्राइम टीम ने खुलासा कर दिया है। साइबर टीम ने चार शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में तीन निजी बैंक कर्मी हैं। गिरोह का सरगना आठवीं फेल एक राजनीतिक पार्टी मध्यप्रदेश की जन कल्याण संघ समिति के पिछड़ा वर्ग का भोपाल जिलाध्यक्ष है। पकड़े गए शातिरों ने 20 राज्यों के तकरीबन 300 लोगों से 22 करोड़ ठगे हैं। गिरोह के तार विदेशों से भी जुड़े हैं।

डीसीपी अपराध आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि छावनी निवासी विनोद कुमार से संपर्क कर एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर शेयर मार्केट में निवेश कर भारी लाभ का लालच दिया गया। विनोद से निवेश के नाम पर कई बार में 1 करोड़ 78 लाख 85 हजार रुपये ले लिए गए। इसके बाद उनको ग्रुप से हटा दिया गया। उन्होंने 20 जून 2024 को साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। पकड़े गए अंतर्राज्यीय ठगों में सरगना रोहित सोनी निवासी भोपाल का रहने वाला है। रोहित सोनी आठवीं फेल है और मध्यप्रदेश की जन कल्याण संघ समिति के पिछड़ा वर्ग का जिलाध्यक्ष है। दूसरा ठग अक्षय गुरु निवासी होशंगाबाद है। अक्षय 12 वीं पास है और एक निजी बैंक में लोन रिकवरी एजेन्ट के रूप में कार्य कर रहा है। तीसरा मनीष कुमार मंडल निवासी मधुबनी बिहार है। चौथा आरोपी मयंक मीणा निवासी भोपाल है।

# पर्सनल लॉ बोर्ड ने उतारी उलेमाओं की टीम

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

- **इस्लाम की खूबियां बताकर मुसलमानों को एक प्लेटफार्म पर लाने की मुहिम**

**अमृत विचार:** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुहिम में 6 करोड़ मुसलमानों का समर्थन मिलना बड़ी सफलता मान रहा है।

अब बोर्ड को लग रहा है कि अगर कोशिश की जाए तो मसलकों को भुलाकर अपने हक के लिए मुसलमान आसानी से एक प्लेटफार्म पर आ सकते हैं। इसी प्रयास को आगे बढ़ाते हुए बोर्ड ने दर्जनों उलेमा को मैदान में उतार दिया है, जो अपने वीडियो जारी करके मुसलमानों को एक धागे में पिरोने की कोशिश कर रहे हैं।

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी के अलावा मौलाना फजलुर्रहीम मुजद्दी, मौलाना सैयद जलालुद्दीन उमरी, मौलाना उबैद उल्लाह आजमी, सैयद सआदत उल्लाह हुसैनी, डॉक्टर सैयद कासिम रसूल इलियास, मौलाना अबू तालिब रहमानी, डॉक्टर मोहम्मद यासीन कासमी और डॉक्टर वकार उद्दीन कासमी के वीडियो में इस्लाम के बारे में पूरी जानकारी देकर बताया जा रहा है कि अगर मुसलमान मसलकों को भुलाकर एक नहीं होंगे तो इससे बड़ा नुकसान होगा।

देश में सबसे बड़ी तंजीम ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड है, इसलिए उसके बैनर तले सब एक हो जाएं। यह पहली बार है, जब बोर्ड ने अपनी गतिविधियों को मुसलमानों तक पहुंचाने के लिए उलेमाओं को कमान सौंपी है। ये उलेमा मुसलमानों को वक्फ संशोधन बिल के साथ अन्य मसलों से होने वाली दिक्कतें बताकर एक प्लेटफार्म पर आने की अपील कर रहे हैं।

## बांकेबिहारी मंदिर के आसपास अतिक्रमण को लेकर मांगी रिपोर्ट

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित बांकेबिहारी मंदिर के लिए प्रस्तावित कॉरिडोर मामले में सुनवाई करते हुए मंदिर के आसपास अतिक्रमण के खिलाफ होने वाली कार्रवाई के संबंध में राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है। यह बताए जाने पर कि अतिक्रमण का मामला नगर निगम देखता है, कोर्ट ने नगर निगम, मथुरा को भी पक्षकार बनाने का आदेश दिया है और मामले की अगली सुनवाई आगामी 18 नवंबर सुनिश्चित की गई है।

## सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाले वकील का पंजीकरण निरस्त

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** बार काउंसिल ऑफ़ उत्तर प्रदेश ने एक वकील द्वारा सोशल मीडिया पर ब्राह्मणों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के कारण तत्काल प्रभाव से उसका पंजीकरण रद कर दिया गया।

बार काउंसिल ने माना कि इस प्रकार की टिप्पणी से समाज में वैमनस्यता फैलती है और एक अधिवक्ता द्वारा इस प्रकार के संदेश प्रसारित करने से अधिवक्ताओं की छवि भी समाज में धूमिल होती है। मौजूदा प्रकरण जातीय वैमनस्यता से संबंधित है और अगर ऐसे मामले में कार्यवाही नहीं की जाती है तो भविष्य में माहौल और खराब होने का खतरा उत्पन्न हो सकता है। अतः सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज पर अभद्र और घृणित टिप्पणी करने वाले वकील मुकेश सैनी के खिलाफ दि अलीगढ़ बार एसोसिएशन, अलीगढ़ द्वारा भेजे गए पत्र व उसके साथ संलग्न प्रपत्रों पर विचार करने के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए बार काउंसिल ने अधिवक्ता का पंजीकरण रद कर मामले को सदन में अग्रसारित कर दिया।


## वर्ग पहेली-223

**बाएं से दाएं**

1. 1. मांगलिक अवसरों पर होने वाले सामाजिक उपचार
4. भारवाहक; भार उठाकर अपना भरण-पोषण करने वाला व्यक्ति; कुली।
7. 1. स्त्री; औरत 2. पत्नी; बहू।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. ख़ुशामद करने वाला व्यक्ति; चापलूस 2. आगे-पीछे लगा रहने वाला व्यक्ति 3. सोने के तार में पिरोई हुई माला।
3. (रामायण) राजा जनक के भाई कुशध्वज की बेटी जिसका विवाह दशरथ पुत्र भरत से हुआ था।
4. 1. जिसपर किसी प्रकार का ऋण हो 2. जिसपर किसी प्रकार का बोझ या भार हो।
5. हृदय जो आत्मा का आधार या आश्रय माना जाता है।
6. पवित्र करने वाली।



### वर्ग पहेली -222 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 खो | 2 ख | ला | ■ | ■ | ■ |
| ■ | जु | ■ | 3 सु | ■ | 4 म |
| 5 दु | रा | धा | र | ■ | नो |
| ■ | हो | ■ | धे | ■ | भ |
| 6 पिं | ■ | 7 अ | नु | भ | व |
| ड | ■ | टै | ■ | ■ | ■ |
| ल | ■ | 8 क | पे | सि | टी |

## सुडोकू-136

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 6 | 7 | | 3 | |
| | 7 | 5 | | | 1 | | | 6 |
| | 2 | | | | 8 | | 4 | |
| 2 | 6 | | | | | 9 | | 3 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 7 | | 1 | | | | | 5 | 8 |
| | 3 | | 5 | | | | 9 | |
| 9 | | | 4 | | | 7 | 1 | |
| | 4 | | 1 | 2 | | 3 | | |

### सुडोकू - 135 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 2 | 8 | 7 | 3 | 5 | 6 | 4 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 5 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 |
| 8 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 |
| 3 | 2 | 4 | 9 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 2 | 9 |
| 4 | 9 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 9 | 1 | 3 | 4 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 अक्टूबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 20 .40 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृतिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 19 .18 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष** — आज आपको माता-पिता के प्रति अच्छा व्यवहार रखना चाहिए। टीवी और मनोरंजन के संसाधनों पर आप धन खर्च करेंगे। घर के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। विरोधी आपके प्रति ईर्ष्या की भावना रख सकते हैं।

**वृष** — आज नजदीकी मित्रों के साथ आपके संबंध मजबूत होंगे। एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। महिलाओं के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। आप भाग्य की अपेक्षा अपने कर्म पर भरोसा रखें। कारोबार के उद्देश्य से यात्रा हो सकती है।

**मिथुन** — आज कठिन काम भी आसानी से पूरा कर लेंगे। पड़ोसियों के साथ आपको अच्छा व्यवहार रखना चाहिए। समाज सेवी संस्थाओं में आप विशेष योगदान देंगे। व्यापार में अपेक्षा के अनुसार परिणाम प्राप्त होंगे। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**कर्क** — आज कमीशन संबंधी व्यापार कर रहे लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। युवाओं को तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। आपका मन शांत रहेगा। पूरे आत्मविश्वास के साथ आप काम करेंगे। आपके व्यक्तित्व और विचारशैली में परिवर्तन आएगा।

**सिंह** — आज लोगों पर ज्यादा भरोसा करने से बचें। प्रेमीजन के बर्ताव से आपका मन खराब हो सकता है। किसी परिजन की बात आपको बुरी लग सकती है। सोशल मीडिया में आपको ज्यादा सक्रिय नहीं रहना चाहिए।

**कन्या** — आज आर्थिक दृष्टिकोण से दिन बहुत ही अच्छा है। साझेदारी वाले कार्य आप शुरू कर सकते हैं। पारिवारिक वातावरण मधुर रहेगा। आपको अपनी कार्यक्षमता बढ़ानी चाहिए। विरोधी आपके सामने मित्रता का प्रस्ताव रख सकते हैं।

**तुला** — आज लोग आपकी भावुकता का लाभ उठा सकते हैं। विश्वसनीय मित्रों से आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपको अन्य वैकल्पिक साधनों से धन लाभ प्राप्त हो सकता है। धीरे-धीरे आपके सभी कार्य सही दिशा में पूरे होते दिखेंगे।

**वृश्चिक** — आज प्रेम विवाह को लेकर योजना बना सकते हैं। संगीत के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। रुका हुआ काम राजनीतिक प्रभाव से पूरे हो जाएंगे। बच्चों की सफलता से आपका मन प्रफुल्लित रहेगा। सभी कार्य समय पर पूरे हो जाएंगे।

**धनु** — आज बिना विचार किए कोई भी निर्णय न लें। मन में दुविधा की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। व्यापार में बड़ा जोखिम उठा सकते हैं। उच्चाधिकारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। मेहनत के अनुरूप परिणाम प्राप्त होंगे।

**मकर** — आज पैतृक व्यवसाय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यों में आपका रुझान बढ़ेगा। थोड़ी सी सावधानी के कारण आपके बिगड़ते संबंध सुधर सकते हैं। सामाजिक क्षेत्र से आपको लाभ मिलेगा। विवाहोत्सुक युवतियों का विवाह तय हो सकता है।

**कुंभ** — आज नए कार्यों की रूपरेखा बना सकते हैं। मैनेजमेंट से जुड़े लोगों को अच्छे अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। कुटुंब में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। अपनी सोच सदैव सकारात्मक रखें। आपके कार्यों की लोग सराहना करेंगे। शुभ कार्यों में धन खर्च कर सकते हैं।

**मीन** — आज किसी बड़ी कंपनी से जुड़ने या साझेदारी का अवसर मिल सकता है। आपकी मनोकामना पूर्ण हो सकती है। करियर को लेकर प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने की संभावना है। आपका आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ रहेगा।

## आज की फिल्में

B4U Movies
इंसानियत — सुबह : 10 .27
जीवन युद्ध — दोपहर : 03 .02

&pictures
मिशन रानीगंज — दोपहर : 01.26
राधे — रात : 10 .18

Sony Pix
क्लैश ऑफ द टाइटंस — सुबह : 11 .33
रैमपेज — रात : 09 .00

Zee Cinema
शानदार — सुबह : 10 .20
रेड — रात : 08 .35

Zee Action
चेन्नई वर्सेस चाइना — सुबह : 10 .34
बारूद — रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .35 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

यमराज (औरत से) – चलो, मैं तुम्हें लेने आया हूं।
औरत – बस दो मिनट दे दो।
यमराज – दो मिनट में ऐसा क्या कर लोगी?
औरत – फेसबुक पर स्टेटस डालना है, 'ट्रवलिंग टू यमलोक'!
यह सुनकर यमराज ही हो बेहोश गए।

जज-आपको अपनी सफाई में कुछ कहना है?
महिला-अब मैं क्या बोलूं? मेरे यहां तो सफाई नौकरानी करती है, तो इस बारे में वही अच्छी तरह से बता सकती है।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 2460, राज श्री 1810, फ़ॉर्चून कि. 2190, रविन्द्रा 2375, फॉर्चुन ली. 2000, जय जवान 1930, सचिन 2060, सूरज 1955, अवसर 2085, राग गोल्ड 2155, गृहणी ली 2020, क्लासिक (किलो) 2130, मोर 2125, चक्र टिन 2230, ब्लू 2190, आशीर्वाद मस्टर्ड 2300, स्वास्तिक 2430 ।किराना- ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000-22000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1150 ।चावल -( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7050, हरी पत्ती ( 1किलो ,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 ।दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700-13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8850, दाल चना 9200, लाल हिंदुस्तान 9300, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 12700, मोटा हीरा 14700, अरहर गोला मोटा 11500, अरहर पटका मोटा 11800, अरहर कोरा मोटा 12000, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16100 ।चीनी -डालमियां 4180, पीलीभीत 4160, नवाबगंज 4150, बहेड़ी 4160 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 78100 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 77100 |
| सिल्वर ( पक्की) | 916 (अनुमानित) |

# खुदरा मुद्रास्फीति औसतन 4.5% रहने का अनुमान : डिप्टी गवर्नर

### रिजर्व बैंक के 90वें वर्ष पर हुए सम्मेलन को देबब्रत पात्रा ने किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी



- सरकार ने 4% रखने का दिया था निर्देश, तीन महीनों में 6% से रही है नीचे
- खाद्य और ईंधन की कीमतों में बार-बार उतार चढ़ाव ने मौद्रिक नीति के संचालन को दी चुनौती

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा ने कहा है कि खुदरा मुद्रास्फीति 2024-25 में औसतन 4.5% रहने और 2025-26 में लक्ष्य के अनुरूप होने का अनुमान है। सरकार ने रिजर्व बैंक को यह निर्देश दिया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति 2% की घट-बढ़ के साथ 4% पर रहे। तीन महीनों में यह 6% से नीचे रही है।

पात्रा ने कहा कि 2025-26 में स्थायी रूप से लक्ष्य के अनुरूप रहने से पहले 2024-25 में खुदरा मुद्रास्फीति औसतन 4.5 प्रतिशत के करीब रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक के 90वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित उच्च स्तरीय सम्मेलन में पात्रा ने कहा कि खाद्य और ईंधन की कीमतों में बार-बार उतार चढ़ाव ने मौद्रिक नीति के संचालन को चुनौती दी है। पात्रा ने कहा कि भारत में मूल्य स्थिरता एक साझा जिम्मेदारी है, जिसके तहत सरकार लक्ष्य तय करती है और केंद्रीय बैंक इसे हासिल करता है। उन्होंने कहा कि इससे वित्तीय स्थिरता, राजकोषीय मजबूती या वृद्धि के लिए जोखिम पैदा किए बिना मौद्रिक-राजकोषीय समन्वय की अनुमति मिलती है।

### मौद्रिक नीति को लेकर आएंगी और भी चुनौतियां

पात्रा ने कहा कि आने वाले वर्षों में, मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप रखने पर आधारित मौद्रिक नीति को लेकर और भी बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। केंद्रीय बैंकों के समक्ष जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न समस्याओं को लेकर चुनौतियां हैं। इससे खाद्यान्न और ऊर्जा की कमी और उत्पादक क्षमता में गिरावट जैसे आपूर्ति झटके की आशंका है।

# जीटीटी : शेयर बाजार में एक स्मार्ट ट्रेडिंग रणनीति

शेयर बाजार में गुड टिल टाइड (जीटीटी) आदेश एक प्रभावी ट्रेडिंग उपकरण है, जो निवेशकों को अपने आदेशों को लंबी अवधि तक सक्रिय रखने की अनुमति देता है। यह आदेश तब तक लागू रहता है जब तक कि वह पूरी नहीं हो जाता या मैन्युअल रूप से रद्द नहीं किया जाता। जीटीटी की मदद से निवेशक बाजार की गतिविधियों पर नजर रख सकते हैं, बिना बार-बार अपने ऑर्डर को अपडेट किए। हालांकि, इसके साथ जुड़े जोखिमों को समझना जरूरी है, ताकि आप अपने निवेश निर्णयों को सही ढंग से ले सकें। आइए इसे जानें...



### जीटीटी के प्रकार

जीटीटी लिमिट ऑर्डर के साथ उपयोग होता है, जिसमें आप एक निश्चित कीमत पर खरीदने या बेचने का आदेश देते हैं।

### कैसे काम करता है

- **ऑर्डर देना :** आप जीटीटी आदेश देकर इच्छित कीमत और मात्रा तय करते हैं। यदि आप किसी स्टॉक को 500 पर खरीदना चाहते हैं, तो जीटीटी आदेश सेट कर सकते हैं।
- **सक्रिय रहना :** यह आदेश तब तक सक्रिय रहता है जब तक, वह ट्रिगर प्राइस पर नहीं पहुंचता और पूरा नहीं होता। आप इसे मैन्युअल रूप से रद नहीं करते।
- **पूरा होना :** जब स्टॉक की कीमत आपके सेट किए गए मूल्य तक पहुंचती है, तब जीटीटी आदेश सक्रिय हो जाता है और ऑर्डर पूरा होता है।

### निवेशकों को लाभ

- **लचीलापन :** जीटीटी ऑर्डर को लंबे समय तक बनाए रखने की सुविधा देता है, जिससे वे बाजार की उतार-चढ़ाव का फायदा उठा सकते हैं।
- **सुविधा :** बार-बार अपने ऑर्डर को चेक करने की आवश्यकता नहीं होती, जिससे समय की बचत होती है।
- **शांति :** निवेशक बिना तनाव के अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं, क्योंकि ऑर्डर अपने आप सक्रिय होता है।

### जोखिम

- **बाजार में तेजी :** यदि स्टॉक की कीमत बढ़ती है और आप जीटीटी सेट करते हैं, तो लाभ से वंचित हो सकते हैं।
- **खराब प्रदर्शन :** यदि स्टॉक की कीमत लगातार घटती है, तो आप नुकसान में भी जा सकते हैं, खासकर अगर आपने एक उच्च ट्रिगर प्राइस सेट किया हो।
- **मैन्युअल रदीकरण :** कभी-कभी, निवेशक अपने ऑर्डर को मैन्युअल रूप से रद्द करना भूल सकते हैं, जिससे अवांछित खरीद या बिक्री हो सकती है।

## रियल एस्टेट में इक्विटी निवेश 4 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में निजी इक्विटी निवेश 4% घटकर 2.3 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। संपत्ति सलाहकार एनारॉक के अनुसार कार्यालय परिसंपत्तियों में कम निवेश के कारण कुल निवेश में कमी आई।

एनारॉक ने कहा कि इस वर्ष अप्रैल-सितंबर में सौदों की कुल संख्या घटकर 17 रह गई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 24 थी। एनारॉक कैपिटल के प्रबंध निदेशक और सीईओ शोभित अग्रवाल ने कहा कि कार्यालय संपत्तियों में निजी इक्विटी निवेश मुख्य रूप से विदेशी निवेशक करते हैं।

## 6जी के नेतृत्व को भारत तैयार

दिल्ली, एजेंसी



- संचार मंत्री बोले- 21 महीने में 98% जिलों और 90% गांवों तक पहुंचाया 5 जी

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि भारत 6जी के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व करने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने देश के दूरसंचार क्षेत्र को तेजी से बढ़ने वाला करार दिया। इंडिया मोबाइल कांग्रेस और विश्व दूरसंचार मानकीकरण 2024 के उद्घाटन पर सिंधिया ने कहा कि भारत ने 4जी में दुनिया का अनुसरण किया, हम 5जी में दुनिया के साथ आगे बढ़े, लेकिन हम 6जी में दुनिया का नेतृत्व करेंगे।

सिंधिया ने कहा कि भारत में सबसे तेजी से 5जी सेवाएं शुरू कीं। केवल 21 महीने के अंतराल में 98% जिलों और 90% गांवों तक इसे पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि दूरसंचार अधिनियम में किए बदलाव के आधार पर तैयार की गई कि दूरसंचार ढांचे का आधुनिकीकरण हो सके, उपग्रह संचार क्षेत्र जैसे अनसुलझे क्षेत्रों पर प्रकाश डाला जा सके, डिजिटल युग की चुनौतियों का समाधान किया जा सके, जिनमें साइबर सुरक्षा है।

## भारतीय उपयोगकर्ताओं का डेटा देश में ही रहना चाहिए: आकाश

**नई दिल्ली।** देश की दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने मंगलवार को कहा कि भारतीय उपयोगकर्ताओं का डेटा देश में ही रहना चाहिए। अंबानी ने कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग के डेटा सेंटर स्थापित करने को तैयार भारतीय कंपनियों के लिए बिजली सहित अन्य प्रोत्साहन देने की भी वकालत की। अंबानी ने यहां आईटीयू डब्ल्यूचीएसए 2024 के उद्घाटन समारोह में एआई को स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कृषि और विनिर्माण सहित हर क्षेत्र में बड़े बदलाव के लिए क्रांतिकारी साधन बताया।

उन्होंने जोर दिया कि भारत के 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए एआई महत्वपूर्ण है। अंबानी ने प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में कहा कि 2047 तक विकसित भारत के हमारे सपने को साकार करने के लिए एआई महत्वपूर्ण है। इसलिए आपके नेतृत्व में भारत को अधिकतम आत्मनिर्भरता के साथ एआई को तत्काल अपनाना चाहिए।

# टाटा स्टील के सीईओ नरेंद्रन बने वर्ल्ड स्टील के चेयरमैन

नई दिल्ली, एजेंसी

- टीवी नरेंद्रन वैश्विक निकाय का नेतृत्व करने वाले दूसरे भारतीय बने

वैश्विक इस्पात निकाय वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन ने मंगलवार को कहा कि टाटा स्टील के एमडी एवं सीईओ टीवी नरेंद्रन को संगठन का नया चेयरमैन चुना गया है। जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल के बाद नरेंद्रन वर्ल्ड स्टील के चेयरमैन चयनित होने वाले दूसरे भारतीय हैं। जिंदल 2021 में वर्ल्ड स्टील के चेयरमैन बने थे। ब्रसेल्स स्थित इस्पात निकाय ने कहा कि कोलाकोग्लू मेटलर्जी एएस के उगुर डालबेलर और न्यूकोर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष एवं सीईओ लियोन टोपालियन उपाध्यक्ष चुने गए हैं।

### 5 वर्षों में टाटा देगा 5 लाख नौकरियां : चंद्रशेखरन

**नई दिल्ली।** टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने मंगलवार को कहा कि उनका समूह पांच साल में सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और संबंधित उद्योगों में विनिर्माण क्षेत्र में पांच लाख नौकरियों का सृजन करेगा। भारतीय गुणवत्ता प्रबंधन फाउंडेशन (आईएफक्यूएम) द्वारा आयोजित संगोष्ठी में टाटा संस के चेयरमैन ने कहा कि भारत विकास की नीति के बिना विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकता।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### सत्येंद्र जैन की जमानत पर फैसला रखा सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली की विशेष अदालत ने धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में कथित रूप से शामिल दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन की नियमित जमानत याचिका पर मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रथम लिंक विशेष न्यायाधीश कावेरी बानेगा ने दलीलें पूरी होने के बाद मामले को 18 अक्टूबर को आदेश सुनाने के लिए स्थगित कर दिया। जैन के वकील ने पहले अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया कि गवाहों को प्रभावित करने की कोई आशंका नहीं है, और अगर अदालत ने उन्हें नियमित जमानत दी तो भागने का भी कोई खतरा नहीं है।

### इंडिगो की इमरजेंसी लैंडिंग, 70 यात्री सुरक्षित

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर मंगलवार अपराह्न एक बजे इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट में सवार सभी 70 यात्री सुरक्षित हैं। यह फ्लाइट एक बजे जगदलपुर से रायपुर के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन उड़ान के 12 मिनट बाद ही खिड़की टूटने से आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए फ्लाइट को एयरपोर्ट पर उतार लिया।

### जयपुर में ट्रक ने चार लोगों को रौंदा, मौत

**जयपुर।** जयपुर के मुरलीपुरा इलाके में ट्रक ने सड़क किनारे खड़े चार लोगों को कुचल दिया, जिससे सभी की मौत हो गई। दुर्घटना पुलिस थाना (पश्चिम) के थानाधिकारी जयदेव सिंह ने बताया कि यह हादसा सोमवार देर रात हुआ जब चार लोग काम के बाद घर जाने के लिए मुरलीपुरा इलाके में 200 फुट बाईपास पर खड़े थे तभी ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। मृतकों में लालचंद बुनकर, जगदीश प्रसाद गुर्जर, शंकर लाल गुर्जर शामिल हैं ये सभी चंदवाजी इलाके के रहने वाले थे। चौथे मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

### 104 किलो पटाखे के साथ दो लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 104 किलोग्राम पटाखे जब्त किए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को बाहरी दिल्ली के सुल्तान पुरी इलाके में व्यक्ति द्वारा खाद्य पदार्थों में पटाखे छिपाकर ले जाने की सूचना मिली थी। टीम ने एक बाइक को रोका और चालक मोहम्मद आकिब को पकड़ लिया। उन्होंने बाइक पर रखे प्लास्टिक के बैग की जांच की और खाद्य पदार्थों में छिपा कर रखे पटाखे बरामद किए।

# सभ्यता के इतिहास से समझ होगी विकसित

### गुजरात में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर बनाने के निर्णय का मोदी ने किया स्वागत

नई दिल्ली, एजेंसी



- आइए, पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करें शीर्षक प्रधानमंत्री ने सोशल मंच पर किया पोस्ट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर बनाने के उनकी सरकार के फैसले का उद्देश्य सभ्यता के इतिहास के बारे में लोगों की समझ विकसित करना है। उन्होंने पेशेवरों के सोशल मीडिया मंच लिंक्डइन पर आइए, पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करें शीर्षक से पोस्ट में कहा कि नई परियोजना निश्चित रूप से इतिहास प्रेमियों और पर्यटकों के बीच समान रूप से उत्साह बढ़ाएगी।

मोदी ने कहा कि इस तरह के प्रयास से पर्यटन अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, जिसे वह भारत में विकास के एक प्रमुख ताकत के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि जब पर्यटन बढ़ता है तो आय बढ़ती है। मैं आप सभी अग्रणी और सम्मानित पेशेवरों से आग्रह करता हूं कि आप पर्यटन क्षेत्र में नए अवसरों का पता लगाएं और इस पर अपने विचार मेरे साथ साझा करें। उन्होंने कहा कि इस तरह, हम एक मजबूत अर्थव्यवस्था में योगदान देंगे और साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए अपने समृद्ध अतीत को संरक्षित करेंगे। यह परिसर प्राचीन लोथल को डॉक शहर की मिनी प्रतिकृति के रूप में फिर से जीवंत करेगा। मोदी ने कहा कि लोथल एक समय सभ्यताओं, विचारों और वस्तुओं का जीवंत समागम स्थल था और खुदाई से इसकी भूमिका एक महत्वपूर्ण समुद्री केंद्र के रूप में दिखती है।

### 10 वर्षों में देखा गया बदलाव

मोदी ने कहा कि 10 वर्षों में इस प्रवृत्ति में बदलाव देखा गया है। इसी भावना के साथ उनकी सरकार ने एक जीवंत राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर बनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इससे सभ्यता के इतिहास की हमारी समझ विकसित होगी। परिसर प्राचीन लोथल को डॉक सिटी की मिनी-प्रतिकृति के रूप में जीवन में वापस लाएगा। इस परिसर के केंद्र में प्रतिष्ठित लाइटहाउस संग्रहालय खड़ा होगा, जो 77 मीटर ऊंचा है और यह दुनिया में अपनी तरह का सबसे ऊंचा होगा। लोथल अहमदाबाद जिले के धोलका तालुका में आता है और यह एनएच 47 तथा राज्य राजमार्ग 8 के निकट है, जो अहमदाबाद, भावनगर तथा राजकोट जैसे शहरी केंद्रों को उत्कृष्ट सड़क संपर्क देता है। यह अहमदाबाद-भावनगर रेलवे लाइन पर लोथल-भुरखी रेलवे स्टेशन से छह किमी दक्षिण-पूर्व में है। यह पुरातात्विक स्थल तीन गांवों से घिरा है : सरगवाला, उतेलिया और गुंडी, जहां कृषि मुख्य व्यवसाय है।

## मुफ्त सौगातों पर केंद्र और निर्वाचन आयोग से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** चुनावों के दौरान मुफ्त सौगातों का वादा करने के चलन के खिलाफ नई याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने केंद्र तथा निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने बेंगलुरु निवासी शशांक जे. श्रीधारा की याचिका पर केंद्र सरकार तथा निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किए। वकील श्रीनिवास द्वारा दायर याचिका में आयोग को राजनीतिक दलों को चुनाव से पहले मुफ्त सौगातें देने के वादे से रोकने के लिए कदम उठाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि मुफ्त की रेवड़ियां बांटने के वादे सरकारी राजकोष पर बड़ा और बेहिसाबी वित्तीय बोझ डालते हैं।

# ध्यान भटकाने पर नहीं, जनता बुनियादी मुद्दों पर करेगी वोट

नई दिल्ली, एजेंसी



- कांग्रेस अध्यक्ष ने महंगाई के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महंगाई के मुद्दे पर मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की जनता को भुखमरी में विश्वगुरु बना दिया है। उन्होंने महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा के बाद यह भी कहा कि चुनावों में ध्यान भटकाने की राजनीति नहीं चलेगी क्योंकि जनता बुनियादी मुद्दों पर वोट करेगी।

खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि महंगाई का आलम ये है कि खाद्य सुरक्षा में गरीबों को राशन का प्रावधान होने के बावजूद मोदी ने देश की जनता को भुखमरी में विश्वगुरु बना दिया है! वैश्विक भूख सूचकांक में भारत 105वें स्थान पर आ गया है। सितंबर महीने में रीटेल महंगाई बढ़कर 5.49 प्रतिशत पर पहुंची है, जो 9 महीने के उच्चतम स्तर पर है। अगस्त में ये 3.65 प्रतिशत पर थी। उन्होंने कहा कि मोदी ने पिछले साढ़े 10 सालों में साढ़े 10 सेकंड भी भाजपाई महंगाई की लूट में कमी नहीं की है। ध्यान भटकाने की राजनीति अब नहीं चलेगी, जनता बुनियादी मुद्दों पर वोट करेगी।

# पूर्व सीजेआई गोगोई के खिलाफ आरोपों से शीर्ष अदालत नाखुश

नई दिल्ली, एजेंसी



- याचिका खारिज कर याचिकाकर्ता को कक्ष से बाहर ले जाने का दिया आदेश

एक याचिकाकर्ता की ओर से भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) रंजन गोगोई पर लगाए गए आरोपों से अप्रसन्न उच्चतम न्यायालय ने उसकी याचिका मंगलवार को खारिज कर दी और सुरक्षा कर्मियों को उसे अदालत कक्ष से बाहर ले जाने का आदेश दिया। अरुण रामचंद्र हुबलीकर ने शीर्ष अदालत में सेवा से अपनी अवैध बर्खास्तगी के खिलाफ याचिका दायर की और सेवा विवाद में अतीत में दाखिल अर्जी को खारिज करने के लिए पूर्व प्रधान न्यायाधीश गोगोई के खिलाफ आंतरिक जांच कराने का अनुरोध किया।

आरोपों से नाराज न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीष चंद्र शर्मा की पीठ ने सुरक्षा कर्मियों से हुबलीकर को अदालत कक्ष से बाहर ले जाने का आदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने 30 सितंबर को पूर्व सीजेआई के खिलाफ जांच के अनुरोध वाली याचिका पर कड़ी आपत्ति जताई थी और याचिकाकर्ता से पक्षकारों की सूची से न्यायाधीश का नाम हटाने को कहा था।

## महाराष्ट्र को पटरी पर लाने तक रुकेगा नहीं यह बूढ़ा : शरद

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने कहा कि वह महाराष्ट्र को सही रास्ते पर लाने तक आराम से नहीं बैठेंगे चाहे वह कितने ही बूढ़े क्यों न हो जाएं। पवार ने महाराष्ट्र में सातारा जिले के फलटण में कहा कि चाहे 84 वर्ष का हो जाऊं या 90, यह बूढ़ा नहीं रुकेगा। वह राकांपा नेता रामराजे नाइक निंबालकर के भाई संजीव राजे नाइक निंबालकर और फलटण के विधायक दीपक चह्वाण को राकांपा में शामिल करने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

# मामले की जांच गंभीरता से जारी : सीबीआई

## आरजी कर मामला

- शीर्ष अदालत से कहा- एजेंसी घटना में अन्य लोगों की भूमिका की कर रही जांच

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक से हुई दरिंदगी की जांच अत्यंत गंभीरता से जारी है। सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष अपनी पांचवीं वस्तु-स्थिति रिपोर्ट पेश की।

मेहता ने पीठ से कहा कि आरोपी संजय रॉय के खिलाफ सात अक्टूबर को आरोपपत्र दायर हुआ था और सियालदह अदालत ने संज्ञान लिया है। पीठ ने कहा कि सीबीआई रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि एजेंसी जांच के हिस्से के रूप में अन्य व्यक्तियों की भूमिका की जांच कर रही है। सीबीआई से तीन सप्ताह में एक और वस्तु-स्थिति रिपोर्ट मांगी गई है। चिकित्सा की सुरक्षा पर सिफारिश को गठित राष्ट्रीय कार्यबल के मुद्दे पर पीठ ने कहा कि सितंबर के पहले सप्ताह से इसकी कोई बैठक नहीं हुई है।

### दुर्गा पूजा कार्निवल स्थल के पास लगी निषेधाज्ञा रद



**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को रेड रोड पर होने वाले दुर्गा पूजा कार्निवल स्थल के आस-पास लागू निषेधाज्ञा को रद कर दिया। निषेधाज्ञा रेड रोड के पास कुछ सड़कों और इलाकों पर लागू थे, जहां मंगलवार शाम राज्य सरकार द्वारा पूजा कार्निवल होना है। आरजी कर की घटना को लेकर आंदोलन कर रहे चिकित्सकों ने मध्य कोलकाता में रानी रश्मोनी रोड के पास द्रोह कार्निवल का आह्वान किया है। निषेधाज्ञा को चुनौती देने वाली चिकित्सकों की अर्जी पर न्यायमूर्ति रवि कृष्ण कपूर ने राज्य सरकार द्वारा लागू प्रतिबंध को खारिज कर दिया। बंगाल सरकार 2016 से दुर्गा पूजा कार्निवल आयोजित कर रही है।

## केरल में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अपने सरकारी आवास में मिले मृत

- एक दिन पहले सहकर्मियों ने उन्हें स्थानांतरण पर दी थी विदाई

**कन्नूर (केरल)।** उत्तरी केरल के कन्नूर जिले में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) नवीन बाबू मंगलवार को पल्लीकुन्नू में अपने सरकारी आवास पर मृत मिले। इससे एक दिन पहले ही कन्नूर के जिलाधिकारी समेत एडीएम के अन्य सहकर्मियों ने उन्हें स्थानांतरण के बाद विदाई दी थी। पुलिस ने बताया कि नवीन को एक दिन पहले ही अपने गृह जनपद पथनमथिट्टा में एडीएम का पदभार संभालने के लिए जाना था, लेकिन मंगलवार सुबह उनका शव उनके सरकारी आवास पर फंदे से लटका हुआ मिला। उनके विदाई समारोह में बगैर निमंत्रण पहुंची जिला पंचायत अध्यक्ष पीपी दिव्या ने एडीएम पर गलत कार्य करने का आरोप लगाया गया था।

# मणिपुर : मेइती, कुकी, नगा समुदाय के विधायकों ने दिल्ली में की बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

- गृह मंत्रालय ने संघर्ष का सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने को बुलाई बैठक
- गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह नहीं हुए शामिल

मणिपुर में 17 महीने पहले भड़की जातीय हिंसा के बाद शांति बहाली के प्रयास के तहत मेइती, कुकी और नगा समुदायों से विधायकों ने मंगलवार को बैठक की। यह बैठक गृह मंत्रालय ने संघर्ष का समाधान करने के प्रयास के तहत बुलाई गई थी।

बैठक में मेइती से विस अध्यक्ष थोकचोम सत्यब्रत सिंह और विधायक थोंगम बसंतकुमार सिंह एवं तोंगब्राम रबिन्द्रो तथा कुकी से लेतपाओ हाओकिप व नेमचा किपगेन (दोनों राज्य मंत्री)व नगा से विधायक राम मुइवा, अवांगबो न्यूमई और एल. दिखो शामिल हुए। गृह मंत्रालय के वार्ताकार एके मिश्रा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह एवं मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह शामिल नहीं हुए।

## पंजाब में पंचायत चुनावों पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

- कोर्ट ने कहा- मतदान के दिन चुनाव पर रोक से पैदा हो सकती है अराजकता

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब में चल रहे ग्राम पंचायत चुनावों पर रोक लगाने से मंगलवार को इनकार करते हुए कहा कि मतदान के दिन (15 अक्टूबर) चुनाव पर रोक लगाने से अराजकता पैदा हो जाएगी।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पार्दीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने चुनाव रोकने से संबंधित कोई अंतरिम आदेश पारित कराने से इनकार किया, लेकिन पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई, जिसमें मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया गया था।

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में एक और व्यक्ति गिरफ्तार

मुंबई, एजेंसी

- उप्र के बहराइच का है बालकराम संदिग्ध शूटर गौतम अब भी फरार

मुंबई पुलिस ने राकांपा नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि आरोपी की पहचान हरीशकुमार बालकराम (23) के रूप में हुई है जो उत्तर प्रदेश के बहराइच का रहने वाला है। बालकराम महाराष्ट्र के पुणे में कबाड़ विक्रेता था। आरोपी भी सिद्दीकी की हत्या की साजिश में शामिल है। उसे बहराइच से पकड़ा गया। साथ ही सिद्दीकी की हत्या के सिलसिले में अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने पहले कथित शूटर हरियाणा निवासी गुरमेल बलजीत सिंह, उत्तर प्रदेश के धर्मराज राजेश कश्यप और सह-साजिशकर्ता प्रवीण लोनकर को पुणे से गिरफ्तार किया था। बहराइच निवासी एक अन्य संदिग्ध शूटर शिवकुमार गौतम फरार है।

# लक्ष्य, मालविका पहले दौर में बाहर हुए, सिंधू आगे बढ़ी

ओडेन्से, एजेंसी



- डेनमार्क ओपन में चीनी खिलाड़ी जू के खिलाफ सेन को मिली हार
- रितुपर्णा और स्वेतापर्णा पांडा बहनों की जोड़ी को भी मिली हार

भारत के लक्ष्य सेन को चीन के लू गुआंग जू के खिलाफ कड़ा संघर्ष करने के बावजूद मंगलवार को यहां डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर से बाहर होना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप (2021) के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य शुरुआती गेम को आसानी से जीतने के बावजूद मौके भुनाने में नाकाम रहे। चीन के खिलाड़ी से उन्हें 70 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12 19-21 14-21 से शिकस्त मिली।

पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाला अल्मोड़ा का यह 22 वर्षीय खिलाड़ी पिछले सप्ताह फिनलैंड में आर्कटिक ओपन के दूसरे दौर में हार गया था। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू चीनी ताइपे की पाई यू पो के दूसरे गेम के बीच में ही मुकाबले से हटने से दूसरे दौर में पहुंच गयी। पो ने जब मैच से हटने का फैसला किया तब सिंधू 21-8 13-7 से आगे थी। चीन ओपन में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय करने वाली मालविका बंसोड भी यहां शुरुआती दौर की बाधा पार करने में विफल रही। उन्हें वियतनाम की एंगुयेन थुये लिन्ह ने महिला एकल मैच में 21-13 21-12 से हराया। आकर्षि कश्यप को भी सातवीं वरीयता प्राप्त थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग से 13-21, 12-21 से हारकर बाहर होना पड़ा। रितुपर्णा और स्वेतापर्णा पांडा बहनों की जोड़ी को भी पहले दौर में चीनी ताइपे के चांग चिंग हुई और या चिंग तुन की जोड़ी ने युगल में 21-18, 24-22 से हराया।

लक्ष्य और लू के बीच शुरुआती गेम में करीबी मुकाबला हुआ। दोनों के बीच स्कोर 8-8 की बराबरी पर था लेकिन इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने लगातार तीन अंक हासिल कर ब्रेक तक अपनी बढ़त 11-8 कर ली। उन्होंने इसके बाद लगातार सात अंक हासिल कर अपनी बढ़त को 20-11 किया और आसानी से इस गेम को जीत लिया। लक्ष्य ने दूसरे गेम में 8-2 की बढ़त बनाकर अच्छी शुरुआत की। लू इस अंतर को 11-12 करने में सफल रहे। भारतीय खिलाड़ी ने एक बार फिर से वापसी करते हुए 16-11 की बढ़त हासिल की लेकिन लू ने इसके बाद दमदार खेल और धैर्य का परिचय दिया जिससे उन्हें फायदा हुआ।

# महिला टी-20 टीम ने नहीं किया कोई सुधार : मिताली

नई दिल्ली, एजेंसी



- भारत की पूर्व कप्तान बोलीं- खराब क्षेत्ररक्षण और बीच के ओवरों रन न बना पाना ही मुश्किल का सबब

भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज ने मंगलवार को महिला टी-20 विश्व कप में राष्ट्रीय टीम के खराब प्रदर्शन के लिए पिछले तीन वर्षों में खेल के विभिन्न विभागों में सुधार करने में विफल रहने को जिम्मेदार ठहराया। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में यह पहली बार है कि भारत आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहा। इससे टीम का विश्व कप खिताब जीतने का इंतजार और बढ़ गया। कप्तान के रूप में उनके भविष्य पर गंभीर सवालिया निशान लग गए।

मिताली ने कहा इस टूर्नामेंट में हर दूसरी टीम ने सीमित गहराई के बावजूद विकास दिखाया है, इसका सबसे अच्छा उदाहरण दक्षिण अफ्रीका है। भारतीय बल्लेबाजों के लिए बीच के ओवरों में रन बनाना मुश्किल साबित हो रहा और टीम को यह भारी पड़ रहा है। भारतीय टीम की हार का दोष खराब क्षेत्ररक्षण पर भी मढा और कहा कि रोड्रिग्ज और राधा के अलावा सभी ने क्षेत्ररक्षण में निराश किया।

### भारतीय टीम की रणनीति कारगर नहीं

मिताली ने दुबई से पीटीआई से कहा कि टीम के पतन का कारण संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की परिस्थितियों से जल्दी सामंजस्य बैठाने में विफल रहने के साथ बल्लेबाजी में स्पष्टता की कमी और खराब क्षेत्ररक्षण था। भारत की पूर्व कप्तान मिताली ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार ने इस बात को साबित किया कि इस टीम ने पिछले तीन साल में कोई सुधार नहीं किया है। मैं अगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच की बात करूं तो यह जीतने लायक मैच था। हमारे पास मौके थे लेकिन ऐसा लग रहा था कि हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी परिपाटी का पालन कर रहे हैं जिसमें मैच को आखिरी ओवरों तक ले जाकर हार का सामना करना शामिल है। यह रणनीति कारगर नहीं है। मुझे लगता है कि पिछले दो-तीन वर्षों में मैंने वास्तव में इस टीम में कोई विकास नहीं देखा है।

## खेल डायरी

### बांग्लादेश के मुख्य कोच हथुरुसिंघा निलंबित

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने पिछले साल भारत में खेले गए एकदिवसीय विश्व कप के दौरान एक खिलाड़ी के साथ अनुचित आचरण करने के कारण पुरुष टीम के मुख्य कोच चंडिका हाथुरुसिंघा को निलंबित कर दिया है। श्रीलंका के पूर्व ऑलराउंडर हाथुरुसिंघा के कोच रहते हुए बांग्लादेश को हाल में भारत के खिलाफ टेस्ट और टी-20 शृंखला के सभी मैच में हार का सामना करना पड़ा था। बीसीबी ने उनकी जगह वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी फिल सिमंस को नियुक्त करने का फैसला किया है जो अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी तक यह पद संभालेंगे। वेबसाइट के अनुसार बांग्लादेश के मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघा को पिछले साल वनडे विश्व कप के दौरान एक खिलाड़ी को थप्पड़ मारने के आरोप के बाद निलंबित कर दिया गया है।

### पीसीबी ने जमान को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट शृंखला में बल्लेबाज बाबर आजम को टीम से बाहर किए जाने के बाद फखर जमान को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। फखर जमान ने दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच से बाबर आजम को बाहर किए जाने की खबर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस संबंध में टिप्पणी की थी। फखर ने इस फैसले को चिंताजनक बताते हुए कहा था कि पाकिस्तान के अब तक के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक बाबर आजम को बाहर किया जाना गलत संदेश देगा। फखर ने बोर्ड को खिलाड़ियों को नीचा दिखाने के बजाय उन्हें संरक्षित करने की मांग की थी। पीसीबी ने फखर जमान की इस पोस्ट पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बोर्ड ने कहा है कि एक केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी होने के नाते फखर को बोर्ड के खिलाफ सार्वजनिक तौर पर ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए थी।

### महिला कबड्डी लीग के चयन ट्रायल के बाद होगी नीलामी

**नई दिल्ली।** महिला कबड्डी लीग (डब्ल्यूकेएल) के उद्घाटन सत्र के लिए खिलाड़ियों को नीलामी से पहले राष्ट्रव्यापी चयन ट्रायल से गुजरना होगा। इस लीग के आयोजकों ने बिना कोई तारीख बताए मंगलवार को यह जानकारी दी। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक इस लीग में बेंगलुरु हॉक्स, दिल्ली दुर्गास, गुजरात एंजल्स, हरियाणा हसलर्स, ग्रेट मराठा, राजस्थान रेडर्स, तेलुगु वॉरियर्स और यूपी गंगा स्ट्राइकर्स सहित कई टीमें शामिल होंगी। डब्ल्यूकेएल के चयन ट्रायल्स आगामी सत्र का एक बड़ा आकर्षण होंगे क्योंकि यह देश के हजारों महिला खिलाड़ियों के लिए अवसर प्रदान करेंगे। लीग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ सीमा ने कहा हमारा लक्ष्य सिर्फ एक लीग बनाना नहीं है। हम एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का प्रयास कर रहे हैं जहां महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिल सकें। डब्ल्यूकेएल का आयोजन राउंड-रॉबिन प्रारूप में होगा जिसके मुकाबले अपने घर के साथ प्रतिद्वंद्वी टीम के घर में भी खेले जायेंगे। इसमें अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की भागीदारी की भी योजना है।

### सोनम ने 10 मीटर एयर राइफल में जीता रजत

**नई दिल्ली।** भारत की सोनम मस्कर ने मंगलवार को आईएसएसएफ विश्वकप फाइनल 2024 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाजी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। आज यहां हुई स्पर्धा में 22 वर्षीय भारतीय निशानेबाज ने 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में 252.9 के स्कोर कर रजत पदक अपने नाम किया। वहीं चीन की युटिंग हुआंग ने 254.5 के स्कोर के साथ एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। फ्रांसीसी निशानेबाज ओसिएने मुलर ने 231.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक मिला। तिलोत्तमा सेन 167.7 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहीं। क्वालीफाइंग राउंड में सोनम मस्कर ने 11 निशानेबाजों के बीच 632.1 का स्कोर कर चौथा स्थान हासिल किया। तिलोत्तमा सेन ने कुल 628.9 अंक के साथ सातवां स्थान हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। शीर्ष आठ निशानेबाजों ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। एना एनसेन ने 636.9 का क्वालीफाइंग विश्व रिकॉर्ड बनाया, लेकिन फाइनल में वह सातवें स्थान पर रहीं। यह आईएसएसएफ विश्वकप में सोनम का तीसरा पदक है। इस साल की शुरुआत में काहिरा में आईएसएसएफ विश्व कप में सोनम ने अर्जुन बाबूता के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में रजत पदक जीता था और 10 मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत रजत पदक भी अपने नाम किया था।

# बेंगलुरु के मैदान पर आज होगा प्रतिभा का टेस्ट

## न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में नजरें गिल और जायसवाल पर, बारिश की संभावना

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट की अगली पीढ़ी के स्टार यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रहे तीन टेस्ट मैचों की शृंखला के पहले टेस्ट में अपने बेहतरीन फॉर्म को आगे ले जाना चाहेंगे। विराट और कप्तान रोहित अपने करियर के आखिरी पड़ाव में है और गिल तथा जायसवाल पर उनकी विरासत को आगे ले जाने की महती जिम्मेदारी है। बेंगलुरु के मैदान पर दोनों की टीम की परीक्षा होगी। मैच से पहले बारिश की भी संभावनाएं हैं, मैच देर शुरू हो सकता है।

गिल ने पिछली दस पारियों में तीन शतक और दो अर्धशतक जमाए हैं जबकि जायसवाल ने पिछली आठ पारियों में एक दोहरा शतक और पांच अर्धशतक जड़े हैं। गिल ने तेज गेंदबाजों की इनकमिंग गेंदों के खिलाफ परेशानी से पार पा ली है लेकिन ऐसी गेंदों पर विकेट गंवाने से बचना होगा। वहीं जायसवाल भी तेज गेंदबाजों को आक्रामक शॉट खेलने के प्रयास में तीन बार आउट हुए हैं। न्यूजीलैंड के पास भी मैट हेनरी, विलियम ओ राउरकी और टिम साउदी के रूप में आक्रामक तेज गेंदबाज हैं। ऐसे में गिल और जायसवाल पर जिम्मेदारी और भी बढ़ जाएगी क्योंकि विराट और रोहित सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं।



चिन्नास्वामी स्टेडियम पर मौसम बिगडने के चलते पिच कवर करते ग्रांउडमैन। ● एजेंसी

### मैच : सुबह 9:30 बजे

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, सिराज, आकाश दीप।

**न्यूजीलैंड :** टॉम लाथम (कप्तान), डेवोन कॉवे, केन विलियमसन, मार्क चैपमैन, विल यंग, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, मिचेल ब्रासवेल, मिचेल सेंटनर, रचिन रविंद्र, टॉम ब्लंडेल, ऐजाज पटेल, जैकब डफी, मैट हेनरी, टिम साउदी, विलियम ओ राउरकी।

### शुरू से हमारे नेतृत्व समूह का हिस्सा रहे हैं बुमराह : रोहित



**बेंगलुरू।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने जसप्रीत बुमराह को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की शृंखला के लिए उप कप्तान नियुक्त किए जाने पर मंगलवार को यहां कहा कि यह तेज गेंदबाज खेल की बहुत अच्छी समझ रखता है और वह शुरू से टीम के नेतृत्व समूह का अभिन्न अंग रहा है। बुमराह को न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से यहां से शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैच की शृंखला के लिए उप कप्तान नियुक्त किया गया है। चयन समिति का यह फैसला चौंकाने वाला था क्योंकि बांग्लादेश के खिलाफ हाल में समाप्त हुई शृंखला के लिए किसी भी खिलाड़ी को उप कप्तान नहीं बनाया गया था। इससे संकेत मिलते हैं कि बुमराह भविष्य में टेस्ट टीम की कमान संभाल सकते हैं। रोहित ने कहा बुमराह ने बहुत अधिक क्रिकेट खेली है। मैं उनके साथ काफी क्रिकेट खेल चुका हूं। वह खेल की बहुत अच्छी समझ रखते हैं। जितना मुझे पता है उन्होंने अभी तक एक टेस्ट मैच और कुछ टी-20 मैचों में कप्तानी की है।

### भारत को हराने की चुनौती के लिए तैयार हैं हम : लैथम

**बेंगलुरु।** न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने मंगलवार को स्वीकार किया कि हर विभाग में मजबूत भारत को हराना बहुत बड़ी चुनौती होगी लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम तीन मैचों की टेस्ट शृंखला में इस चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। लैथम ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा इन हालात में बेशक आप स्पिनरों को देखते हैं। लैथम ने कहा उम्मीद है कि हम यहां के पिछले कुछ दौरों से मिले अनुभव का फायदा उठा पाएंगे। उन्हें पूर्व कप्तान केन विलियमसन की कमी खलेगी जो ग्रोइन की चोट के कारण दौरे के शुरुआती हिस्से से बाहर हो गए हैं। यह निराशाजनक है कि केन यहां नहीं है। उम्मीद करते हैं कि वह जल्द से जल्द तैयार होगा।

## ट्रॉफी जीतनी है तो बुमराह पर कसनी होगी लगाम : कमिंस

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मंगलवार को कहा कि अगर उनकी टीम को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतनी है तो उन्हें भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर लगाम कसने का तरीका ढूंढना होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की शृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। भारत ने लगभग एक दशक से यह ट्रॉफी अपने पास सुरक्षित रखी है। इस बीच उसने दो बार ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराया। कमिंस ने स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम में कहा मैं बुमराह का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मुझे लगता है कि वह एक शानदार गेंदबाज हैं। अगर हम उस पर लगाम कसने में सफल रहते हैं तो इससे हमें शृंखला जीतने में काफी मदद मिलेगी। कमिंस ने कहा कि उनकी टीम रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप की जीत से प्रेरणा लेगी।

### शमी फिट नहीं, उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं ले जाना चाहते हैं : रोहित

**बेंगलुरु।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को यहां कहा कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अभी पूरी तरह से फिट नहीं हैं और टीम उन्हें ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर ले जाने का जोखिम नहीं उठाना चाहती है। उन्होंने कहा कि घुटनों में सूजन के कारण इस तेज गेंदबाज को टखने के ऑपरेशन से उबरने में परेशानी आ रही है। शमी ने भारत की तरफ से आखिरी मैच पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप का फाइनल खेला था। रोहित ने कहा ईमानदारी से कहूं तो अभी हमारे लिए उनके बारे में फैसला करना काफी मुश्किल है कि वह वर्तमान शृंखला या ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पूरी तरह फिट हो पाते हैं या नहीं। हाल ही में उनके घुटने में सूजन थी, जो काफी असामान्य है।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में नहीं लागू होगा इम्पैक्ट प्लेयर

**मुंबई।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (एसएमएटी) के इस सत्र से इम्पैक्ट प्लेयर का नियम लागू नहीं होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इम्पेक्ट प्लेयर नियम एमएमएटी इस सीजन से ही नहीं लागू होगा।

इस नियम को दो वर्ष पहले एसएमएटी में लागू किया गया था। इसके बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी इसे लाया गया। हाल में हुई घोषणा के अनुसार यह नियम आईपीएल में अगले तीन सत्र यानी की 2027 तक लागू रहेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 2023 में इस नियम के आने के बाद से लगातार इसके खिलाड़ियों पर प्रभाव और मदद को लेकर पर चर्चा हो रही है। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा सहित कई प्रमुख खिलाड़ियों ने बीते आईपीएल सत्र के दौरान इस नियम की आलोचना की थी। तब बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने कहा था कि इस नियम का यह परीक्षण का दौर है।

### महिला टी-20 विश्व कप

## इंग्लैंड बाहर, सेमीफाइनल में पहुंची वेस्टइंडीज टीम

**दुबई।** वेस्टइंडीज ने महिला टी-20 विश्व कप के ग्रुप बी के आखिरी मैच में मंगलवार को यहां इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर सेमीफाइनल का टिकट कटाया। इस हार के साथ ही इंग्लैड की टीम का सफर ग्रुप चरण में ही खत्म हो गया।

ग्रुप से दक्षिण अफ्रीका बेहतर नेट रन रेट से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बनीं। इंग्लैंड को छह विकेट पर 141 रन पर रोकने के बाद वेस्टइंडीज ने 18 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज के लिए किआना जोसेफ ने 38 गेंद में 52 और कप्तान हेली मैथ्यूज ने 38 गेंद में 50 रन का योगदान दिया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी।

# उदिता को मिली 32 लाख की बोली

नई दिल्ली, एजेंसी



- हॉकी इंडिया लीग नीलामी में शीर्ष पांच महिला खिलाड़ी भारतीय
- 41 भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए लगी बोली

हॉकी इंडिया लीग 2024-25 महिला नीलामी के पहले हाफ में मंगलवार को चारों फ्रैंचाइजी ने 41 भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए बोली लगाई। श्रीची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने उदिता दुहान के लिए सबसे बड़ी बोली लगाकर 32 लाख रूपये में खरीदा।

नीलाम में उदिता को श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने 32 लाख रूपये, उदिता हरियाणा से है और भारतीय टीम में डिफेंडर के तौर पर खेलती है। दूसरे नंबर पर नीदरलैंड की यिब्बी जेनसन को ओडिशा वारियर्स ने 29 लाख रूपये में खरीदा, लालरेमसियामी को श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने 25 लाख में, सुनीलिता टोप्पो को दिल्ली एसजी पाइपर्स ने 24 लाख में और संगीता कुमारी दिल्ली एसजी पाइपर्स को 22 लाख में खरीदा। ये पांच महिला खिलाड़ी बोली में शीर्ष पर रही। श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने आज यहां दिन के पहले हाफ में भारत की उदिता के लिए 32 लाख रुपये की सबसे महंगी बोली लगाते हुए उन्हें खरीदी लिया। इसके अलावा डच स्टार ड्रैग-फ्लिकर यिब्बी जानसेन को ओडिशा वॉरियर्स ने 29 लाख रुपये की बोली लगाकर खरीदा। युवा भारतीय खिलाड़ी लालरेमसियामी को श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने 25 लाख में खरीदा, सुनीता टोप्पो को दिल्ली एसजी पाइपर्स ने 24 लाख में और संगीता कुमारी को दिल्ली एसजी पाइपर्स ने 22 लाख में खरीदा। इस दौरान कई विदेशी खिलाड़ियों की बोली लगीं।

## बॉलीवुड हलचल

### परमसुंदरी में साथ दिखेगी सिद्धार्थ-जाह्नवी की जोड़ी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की जोड़ी रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म परमसुंदरी में नजर आ सकती है। बॉलीवुड में चर्चा है कि मैडॉक फिल्म्स के निर्माता दिनेश विजन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर को लेकर रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन तुषार जलोटा करेंगे। इस फिल्म का अस्थायी नाम परम सुंदरी रखा गया है। दिनेश विजान ने सिद्धार्थ-जाह्नवी के साथ एक एक्शन थ्रिलर प्लान की थी, जिसके लिए उन्होंने तुषार को साइन किया था। हालांकि वक्त के साथ दिनेश-सिद्धार्थ को लगा कि जिस स्क्रिप्ट पर वो काम कर रहे हैं, उसमें बॉक्स ऑफिस पर परफॉर्म करने का बहुत कम दम है। दर्शकों अलग तरह की फिल्में देखना पसंद कर रहे हैं, जिस कारण उन्होंने एक नई स्क्रिप्ट का चुनाव किया है।

### प्राइम वीडियो ने सिटाडेल: हनी बनी का ट्रेलर किया रिलीज



**मुंबई।** प्राइम वीडियो ने आज बहुप्रतीक्षित ओरिजिनल सीरीज, सिटाडेल : हनी बनी का एक्शन से भरपूर ट्रेलर रिलीज कर दिया है। सिटाडेल : हनी बनी का निर्देशन राज और डीके (राज निदिमोरू और कृष्णा डीके) ने किया है और इसे सीता आर. मेनन के साथ राज और डीके ने लिखा है। यह सीरीज डी2आर फिल्म्स, अमेज़ॅन एमजीएम स्टूडियोज और एजीबीओ के रुसो ब्रदर्स द्वारा निर्मित की गई है। इस सीरीज में वरुण धवन और समांथा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके साथ ही के.के. मेनन, सिमरन, साकिब सलीम, सिकंदर खेर, सोहम मजूमदार, शिवांकीत परिहार और कश्वी मजमूदार भी अहम भूमिका में नजर आयेंगे। सिटाडेल : हनी बनी का प्रीमियर 7 नवंबर को विशेष रूप से भारत में प्राइम वीडियो पर और 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में किया जाएगा। प्राइम वीडियो, इंडिया के ओरिजिनल्स के प्रमुख निखिल मधोक ने कहा, टीजर को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद, शो के प्रति उत्साह और प्रत्याशा हर दिन बढ़ रही है, और वरुण, समांथा और राज एंड डीके के प्रशंसक 07 नवंबर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हमें लगा कि यह सही समय है कि हम एक्शन से भरपूर ट्रेलर के जरिए दर्शकों को सिटाडेल : हनी बनी की अद्भुत दुनिया की एक झलक दिखाएं। राज और डीके ने इस हाई-ऑक्टेन स्पाई थ्रिलर में अपनी अनोखी शैली और आकर्षण को जोड़ा है, जो हमारे दर्शकों के लिए एक नए रोमांचकारी सफर का वादा करता है।

### 26 से शुरू होगा इंडियन आइडल का 15वां सीजन

**मुंबई।** सिंगिग रियालिटी शो इंडियन आइडल का 15वां सीजन 26 अक्टूबर से सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन पर शुरू होगा। इंडियन आइडल जल्द ही सोनी टीवी पर अपना 15वां सीजन शुरू करने के लिए तैयार है। इस सीजन को लोकप्रिय गायक-रैपर बादशाह, पार्श्वगायिका श्रेया घोषाल और पार्श्वगायक विशाल ददलानी जज करेंगे। सोनी चैनल ने इंडियन आइडल सीजन 15 का एक नया प्रोमो शेयर किया है। प्रोमो में सोनी चैनल ने बताया है कि इंडियन आइडल 26 अक्टूबर से शुरू होगा। यह शो शनिवार-रविवार रात 9 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन पर प्रसारित होगा।

## सैफ चैंपियनशिप के लिए भारत की 23 सदस्यीय महिला टीम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच संतोष कश्यप ने 17 से 30 अक्टूबर तक खेली जाने वाली सैफ महिला चैंपियनशिप 2024 के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी हैं। सैफ के सभी मुकाबले नेपाल के काठमांडू के दशरथ स्टेडियम में खेले जाएंगे।

इस चैंपियनशिप में भारत को ग्रुप ए में बंगलादेश और पाकिस्तान के साथ रखा गया है। मेजबान नेपाल ग्रुप बी में श्रीलंका, मालदीव और भूटान के साथ है। गोवा में तीन सप्ताह के गहन शिविर के बाद भारतीय टीम आज काठमांडू के लिए रवाना होगी। भारतीय टीम 17 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ मैच के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, उसके बाद गत चैंपियन बंगलादेश के साथ ग्रुप चरण का अंतिम मुकाबला होगा। दोनों सेमीफाइनल 27 अक्टूबर को हैं, वहीं फाइनल 30 अक्टूबर को खेला जाएगा।

### फ्रांस और जर्मनी ने नेशंस लीग में अपने अपने मुकाबले जीते

**ब्रसेल्स।** फ्रांस ने नेशंस लीग फुटबॉल में रेंडेल कोलो मुआनी के दो गोलों के दम पर बेल्जियम को 2-1 से हराया। काइलियान एमबाप्पे के बिना उतरी फ्रांसीसी टीम के लिए मुआनी ने दोनों हाफ में एक-एक गोल दागा। वहीं म्युनिख में खेले गए मैच में जर्मनी ने नीदरलैंड को 1-0 से मात दी। जर्मनी के जैमी ल्यूलिंग का दूसरे मिनट में किया गया गोल वीडियो रिव्यू के बाद खारिज हो गया लेकिन उन्होंने 64वें मिनट में गोल दागा। अन्य मैचों में इटली ने इस्राइल को 4-1 से हराया जबकि हंगरी ने बोस्निया को 2-0 से मात दी। दो ग्रुप मैच नवंबर में होंगे। फ्रांस, इटली और जर्मनी शीर्ष पर हैं और उनके क्वार्टर फाइनल में जाने की प्रबल संभावना है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# कई विपक्षी सांसदों ने वक्फ विधेयक समिति की बैठक से किया वाकआउट

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्ष के कई सांसदों ने मंगलवार को वक्फ विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक से बहिर्गमन किया और आरोप लगाया कि भाजपा के एक सदस्य ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है।

कल्याण बनर्जी, गौरव गोगोई, ए राजा, मोहम्मद अब्दुल्ला और अरविंद सावंत सहित विपक्षी सदस्य संसदीय समिति की बैठक से उठ कर बाहर चले गए। संसदीय समिति अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधियों के पक्ष सुन रही थी। एक घंटे तक बैठक से दूर रहने के बाद विपक्षी सदस्य फिर से इसमें शामिल हुए। भाजपा सदस्यों का दावा था कि विपक्षी सदस्य समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल को लेकर अशोभनीय टिप्पणी कर रहे थे।

### बैठक में नियमों के उल्लंघन का आरोप

विपक्ष के कई सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि बैठक में संसदीय आचार संहिता का घोर उल्लंघन हुआ है। यह पत्र कर्नाटक राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अनवर मणिप्पाडी के वक्तव्य पर कई विपक्षी सांसदों द्वारा समिति की बैठक का बहिष्कार करने के एक दिन बाद आया है। मणिप्पाडी ने वक्फ संपत्तियों के कथित गबन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और के रहमान खान सहित कई विपक्षी नेताओं का नाम लिया था।

# वेनेजुएला में तख्तापलट को मस्क ने किए खर्च एक अरब डॉलर : मादुरो

**कराकस।** राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने एक्स के मालिक एलन मस्क पर एक अरब डॉलर खर्च करके वेनेजुएला में तख्तापलट की कोशिश का आरोप लगाया है।

मादुरो ने टीवी शो विद मादुरोप्लस में कहा कि मस्क ने वेनेजुएला में तख्तापलट, फासीवादी विद्रोह और चुनावी प्रक्रिया के खिलाफ हिंसा के लिए एक अरब डॉलर खर्च किये हैं। उनका मानना है कि टेक मुगल वेनेजुएला में सत्ता हथियाने के विचार से ग्रस्त है और दक्षिण अमेरिकी देश में सार्वजनिक अशांति को वित्तपोषित करके इस लक्ष्य तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं मस्क अपने एक्स पर पलटवार किया है।

# भारतीय मूल की सिंगापुर की दो महिलाओं को हर वर्ल्ड का सम्मान

सिंगापुर, एजेंसी

अपने-अपने क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित करने वाली भारतीय मूल की दो महिलाओं को सिंगापुर में फैशन और स्टाइल पत्रिका हर वर्ल्ड की ओर से सम्मानित किया गया है। द स्ट्रेट्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, 72 वर्षीय न्यायमूर्ति जूडिथ प्रकाश को सोमवार को पत्रिका के वार्षिक पुरस्कार समारोह में कानूनी क्षेत्र में उनके अग्रणी कार्य के लिए हर वर्ल्ड वूमन ऑफ द ईयर 2024 घोषित किया गया।

राष्ट्रीय धावक शांति परेरा (28) को उनकी खेल उपलब्धियों के लिए वर्ल्ड यंग वूमन अचीवर 2024 पुरस्कार मिला। न्यायमूर्ति प्रकाश सिंगापुर की पहली महिला अपील न्यायाधीश हैं और उन्हें पहली बार 1992 में सर्वोच्च न्यायालय की पीठ में नियुक्त किया गया था।

न्यायाधीश के रूप में अपने 31 वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने 645 निर्णय लिखे और उनको मूल्यवान प्रस्तावों के कारण विधि रिपोर्टों में शामिल किया गया। 2018 से 2022 की शुरुआत के बीच परेरा को कई असफलताओं का सामना करना पड़ा। उन्हें पिंडली में चोट की पीड़ा झेलने के साथ ही दो छात्रवृत्तियों से हाथ धोना पड़ा, लेकिन परेरा ने हार नहीं मानी और 100मीटर तथा 200 मीटर में नये राष्ट्रीय रिकार्ड बनाए।

# 40 प्रतिशत दिव्यांगता एमबीबीएस में दाखिल से नहीं रोकती : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पीठ ने कहा- उम्मीदवार की क्षमता की जांच विकलांगता मूल्यांकन बोर्ड से होनी चाहिए
- केवल तय मानक के आधार पर अभ्यर्थी को अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि केवल 40 प्रतिशत दिव्यांगता का तय मानक किसी को मेडिकल शिक्षा प्राप्त करने से नहीं रोकता, जब तक कि विशेषज्ञ की रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख न हो कि अभ्यर्थी एमबीबीएस करने में असमर्थ है।

न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने अपने 18 सितंबर के आदेश के लिए विस्तृत कारण बताए। इस आदेश में न्यायालय ने एक उम्मीदवार को एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने की अनुमति दी थी क्योंकि मेडिकल बोर्ड ने कहा था कि वह बिना किसी बाधा के मेडिकल शिक्षा प्राप्त करने में समर्थ है। पीठ ने कहा कि दिव्यांग उम्मीदवार की एमबीबीएस पाठ्यक्रम में पढ़ाई करने की क्षमता की जांच विकलांगता मूल्यांकन बोर्ड की ओर से की जानी चाहिए। इसने कहा कि केवल निर्धारित मानक की दिव्यांगता होने के आधार पर अभ्यर्थी को एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए पात्रता के अयोग्य नहीं ठहराया जाएगा। अभ्यर्थी की दिव्यांगता का आकलन करने वाले विकलांगता बोर्ड को सकारात्मक रूप से यह दर्ज करना होगा कि अभ्यर्थी की दिव्यांगता पाठ्यक्रम की पढ़ाई में अभ्यर्थी के लिए बाधा बनेगी या नहीं। अगर ऐसा है तो उसे कारण बताना चाहिए। न्यायालय ने ओंकार नामक छात्र की याचिका पर यह फैसला सुनाया, जिसने 1997 के स्नातक चिकित्सा शिक्षा विनियमन को चुनौती दी है जो 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले अभ्यर्थी को एमबीबीएस करने से रोकता है।

## एक नजर

### ऑनलाइन पंजीकरण के बिना होंगे सबरीमला में दर्शन : विजयन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि वर्चुअल बुकिंग (ऑनलाइन पंजीकरण) कराए बिना सबरीमाला आने वाले तीर्थयात्रियों को भी भगवान अयप्पा मंदिर में सुचारू दर्शन की सुविधा प्रदान की जाएगी। व्यापक विरोध के बीच पिनराई विजयन सरकार ने आगामी तीर्थयात्रा के दौरान केवल 'वर्चुअल' कतार बुकिंग (ऑनलाइन) के माध्यम से दर्शन प्रदान करने के अपने पहले के फैसले को बदल दिया। उन्होंने कहा कि बिना वर्चुअल कतार बुकिंग के आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए भी सुचारू दर्शन की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी उन लोगों के लिए भी दर्शन सुनिश्चित किए जाएंगे जिन्होंने ऑनलाइन पंजीकरण नहीं कराया है और जो प्रणाली के बारे में जाने बिना आते हैं।

### रूसी वायु रक्षा ने तीन यूक्रेनी ड्रोन किए नष्ट

**मॉस्को।** रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने बेलगोरोड, कुर्स्क और तुला क्षेत्रों में सोमवार रात तीन यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार पिछली रात, कीव शासन द्वारा रूसी संघ के क्षेत्र पर मानव रहित हवाई वाहनों का उपयोग करके आतंकवादी हमले को अंजाम देने का प्रयास किया जा रहा था, जिस दौरान तीन यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग ड्रोनों को बेलगोरोड, कुर्स्क और तुला क्षेत्रों में वायु रक्षा द्वारा नष्ट कर दिया गया।

### मादक पदार्थ तस्करी में दो भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्तता के आरोप में दो भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बिहार के किशनगंज निवासी 38 वर्षीय जमकोद खान को उसके 18 वर्षीय बेटे किशोर के साथ झापा जिले के भद्रपुर नगरपालिका क्षेत्र के एक होटल से सोमवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पिता-पुत्र के पास से कथित तौर पर करीब 52 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की।

### भारती की याचिका पर उप्र सरकार को फिर नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को आप नेता सोमनाथ भारती की उस याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार को नया नोटिस जारी किया, जिसमें राज्य में अस्पतालों और स्कूलों की स्थिति पर कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए उनके खिलाफ दर्ज मामले को स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया है। भारती के खिलाफ मामला सुल्तानपुर के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में लंबित है। उन्होंने मामले को राउज एवेन्यू कोर्ट में स्थानांतरित करने का अनुरोध करते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और अरविंद कुमार की पीठ ने इस मामले में शिकायतकर्ता को भी नोटिस जारी किया और मामले की सुनवाई के लिए तीन सप्ताह बाद की तारीख तय की।

### एशत भारत में मालदीव की नई उच्चायुक्त होंगी

**माले।** वरिष्ठ राजनयिक एशत अज़ीमा भारत में मालदीव के उच्चायुक्त इब्राहिम शाहीब की जगह लेंगी। समाचार पोर्टल सन.एमवी ने कहा कि भारत में नए राजदूत की नियुक्ति का कदम ऐसे समय उठाया गया है जब यह द्वीपीय देश भारत के साथ अपने संबंधों को सुधारना और मजबूत करना चाहता है। इस खबर में भारत को मालदीव के सबसे करीबी द्विपक्षीय साझेदारों में से एक बताया। यह घटनाक्रम राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की इस महीने की शुरुआत में भारत की पहली राजकीय यात्रा के कुछ दिनों बाद हुआ है। मुइज्जू ने सोमवार को संसद की विदेश संबंध समिति को एक पत्र भेजकर अज़ीमा की नियुक्ति के लिए संसदीय मंज़ूरी मांगी।

# इजराइल का आश्वासन, ईरानी परमाणु या तेल संयंत्रों पर नहीं करेगा हमला : अमेरिकी

## अमेरिकी राष्ट्रपति के निर्देश पर लिया गया फैसला, टीएचएएडी के बाद चिंताएं कम

वाशिंगटन, एजेंसी

इजरायल ने बाइडन प्रशासन को आश्वासन दिया है कि वह ईरान के परमाणु या तेल संयंत्रों पर हमला नहीं करेगा। अमेरिका के दो अधिकारियों ने मंगलवार को यह दावा किया। इस महीने की शुरुआत में ईरान द्वारा किये गए मिसाइल हमले के बाद आशंका है कि इजराइल जवाबी कार्रवाई कर सकता है।

बाइडन प्रशासन का मानना है कि रक्षा प्रणाली अमेरिकी टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस बैटरी (टीएचएएडी) तथा उसे संचालित करने के लिए लगभग 100 सैनिक भेजने से इजराइल की कुछ चिंताएं कम हो गई हैं। पेंटागन ने अप्रैल और अक्टूबर में ईरान द्वारा इजराइल पर किए गए बैलेस्टिक मिसाइल हमलों के बाद इजराइल की वायु रक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए टीएचएएडी की तैनाती की रविवार को घोषणा की थी।

उसने कहा था कि राष्ट्रपति जो बाइडन के निर्देश पर यह फैसला किया गया। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों ने आगाह किया कि इजराइल का आश्वासन पक्का नहीं है और परिस्थितियां बदल सकती हैं। अधिकारियों ने यह भी कहा कि अतीत में आश्वासनों को पूरा करने में इजरायल का ट्रैक रिकॉर्ड मिला-जुला रहा है और इस संबंध में अक्सर घरेलू इजराइली राजनीति प्रभावी नजर आयी है जिसने अमेरिका की उम्मीदों पर पानी फेरा है। इन अधिकारियों ने अपनी पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर निजी कूटनीतिक चर्चाओं का जिक्र करते हुए यह जानकारी दी।



### रेवॉल्यूशनरी जनरल के जनाजे में पहुंचे शीर्ष नेता

**यरूशलम।** ईरान के शीर्ष नेता मंगलवार को देश के रेवॉल्यूशनरी गार्ड के जनरल के जनाजे में शामिल हुए, जो बेरूत में हिजबुल्ला के नेता हसन नसरल्ला के साथ मारे गए थे। रेवॉल्यूशनरी गार्ड की अभियान शाखा के प्रमुख जनरल इस्माइल कानी की स्थिति के बारे में कई सप्ताह तक अफवाहें फैली रहीं, लेकिन मंगलवार की सुबह इन पर उस समय विराम लग गया, जब तेहरान के मेहराबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जनरल अब्बास निलफोरशान का शव लाये जाने पर उन्हें आंसू पोंछते हुए देखा गया।

### संरा सुरक्षा परिषद ने शांति सैनिकों के लिए गंभीर चिंता जताई

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इजराइल द्वारा दक्षिणी लेबनान में युद्ध के दौरान संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर गोलीबारी कर उन्हें घायल करने पर गंभीर चिंता व्यक्त की और क्षेत्र में सुरक्षा बनाए रखने में उनकी भूमिका के लिए अपना समर्थन दोहराया। पिछले सप्ताह शांति सेना यूनिफिल के ठिकानों पर इजराइल द्वारा किए हमलों की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निंदा हुई थी और संयुक्त राष्ट्र के सबसे शक्तिशाली निकाय द्वारा इस हमले के बाद दिया यह पहला बयान है। संयुक्त राष्ट्र शांति सेना प्रमुख ज्यां-मैरी लैक्रोइक्स ने बताया कि महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने पुष्टि की है कि शांति सैनिक अपने सभी तैनाती स्थलों पर बने रहेंगे। इजराइल ने लेबनान में जमीनी हमलों के दौरान शांति सैनिकों से उत्तर की ओर जाने का आग्रह किया है। इजराइल, लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ अपने युद्ध को दोनों देशों के बीच संरा द्वारा तय की गई सीमा के उस पार बढ़ा रहा है।

### हिजबुल्लाह ने इजरायली रक्षा बल पर दागे 115 गोले

**बेरूत।** लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्लाह ने इजरायल पर 115 गोले दागे हैं। इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने यह जानकारी दी। सेना ने टेलीग्राम पर कहा कि हिजबुल्लाह आतंकवादी संगठन द्वारा दागे गए 115 गोले सोमवार को लेबनान से इज़राइल में प्रवेश कर गए हैं। गौरतलब है कि एक अक्टूबर से इजरायल दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह बलों के खिलाफ जमीनी अभियान चला रहा है। शिया आंदोलन के नेताओं सहित दो हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इजरायल के सैन्य अभियान का मुख्य लक्ष्य देश के उत्तर से 60 हजार निवासियों की वापसी के लिए स्थितियां बनाना है, जिन्हें एक साल पहले फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के समर्थन में हिजबुल्लाह द्वारा शुरू की गई गोलाबारी के कारण निकाला देश से छोड़ना पड़ा था।

# उ. कोरिया ने अंतर-कोरियाई सड़कों के कुछ हिस्सों को किया नष्ट

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने मंगलवार को सड़कों के उस उत्तरी हिस्से को नष्ट कर दिया है जो अब उपयोग में नहीं है और कभी उसे दक्षिण कोरिया से जोड़ता था। उसने यह कदम उस दावे के बाद उठाया है कि दक्षिण कोरिया ने उसकी राजधानी प्योंगयांग पर ड्रोन उड़ाए थे जिसके बाद दोनों प्रतिद्वंद्वी देशों के बीच तनाव और बढ़ गया है।

सड़कों को ध्वस्त करना दक्षिण कोरिया की रूढ़िवादी सरकार के खिलाफ उत्तर कोरिया के बढ़ते गुस्से को दिखाता है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया के साथ संबंध खत्म करने का आह्वान किया है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि सड़कों को विस्फोट के जरिये नष्ट करने के जवाब में दक्षिण कोरियाई सेना ने भी दक्षिणी सीमा पर गोलीबारी की है।

### किम ने की रक्षा और सुरक्षा मामलों पर बैठक

**सोल।** उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन ने रक्षा और सुरक्षा मामलों को लेकर बैठक की है, जिसमें अन्य मुद्दों के अलावा दक्षिण कोरिया द्वारा उ. कोरिया की संप्रभुता के उल्लंघन पर ध्यान केंद्रित किया गया। उत्तर कोरिया की समाचार एजेंसी केसीएनए ने मंगलवार को रिपोर्ट में बताया कि बैठक में मुख्य खुफिया निदेशालय के प्रमुख की रिपोर्ट सुनी गई, उ. कोरिया की संप्रभुता के खिलाफ गंभीर उकसावे के व्यापक विश्लेषण पर चर्चा की गई।

# अस्पतालों में सुरक्षा संबंधी चिंताओं के आकलन में तेजी लानी चाहिए : न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



- राष्ट्रीय कार्यबल की धीमी प्रगति पर सुप्रीम कोर्ट ने जताया असंतोष
- 27 अगस्त की बैठक में सिफारिशें तैयार करने को चार उप-समूहों का हुआ था गठन

उच्चतम न्यायालय ने चिकित्सकों और स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े अन्य पेशेवरों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के वास्ते प्रोटोकॉल तैयार करने के लिए गठित राष्ट्रीय कार्यबल (एनटीएफ) की धीमी प्रगति पर मंगलवर को असंतोष जताया। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि 27 अगस्त को हुई पहली बैठक में एनटीएफ ने हितधारकों के साथ जुड़ने और चिकित्सा संस्थानों के बुनियादी ढांचे, सुरक्षा प्रणालियों, सभी राज्यों में चिकित्सा पेशेवरों की कामकाज की स्थिति में सुधार और कानूनी ढांचे को मजबूत करने के लिए सिफारिशें तैयार करने के लिए चार उप-समूहों का गठन किया था।

शीर्ष अदालत ने एनटीएफ की ओर से नौ सितंबर के बाद कोई और बैठक नहीं करने पर आश्चर्य व्यक्त किया। पीठ ने कहा कि नौ सितंबर के बाद कार्यबल ने क्या किया? नौ सितंबर के बाद कोई बैठक क्यों नहीं हुई? कोई प्रगति क्यों नहीं हुई? इसे काम में तेजी लानी चाहिए। केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि एनटीएफ द्वारा अब तक उठाए गए कदमों का विवरण देते हुए एक हलफनामा दायर किया गया था। मेहता ने कहा कि एनटीएफ के कार्य व्यापक प्रतीत होते हैं और उन्होंने बल द्वारा स्वास्थ्य पेशेवरों की समस्याओं के दीर्घकालिक समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि एनटीएफ अपने काम में तेजी लाएगा। कार्यबल के सदस्यों में चिकित्सा सेवा (नौसेना) की महानिदेशक और वाइस एडमिरल आरती सरीन, हैदराबाद स्थित एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और एआईजी अस्पताल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. डी नागेश्वर रेड्डी, दिल्ली एम्स के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास, भी शामिल हैं। अन्य सदस्यों में रोहतक स्थित पंडित बी डी शर्मा चिकित्सा विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर अनीता सक्सेना हैं जो पूर्व में दिल्ली स्थित एम्स के कार्डियोलॉली विभाग की अध्यक्ष रह चुकी हैं।

# पूर्व भारतीय राजनयिकों बोले- भारत ने कनाडा के खिलाफ सही कदम उठाया

**नई दिल्ली।** कई पूर्व राजनयिकों ने मंगलवार को ओटावा में भारतीय राजनयिकों को सिख चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर के मारे जाने की घटना की जांच से जोड़ने के कनाडा के आरोप की आलोचना की और कहा दिल्ली ने जवाब में सही कदम उठाया है।

पूर्व राजदूतों ने कहा कि कनाडा का मिथ्या प्रचार प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की अगले चुनाव में अपनी संभावनाएं बढ़ाने के लिए अपने देश के भीतर कट्टरपंथी तत्वों से समर्थन हासिल करने की दुःसाहस से उपजा है। ओटावा द्वारा निज्जर के मारे जाने की घटना की जांच से भारतीय उच्चायुक्त को जोड़े जाने के बाद पहले से ही खराब भारत-कनाडा संबंधों में भारी गिरावट देखी गई। भारत ने कनाडा के आरोपों को खारिज करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी और छह कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित कर दिया तथा कनाडा से अपने उच्चायुक्त को वापस बुला लिया।

### स्टार्मर ने कानून व्यवस्था के महत्व के मुद्दे को उठाया

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के साथ फोन पर बातचीत के दौरान कानून व्यवस्था के महत्व पर जोर दिया। भारत के साथ कनाडा के राजनयिक विवाद के बीच यह बातचीत हुई। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के कार्यालय-सह-आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट ने यह जानकारी दी। इससे पहले भारत ने छह कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था और सिख चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच से अपने राजनयिक को जोड़ने के कनाडा के आरोपों को खारिज करने के बाद वहां से अपने उच्चायुक्त संजय वर्मा को वापस बुलाने की घोषणा की थी।

# बाहरी ताकतों को बुलाने से एकता के प्रयासों को लगेगा झटका : राजनाथ

**विकाराबाद (तेलंगाना)।** भारत के साथ समुद्री सीमा साझा करने वाले देशों को संदेश देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि समुद्री सुरक्षा एक सामूहिक प्रयास है और बाहरी ताकतों को दहलीज तक आमंत्रित करने से एकता के प्रयासों को झटका लगेगा।

विकाराबाद जिले के दामागुंडम वन क्षेत्र में भारतीय नौसेना के बेहद कम आवृत्ति (वीएलएफ) वाले रडार स्टेशन की आधारशिला रखने के बाद सिंह ने कहा कि बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर क्षेत्र में शांति बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रयास में भारत के मित्र देशों का सहयोग आवश्यक है, क्योंकि यदि एक भी देश छूट गया तो सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत सबको साथ लाने में विश्वास करता है, तोड़ने में नहीं। इसलिए हम मित्र पड़ोसी देशों को साथ लेने के लिए हर संभव कदम उठा रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि वीएलएफ नौसैनिक स्टेशन से जब संचालन हो जाएगा तो यह समुद्री बलों के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा।

# एससीओ नेताओं के साथ शरीफ ने की द्विपक्षीय बैठकें

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन से इतर विभिन्न एससीओ सदस्य देशों के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कीं और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने तथा अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन को मजबूत करने के लिए विचारों का आदान-प्रदान किया।

पाकिस्तान 15 और 16 अक्टूबर को एससीओ के शासन प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) के दो दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। शरीफ ने बेलारूस के प्रधानमंत्री रोमन गोलोवचेंको, तजाकिस्तान के प्रधानमंत्री कोहिर रसूलजोदा और किर्गिस्तान के प्रधानमंत्री अकिलबेक जापारोव के साथ अलग-अलग बैठकें कीं तथा द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की।



### हम एससीओ प्रारूप में जुड़े हुए हैं : जयशंकर

**इस्लामाबाद।** भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में भाग लेने के लिए विदेश मंत्री एस. जयशंकर के पाकिस्तान पहुंचने से कुछ घंटे पहले मंगलवार को कहा कि वह इस प्रभावशाली क्षेत्रीय समूह के विभिन्न तंत्रों से सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। भारत और पाकिस्तान के संबंधों में तनाव के बीच करीब एक दशक में किसी भारतीय विदेश मंत्री की पड़ोसी देश की यह पहली यात्रा है। पाकिस्तान 15 और 16 अक्टूबर को एससीओ शासनाध्यक्षों की परिषद (सीएचजी) की दो दिवसीय बैठक की मेजबानी कर रहा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारत एससीओ रूपरेखा के भीतर विभिन्न तंत्रों और पहल समेत एससीओ प्रारूप में सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है।

# छात्रा से दुष्कर्म के खिलाफ आंदोलन पूरे पंजाब प्रांत में फैला

लाहौर, एजेंसी

- लाहौर के कॉलेज में छात्रा से गार्ड ने किया था दुष्कर्म, पंजाब ग्रुप ऑफ कॉलेज में विरोध प्रदर्शन

पाकिस्तान में लाहौर के एक कॉलेज में एक छात्रा से कथित दुष्कर्म की घटना को लेकर बड़ी संख्या में छात्रों ने पंजाब प्रांत की नेशनल असेंबली के बाहर मंगलवार को विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने लाहौर के एक कॉलेज में छात्रा से बलात्कार मामले, पंजाब महिला कॉलेज में उत्पीड़न की घटना और हाल ही में छात्राओं के खिलाफ हुई हिंसा की जांच के लिए एक समिति के गठन की मांग की, जिसमें स्वतंत्र मानवाधिकार निकायों के सदस्य, छात्र प्रतिनिधि और न्यायाधीश शामिल हों।

इस बीच, लाहौर के कॉलेज में छात्रा से कथित दुष्कर्म की घटना के खिलाफ छात्रों का आंदोलन पंजाब प्रांत के अन्य शहरों में भी फैल गया। पंजाब ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के कम से कम चार परिसरों में सोमवार सुबह उस समय विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गए, जब सोशल मीडिया पर खबरें आईं कि लाहौर के गुलबर्ग गर्ल्स कॉलेज की एक छात्रा के साथ संस्थान के बेसमेंट में एक सुरक्षा गार्ड ने कथित तौर पर बलात्कार किया। पुलिस ने दावा किया कि संदिग्ध उसकी हिरासत में है, लेकिन उसने पूछताछ के दौरान सभी आरोपों से इनकार किया है। पंजाब प्रांत की सूचना मंत्री उज्मा बुखारी ने दावा किया कि किसी भी कॉलेज के परिसर में बलात्कार की कोई घटना नहीं हुआ है। बुखारी ने कहा, लाहौर और पंजाब को कॉलेज परिसर में बलात्कार की घटना की झूठी खबर फैलाकर निशाना बनाया जा रहा है।

# चंद्र अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण करेगा चीन

**बीजिंग।** चीन ने मंगलवार को कुछ दशकों में अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम का विस्तार करने के लिए मानवयुक्त चंद्र मिशन शुरू करने, चंद्र अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण करने और रहने योग्य ग्रहों तथा पृथ्वी के अतिरिक्त अन्य जगहों पर जीवन का पता लगाने की योजना की घोषणा की। देश के शीर्ष अंतरिक्ष निकायों ने अंतरिक्ष विज्ञान के लिए दीर्घकालिक विकास कार्यक्रम का अनावरण किया, जो 2024 से 2050 तक देश के अंतरिक्ष विज्ञान मिशन और अंतरिक्ष अनुसंधान की योजना का मार्गदर्शन करेगा।

चाइना एकेडमी ऑफ साइंसेज (सीएएस), चाइना नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन और चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी द्वारा यहां मीडिया को जारी कार्यक्रम में चीन के अंतरिक्ष विज्ञान लक्ष्यों को रेखांकित किया गया। इसमें पांच प्रमुख वैज्ञानिक विषयों के तहत 17 प्राथमिकता वाले क्षेत्र और तीन चरण वाला प्रारूप शामिल हैं।

**अद्भुत दृश्य** — इस वर्ष दूसरी बार हुई यह अद्भुत खगोलीय घटना

# दुर्लभ ऑरोरा की रोशनी में जगमगाया मैक्सिको

नैनीताल, अमृत विचार

भूचुम्बकीय सौरतूफ़ानों का असर पृथ्वी के कम अक्षांश वाले क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है। हाल ही में निम्न अक्षांश में मैक्सिको में ऑरोरा का आसमान रंग बिरंगी रोशनी में नहाया नजारा आया। यह दुर्लभ खगोलीय घटना इस वर्ष दूसरी बार देखने को मिली हैं।

दरअसल ऑरोरा की रोशनी ध्रुवीय क्षेत्रों में ही नजर आती है। इसकी वजह सूर्य से उठने वाले भूचुम्बकीय सौरतूफ़ान हैं, जो सूर्य की सतह पर होने वाले विस्फोट के साथ उत्पन्न होते हैं। ये तूफान उच्च ऊर्जावान कण साथ लेकर आते हैं और पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों के चुम्बकीय क्षेत्रों से टकराते हैं। तब ऑरोरा की रोशनी रंग बिरंगे बादल समान तैरते नजर आते हैं।



मैक्सिको से इस तरस नजर आई ऑरोरा के रंगबिरंगी रोशनी।

मगर इस बार यह 23 डिग्री अक्षांश में भी प्रभाव छोड़ने में कामयाब रहे। इसकी वजह भीषण सौरतूफ़ान हैं, जो पिछले दिनों मैक्सिको तक पहुच गए, जबकि इससे पहले 10 मई को भारत के लदाख क्षेत्र तक आ पहुचे थे। जिसे वैज्ञानियों ने देखा और तस्वीरें भी बनाई। मैक्सिको में ऑरोरा के दृश्य बेहद मनमोहक थे। लाल रंग में समूचा आसमान जगमगा उठा। जिसका वहां स्थानीय लोगों ने भरपुर आनंद उठाया। रेने साडे नामक एस्ट्रोफाटोग्राफर ने माज़ातलान, सिनालोआ के समुद्र तट से ऑरोरा की मनमोहक तस्वीरों को कैमरे में कैद किया। यह स्थान 23 डिग्री उत्तरी अक्षांश पर हैं। इससे पहले 10 मई के महा सौरतूफान के दौरान भी औरोरा देखे गए थे। वैज्ञानिक कहते हैं कि इतने दूर एक साल में दो बार औरोरा देखना अद्भुत है।

### लगातार जारी है सौरतूफानों का उठना

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौरवैज्ञानिक डा वहाबउद्दीन के अनुसार यह सौरचक्र बेहद सक्रिय हो चला है, जो पिछले कई रिकार्ड तोड़ने में तुला हुआ है। 11 अक्टूबर का सौर तूफान एक्स1.8 का था। जिसने दुर्लभ व बहुत कम अक्षांश वाले अरोरा उत्पन्न किए। अभी सौर सक्रियता का चरम आना शेष है, जो अगले वर्ष देखने को मिलेगा।